संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज | समूह संपादक : रवि भारद्वाज | देहरादून, गुरूवार 14 मई 2025 | ₹ 1 | www.actionindialive.com | Facebook.com/actionindialivee



दिल्ली की मुख्यमंत्री कार्यालय के अनुसार दिल्ली में शहर के बाहरी क्षेत्रों में विकसित होंगे लॉजिस्टिक्स केंद्र, शहर की भीड़भाड़, प्रदूषण में आएगी कमी।

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# एक्शन इंडिया

वर्ष: 17 अंक: 134 पृष्ठ: 08 RNI : HPHIN/2012/48072

actionindiaddn@gmail.com **उत्तराखण्ड संस्करण** दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड - चंडीगढ़



RKB GROUP
Rakesh Bhardwaj Group

# कैबिनेटः सेमी हाई-स्पीड रेल परियोजना को मंजूरी

## गुजरात के अहमदाबाद (सरखेज) से धोलेरा के बीच देश की पहली सेमी हाई-स्पीड डबल रेल लाइन परियोजना को मंजूरी

**कैबिनेट फैसले**

**धोलेरा को एविएशन कंपोनेंट और सोलर सेल निर्माण के बड़े हाईटेक हब के रूप में विकसित किया जा रहा**

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** केंद्रीय कैबिनेट ने गुजरात के अहमदाबाद (सरखेज) से धोलेरा के बीच देश की पहली सेमी हाई-स्पीड डबल रेल लाइन परियोजना को मंजूरी दी। इस परियोजना की अनुमानित लागत करीब 20,667 करोड़ रुपये है और इसे वर्ष 2030-31 तक पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है। केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बुधवार को संवाददाता सम्मेलन में कैबिनेट के फैसलों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में हुई आर्थिक मामलों की मंत्रिमंडलीय समिति (सीसीईए) ने बुधवार को गुजरात में अहमदाबाद (सरखेज) से धोलेरा तक सेमी हाईस्पीड डबल रेल लाइन परियोजना को मंजूरी दे दी। इसकी अनुमानित लागत करीब 20,667 करोड़ रुपये है। इसे वर्ष 2030-31 तक पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है। रेल मंत्रालय की यह परियोजना भारतीय रेल की पहली सेमी हाईस्पीड रेल परियोजना होगी, जिसे स्वदेशी तकनीक के आधार पर विकसित किया जाएगा। परियोजना के तहत करीब 134 किलोमीटर नई रेल लाइन बिछाई जाएगी। वैष्णव ने कहा कि यह परियोजना दिल्ली-मुंबई इंडस्ट्रियल कॉरिडोर के तहत बेहद महत्वपूर्ण है। धोलेरा को सेमीकंडक्टर, इलेक्ट्रॉनिक्स, एविएशन कंपोनेंट और सोलर सेल निर्माण के बड़े हाईटेक हब के रूप में विकसित किया जा रहा है। धोलेरा में अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा भी बनाया जा रहा है, जहां से यूरोप के लिए उड़ानें अरब सागर और मध्य-पूर्व के रास्ते संचालित की जा सकेंगी। वैष्णव ने कहा कि परियोजना से अहमदाबाद, धोलेरा विशेष निवेश क्षेत्र (एसआईआर), आगामी धोलेरा एयरपोर्ट और लोथल राष्ट्रीय समुद्री विरासत परिसर (एनएचएमसी) के बीच तेज और बेहतर कनेक्टिविटी मिलेगी।
इससे यात्रियों के यात्रा समय में कमी आएगी। अहमदाबाद को धोलेरा से जोड़ने से यात्रियों का यात्रा समय कम हो जाएगा, जिससे रोजाना आना-जाना आरामदायक हो जाएगा और उसी दिन वापस लौटना भी मुमकिन हो पाएगा। यह सेमी-हाई स्पीड रेलवे न सिर्फ.इन दो शहरों को एक-दूसरे के करीब लाएगा, बल्कि सैकड़ों किलोमीटर दूर रहने वाले लोगों को भी एक-दूसरे के करीब लाएगा।



### देश के लॉजिस्टिक खर्च में कमी आएगीः अश्विनी वैष्णव

वैष्णव ने कहा कि परियोजना से सौराष्ट्र क्षेत्र को मुंबई और दक्षिण भारत की मुख्य रेल लाइन से बेहतर संपर्क मिलेगा। परियोजना में मेट्रो नेटवर्क के साथ एकीकरण की भी योजना है। गुजरात के अहमदाबाद ज़िले को कवर करने वाला यह प्रोजेक्ट, भारतीय रेलवे के मौजूदा नेटवर्क को लगभग 134 किलोमीटर तक बढ़ा देगा। यह परियोजना लगभग 284 गांवों और करीब पांच लाख आबादी को बेहतर रेल संपर्क उपलब्ध कराएगी। रेल मंत्रालय ने कहा कि पर्यावरण अनुकूल परिवहन प्रणाली होने के कारण इस परियोजना से देश के लॉजिस्टिक खर्च में कमी आएगी।



### केंद्र सरकार ने 37,500 करोड़ की सतही कोयला गैसीकरण योजना को दी मंजूरी

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय कैबिनेट ने सतही कोयला (लिग्नाइट) गैसीकरण परियोजनाओं को बढ़ावा देने के लिए 37 हजार 500 करोड़ रुपये की लागत वाली योजना को मंजूरी दी है। इस योजना के तहत देश में सतही कोयला (लिग्नाइट) को गैस में बदलने की प्रक्रिया को तेजी से आगे बढ़ाया जाएगा। सरकार का लक्ष्य है कि वर्ष 2030 तक 100 मिलियन टन सतही कोयले का गैसीकरण करके ऊर्जा उत्पन्न करने का है।

### किसानों की आय, इंफ्रास्ट्रक्चर और ऊर्जा सुरक्षा को मिलेगी मजबूतीः पीएम मोदी

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को कहा कि केंद्र सरकार किसानों की आय बढ़ाने, देश के बुनियादी ढांचे को मजबूत करने और ऊर्जा सुरक्षा को नई ताकत देने के लिए लगातार बड़े फैसले ले रही है। प्रधानमंत्री ने कैबिनेट द्वारा लिए गए चार प्रमुख निर्णयों पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि ये फैसले देश में विकास, निवेश और रोजगार के नए अवसर पैदा करेंगे। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में हुई केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक में बुधवार को कुल 3,18,165 करोड़ रुपये के चार बड़े फैसलों को मंजूरी दी गई। इनमें खरीफ फसलों के न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) में वृद्धि, नागपुर अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के उन्नयन, कोल गैसीफिकेशन परियोजनाओं को बढ़ावा और अहमदाबाद (सरखेज)-धोलेरा सेमी हाईस्पीड डबल रेल लाइन परियोजना शामिल हैं। मोदी ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर कहा कि देशभर के किसान भाई-बहनों के हितों की रक्षा और उनकी आय में वृद्धि के लिए हम निरंतर महत्वपूर्ण निर्णय ले रहे हैं। इसी दिशा में हमारी सरकार ने वर्ष 2026-27 के मार्केटिंग सीजन के लिए खरीफ फसलों के न्यूनतम समर्थन मूल्य यानि एमएसपी में बढ़ोतरी को मंजूरी दी है। उन्होंने कहा कि इस फैसले से देश के करोड़ों अन्नदाताओं को उनकी उपज का उचित और लाभकारी मूल्य मिलेगा तथा उनके जीवन में खुशहाली आएगी। प्रधानमंत्री ने एयरपोर्ट से जुड़े फैसले को शहर के बुनियादी ढांचे के लिए बड़ा प्रोत्साहन बताते हुए कहा कि इससे नागपुर एक प्रमुख एविएशन और कार्गो हब के रूप में तेजी से उभरेगा।

## स्थिति न सुधरी तो पेट्रोल-डीजल की कीमतों में बढ़ोतरी तयः आरबीआई





**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्लीः** वैश्विक स्तर पर चल रहे भू-राजनीतिक तनावों का असर अब भारतीय अर्थव्यवस्था पर स्पष्ट रूप से दिखने लगा है। ज्यूरिख में अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) और स्विस नेशनल बैंक की ओर से आयोजित 12वें उच्च-स्तरीय सम्मेलन में भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के गवर्नर संजय मल्होत्रा ने एक अहम बयान दिया है। उन्होंने स्पष्ट किया है कि पश्चिम एशिया में जारी संकट के कारण अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में जो भारी उछाल आया है, उसका बोझ अब तक सरकार उठा रही है। लेकिन, अगर यह वैश्विक व्यवधान लंबे समय तक खिंचता है, तो आम उपभोक्ताओं को ईंधन की बढ़ी हुई कीमतों का सामना करना पड़ सकता है।

**सरकार पर बढ़ता दबाव और कीमतों में संभावित उछाल**

अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतों में भारी वृद्धि के बावजूद, भारत सरकार ने अब तक पेट्रोल और डीजल की खुदरा कीमतों को स्थिर रखा है। इसके लिए सरकार ने अपनी तरफ से ड्यूटी कम करने और गैस जैसी कुछ नियंत्रित कीमतों में मामूली वृद्धि करने जैसे कदम उठाए हैं। आरबीआई गवर्नर के अनुसार, पिछले 75 दिनों से अधिक समय से जारी इस संकट के कारण मौजूदा स्थिति को अनिश्चित काल तक बनाए रखना संभव नहीं होगा। उन्होंने स्पष्ट किया कि अगर यह स्थिति लंबे समय तक बनी रहती है, तो यह केवल समय की बात है कि सरकार इन बढ़ी हुई कीमतों का कुछ हिस्सा उपभोक्ताओं पर डाल देगी।

**संकेत दिए**

**पश्चिम एशिया में जारी संकट के कारण अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में जो भारी उछाल आया**





पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने कृषि भवन में बुधवार को केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण तथा ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान से मुलाकात की। मान ने चौहान के साथ पंजाब के किसानों, जल संरक्षण, फसल विविधीकरण और कृषि के स्थायी भविष्य को लेकर कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा की।

## दिल्ली में वकील आज न्यायिक कार्यों का करेंगे बहिष्कार

**नई दिल्ली।** दिल्ली की सभी जिला अदालतों के वकील कल यानि 14 मई को न्यायिक कार्यों का बहिष्कार करेंगे। न्यायिक कार्यों के बहिष्कार का आह्वान ऑल डिस्ट्रिक्ट कोर्ट्स बार एसोसिएशंस ऑफ दिल्ली की को-आर्डिनेशन कमेटी ने किया है। को-आर्डिनेशन कमेटी ने सभी जिला अदालतों में आधारभूत संरचना को अपग्रेड करने, जिला अदालतों का वित्तीय क्षेत्राधिकार बढ़ाने इत्यादि की मांगों के समर्थन में न्यायिक कार्यों के बहिष्कार का आह्वान किया है।

# हिंदू धर्म जीवन जीने का तरीकाः सुप्रीम कोर्ट

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** सबरीमाला मंदिर मामले पर सुनवाई के 15वें दिन बुधवार को उच्चतम न्यायालय ने कहा कि हिन्दू धर्म जीवन जीने का एक तरीका है और इसमें आस्था रखने वालों के लिए मंदिर जाना अनिवार्य नहीं है। मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत की अध्यक्षता वाली नौ सदस्यीय संविधान बेंच ने कहा कि अगर कोई अपने घर या झोपड़ी में दीपक जलाता है तो वही उसकी आस्था और धर्म को साबित करने के लिए पर्याप्त है। बुधवार को सुनवाई के दौरान याचिकाकर्ता की ओर से पेश वकील डॉ जी मोहन गोपाल ने कहा कि धार्मिक समुदायों के भीतर से ही सामाजिक न्याय की मांग उठ रही है। उन्होंने कहा कि हिन्दू धर्म को एक धार्मिक श्रेणी के रूप में परिभाषित किया गया था। उसके बाद 1966 में कहा गया कि हिन्दू वह है जो सभी धार्मिक और दार्शनिक मामलों में वेदों की सर्वोच्चता स्वीकार करता है। गोपाल ने सवाल पूछा कि अब मेरे मन में वेदों के प्रति सर्वोच्च सम्मान और आस्था है लेकिन क्या यह सच है कि आज हर व्यक्ति जिसे हिन्दू माना गया है वो वेदों की सर्वोच्च सत्ता को सभी आध्यात्मिक और दार्शनिक मामलों में स्वीकार करता है। इस पर जस्टिस बीवी नागरत्ना ने कहा कि इसी वजह से हिन्दू धर्म को जीवन जीने का एक तरीका कहा जाता है। एक हिन्दू के लिए यह जरुरी नहीं है कि वो मंदिर जाए या हिन्दू बने रहने के लिए कोई अनुष्ठान करे। उन्होंने कहा कि किसी को भी कर्मकांडी होने की जरुरत नहीं है और न ही कोई किसी की आस्था के बीच में आ सकता है। 12 मई को उच्चतम न्यायालय ने कहा था कि समाज सुधार के नाम पर संविधान के अनुच्छेद 25(1) के तहत धर्म की स्वतंत्रता का हनन नहीं होना चाहिए।



**टिप्पणी**

**सबरीमाला मामले में सुप्रीम कोर्ट की टिप्पणीः हिंदू धर्म जीवन जीने का तरीका, आस्था के लिए मंदिर जाना अनिवार्य नहीं**

## निकाय चुनाव में जनता ने सरकार की नीतियों पर लगाई मुहरः सैनी





**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़।** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने निकाय चुनाव में जीत दर्ज करने पर सभी विजयी उम्मीदवारों को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि आम जनता ने निकाय चुनाव में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भारतीय जनता पार्टी की नीतियों पर जीत की मुहर लगाई है। मुख्यमंत्री बुधवार को नई दिल्ली स्थित हरियाणा भवन में मीडिया से बातचीत कर रहे थे। इस मौके पर विकास एवं पंचायत मंत्री कृष्ण लाल पंवार भी मौजूद रहे। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का धन्यवाद है, उनके नेतृत्व में नॉन स्टॉप भारतीय जनता पार्टी की सरकारें बन रही हैं। प्रधानमंत्री की नीतियों पर लगातार आम जनता का विश्वास बढ़ता जा रहा है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस लगातार झूठ का सहारा लेकर लोगों के बीच में जाती है। लोग कांग्रेस के चेहरे को जान गई है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जो कहते हैं, उसे पूरा करते हैं। उनके नेतृत्व में पश्चिम बंगाल में ऐतिहासिक जीत दर्ज की, असम में भारी बहुमत से भाजपा ने जीत दर्ज की।
इसी तरह हरियाणा में हुए निकाय चुनाव में एकतरफा जीत दर्ज की गई है। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि जनता ने चुनावों में कांग्रेस के चेहरे से नकाब उतारा है। कांग्रेस झूठ बोलने का काम करती है। जनता ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भारतीय जनता पार्टी की नीतियों पर विश्वास जताया है।

# ईंधन संरक्षण में अग्रणी राज्य बने हिमाचलः राज्यपाल कविन्द्र गुप्ता

**टीम एक्शन इंडिया**
**पंकज शर्मा**
**शिमला।** राज्यपाल कविन्द्र गुप्ता ने आज लोक भवन में वैश्विक ऊर्जा चुनौतियों के प्रति भारत के सामूहिक प्रयासों के रूप में ईंधन की खपत में कमी करने और नवीकरणीय ऊर्जा के क्षेत्र में हिमाचल प्रदेश को आदर्श राज्य बनाने के लिए व्यापक उपायों की घोषणा की। पश्चिम एशिया संकट के बीच ईंधन संरक्षण और राष्ट्रीय आत्मनिर्भरता के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दूरदर्शी आह्वान को समर्थन प्रदान करने की दिशा में यह कदम उठाए गए हैं।
राज्यपाल कविन्द्र गुप्ता ने घोषणा की कि लोक भवन अब विशेष 'ईंधन संरक्षण क्षेत्रइ होगा। उन्होंने बताया कि लोक भवन में प्रत्येक रविवार को 'पेट्रोल-फ्री संडेइ के रूप में मनाया जाएगा, जिसके तहत रविवार के दिन कोई भी सरकारी वाहन ईंधन का उपयोग नहीं करेगा। रविवार को निर्धारित सभी सरकारी कार्य वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग या सामूहिक यात्रा व्यवस्था के माध्यम से संपन्न किए जाएंगे।
राज्यपाल ने अपने आधिकारिक काफिले के वाहनों को तत्काल प्रभाव से आधा करने के निर्देश दिए। इस निर्णय का उद्देश्य अनावश्यक ईंधन के उपयोग में कमी लाना है जिससे एक अनुकरणीय उदाहरण प्रस्तुत होगा। अनावश्यक यात्राओं में कमी लाने के उद्देश्य से कुछ सरकारी बैठकों का आयोजन वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से किया जाएगा। इसके अतिरिक्त सरकारी कार्यक्रमों और आयोजनों का भी संयोजन किया जाएगा ताकि वाहनों की आवाजाही में कमी लाई जा सके।राज्यपाल ने यह भी घोषणा की कि पश्चिम एशिया संकट की समाप्ति और वैश्विक ईंधन की कीमतों में स्थिरता आने तक वे किसी भी सरकारी कार्य के लिए राज्य सरकार के हेलीकॉप्टर का उपयोग नहीं करेंगे।



**आदेश जारी**

**प्रधानमंत्री मोदी के राष्ट्रीय आह्वान पर लोक भवन को घोषित किया गया 'ईंधन संरक्षण क्षेत्र'**

## महंगाई की मारः अमूल और मदर डेयरी ने बढ़ाये दूध के दाम

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** अमूल के बाद मदर डेयरी ने भी बुधवार को दूध की कीमतों में 2 रुपए प्रति लीटर तक बढ़ोतरी की है। दोनों कंपनी के नए दाम गुरुवार (14 मई) से लागू होंगे। अमूल और मदर डेयरी ने दूध के प्रमुख वेरिएंट और पैक पर कीमतें बढ़ाई हैं। गुजरात कॉपरेटिव मिल्क मार्केटिंग फेडरेशन के मुताबिक, पशु आहार, पैकेजिंग और ईंधन की लागत बढ़ने के कारण यह फैसला लिया गया। अमूल का कहना है कि यह बढ़ोतरी 2.5% से 3.5% के बीच है। मई 2025 के बाद पहली बार दूध के दाम बढ़ाए गए हैं। को-ऑपरेटिव के मुताबिक, दूध के उत्पादन और ऑपरेशनल खर्च में लगातार बढ़ोतरी हो रही है। पशु चारे की बढ़ती कीमत और ट्रांसपोर्टेशन कॉस्ट बढ़ने की वजह से समय-समय पर दूध की कीमतों में बदलाव करना पड़ता है। पिछले कुछ सालों में डेयरी इंडस्ट्री पर इनपुट कॉस्ट का दबाव काफी बढ़ गया है।

## हरियाणा के राजकीय कॉलेजों को मिले 435 नए असिस्टेंट प्रोफेसर

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़।** हरियाणा की उच्च शिक्षा प्रणाली को और अधिक सुदृढ़ और प्रभावी बनाने के उद्देश्य से हरियाणा के शिक्षा मंत्री महीपाल ढांडा ने बुधवार को प्रदेश के राजकीय कॉलेजों के लिए नवनियुक्त 435 असिस्टेंट प्रोफेसरों को उनके नियुक्ति स्थान (स्टेशन) सहित नियुक्ति पत्र सौंपे। इस भर्ती प्रक्रिया के तहत प्रदेश के कॉलेजों को विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों में नए शिक्षक मिले हैं। इन नियुक्तियों में ज्योग्राफी (भूगोल) के 277, राजनीति विज्ञान के 71 और इतिहास के 87 असिस्टेंट प्रोफेसर शामिल हैं। इस मौके पर शिक्षा मंत्री महीपाल ढांडा ने नवनियुक्त शिक्षकों बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि शिक्षकों का समाज के निर्माण में सर्वोच्च स्थान होता है और उच्च शिक्षा की गुणवत्ता सीधे तौर पर हमारे युवाओं के भविष्य को निर्धारित करती है। शिक्षा मंत्री ने नवनियुक्त प्रोफेसरों से आह्वान किया कि वे पूरी निष्ठा और मेहनत के साथ विद्यार्थियों को पढ़ाएं।

**क्लीन स्वीप** पंचकूला, सोनीपत और अंबाला समेत छह निकायों में खिला कमल, हुड्डा के गढ़ सांपला में भाजपा जीती

# बीजेपी का दबदबाः हरियाणा में भाजपा की होगी शहरों की सरकार

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़ः** हरियाणा के शहरों में भी अब भाजपा की सरकार होगी। बुधवार को घोषित चुनाव परिणाम के दौरान सात निकायों में से छह में भाजपा ने जीत दर्ज की है। हिसार जिले की उकलाना नगरपालिका में कांग्रेस व इनेलो समर्थित 22 वर्षीय निर्दलीय उम्मीदवार रीमा सोनी चुनाव जीतने में सफल रही है। भाजपा ने पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा के प्रभाव वाले सोनीपत और सांपला में भी चुनाव जीत लिया है। शहरी निकाय चुनाव में सबसे बड़ी जीत पंचकूला नगर निगम में भाजपा के शामलाल बंसल की हुई है, जिन्होंने कांग्रेस की सुधा भारद्वाज को 36 हजार 252 मतों के भारी अंतर से पराजित कर मेयर की कुर्सी पर कब्जा किया। पंचकूला में इनेलो के मनोज अग्रवाल को 3465 और आम आदमी पार्टी के राजेश कुमार को सिर्फ 2759 मतों में संतोष करना पड़ा। सोनीपत नगर निगम के चुनाव में भाजपा के राजीव जैन की दूसरी सबसे बड़ी जीत हुई है। मुख्यमंत्री के मीडिया सलाहकार रह चुके राजीव जैन ने कांग्रेस के कमल दिवान को 23 हजार 247 मतों के अंतर से पराजित कर दूसरी बार मेयर का पद कब्जाया। इससे पहले राजीव जैन उपचुनाव में मेयर बने थे। यहां इनेलो के आनंद कुमार को 5210 मतों में संतोष करना पड़ा। तीसरे नगर निगम अंबाला में भाजपा की अक्षिता सैनी ने कांग्रेस की कुलविंदर कौर सैनी को 21 हजार 358 मतों के अंतर से पराजित कर मेयर का चुनाव जीता। निर्दलीय उम्मीदवार सोनिया चौधरी ने अंबाला नगर निगम के चुनाव को त्रिकोणीय बना दिया था। सोनिया को इस चुनाव में 21 हजार 730 वोट मिले। पंचकूला, अंबाला और सोनीपत तीनों नगर निगमों में भाजपा मेयरों की जीत का अंतर 20 हजार से अधिक रहा है, जबकि इनमें भी पंचकूला में जीत का अंतर 35 हजार से अधिक है।

**परचम लहराया**

**सोनीपत नगर निगम के चुनाव में भाजपा के राजीव जैन की दूसरी सबसे बड़ी जीत हुई है**



# धामी मंत्रिमंडल में पर्वतीय क्षेत्रों में स्वैच्छिक चकबंदी सहित कई प्रस्ताव मंजूर

**प्रस्ताव**

**पर्वतीय क्षेत्रों में स्वैच्छिक चकबंदी के लिए प्रत्येक जिले में 10 गांवों का लक्ष्य तय किया गया है।**



**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
धामी मंत्रिमंडल में पर्वतीय क्षेत्रों में स्वैच्छिक चकबंदी लागू करने, चिकित्सा शिक्षा, ऊर्जा, पर्यटन के तहत होमस्टे, सेवा नियमावलियों से जुड़े सहित कुल 19 महत्वपूर्ण प्रस्ताव मंजूर किए गए।
बुधवार को सचिवालय में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की अध्यक्षता में मंत्रिमंडल की बैठक संपन्न हुई। बैठक के बाद सचिव शैलेश बगौली ने मीडिया को ब्रीफिंग की। उन्होंने बताया कि उत्तराखंड राज्य चकबंदी कर्मियों की सेवा नियमावली-2026 को मंजूरी दे दी गई है। पर्वतीय क्षेत्रों में स्वैच्छिक चकबंदी के लिए प्रत्येक जिले में 10 गांवों का लक्ष्य तय किया गया है। चकबंदी के लिए 75 प्रतिशत ग्रामीणों की सहमति आवश्यक होगी। पूरी प्रक्रिया डिजिटल माध्यम से संचालित की जाएगी और आपत्तियों के निस्तारण की भी व्यवस्था रहेगी।
सचिव बगौली ने बताया कि उत्तराखंड अल्पसंख्यक शिक्षा अधिनियम के तहत शैक्षिक नियमावली को मंजूरी दी गई। इसमें मान्यता, नवीनीकरण और मान्यता समाप्त करने की प्रक्रिया तय की गई है।यूपीसीएल, यूजेवीएनएल और पिटकुल में निदेशक चयन नियमावली में संशोधन कर 'निदेशक मंडल में नियुक्त, शब्द हटाया गया है। अब बाहरी व्यक्ति भी निदेशक पद के लिए पात्र होंगे।
महिला स्पोर्ट्स कॉलेज लोहाघाट में 16 पदों को मंजूरी दी गई।
यात्रा व्यवसाय पंजीकरण नियमावली में संशोधन करते हुए होम स्टे की सीमा छह कमरों से बढ़ाकर आठ कमरे कर दी गई। साथ ही संचालक का उसी परिसर में रहना अनिवार्य होगा और नवीनीकरण स्वतः हो सकेगा।
ग्राम पंचायतों में निर्माण कार्यों के लिए मिलने वाली धनराशि 10 लाख रुपये से बढ़ाकर 20 लाख रुपये कर दी गई है।
चिकित्सा शिक्षा निदेशालय के ढांचे का पुनर्गठन करते हुए पदों की संख्या 29 से बढ़ाकर 40 कर दी गई। राजकीय मेडिकल कॉलेज श्रीनगर में वर्ष 2009 से कार्यरत 277 कार्मिकों को 'समान कार्य, समान वेतन' का लाभ मिलेगा।

# वैश्विक संकट के बीच राष्ट्रहित में नैनीताल पुलिस का कदम

**टीम एक्शन इंडिया**
**नैनीताल।**
पश्चिम एशिया में जारी वैश्विक संकट के चलते ईंधन, खाद्य सामग्री और उर्वरकों की आपूर्ति पर बढ़ते दबाव को देखते हुए, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा मितव्ययता और ईंधन संरक्षण हेतु किए गए आह्वान तथा इस सन्दर्भ में मुख्यमंत्री द्वारा प्रदेशवासियों हेतु जारी अपील को धरातल पर उतारते हुए पर आज नैनीताल पुलिस के मुखिया ने एक अनुकरणीय पहल की शुरूआत करते हुए सादगी और कर्तव्यनिष्ठा का परिचय दिया है।इसी क्रम में सार्थक परिणाम हासिल करने के उद्देश्य से वरिष्ट पुलिस अधीक्षक नैनीताल डॉ.मंजूनाथ टी.सी.बुधवार अपने आवास से हल्द्वानी स्थित



कार्यालय तक पैदल चलकर पहुंचे।उनके इस कदम ने न केवल पुलिस विभाग बल्कि आम जनता के बीच भी सकारात्मक संदेश दिया है।एसएसपी नैनीताल ने जनपद के समस्त पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों को निर्देश दिए हैं कि:कार्यालय आने-जाने के लिए शृूँी ढङ्गङ्ग’ल्लॅ (साझा वाहन) का उपयोग करें।कम से कम निजी वाहनों का इस्तेमाल करें।सार्वजनिक परिवहन को प्राथमिकता दें ताकि ईंधन की बचत के साथ-साथ पर्यावरण संरक्षण में भी योगदान दिया जा सके।एसएसपी नैनीताल की आम जनता से यह अपील है कि "वैश्विक परिस्थितियों को देखते हुए ऊर्जा संरक्षण आज के समय की सबसे बड़ी जरूरत है।राष्ट्रहित और भविष्य की सुरक्षा हेतु इस अभियान में अपना पूर्ण सहयोग प्रदान करें। इलेक्ट्रिक वाहनों का प्रयोग करें, पेट्रोल डीजल से संचालित वाहनों का अनावश्यक उपयोग करने से बचें। आवश्यक हो तो सार्वजनिक वाहनों का उपयोग करें।"

## डोर-टू-डोर कूड़ा उठाने की व्यवस्था के लिए निविदा की मांग

**टीम एक्शन इंडिया**
**नैनीताल, 13 मई (हि.स.)।** नगर पालिका परिषद नैनीताल में डोर-टू-डोर यानी घर-घर से कूड़ा उठाने की व्यवस्था को पुनः प्रभावी बनाने की मांग को लेकर विभिन्न वार्डों के सभासदों एवं जनप्रतिनिधियों ने अध्यक्ष और अधिशासी अधिकारी को ज्ञापन सौंपा है। ज्ञापन में जनहित को देखते हुए शीघ्र निविदा प्रक्रिया शुरू करने की मांग की गई है। ज्ञापन में कहा गया है कि वर्तमान में नगर पालिका क्षेत्र में घर-घर से कूड़ा निस्तारण करने की व्यवस्था को सुचारु रूप से संचालित नहीं हो रही है

# विष्णुप्रयाग झूला पुल के बनने का इंतजार, बद्रीनाथ व हेमकुंड यात्रा होगी आसान

**संवेदनशील**

**मारवाड़ी पुल से लेकर विष्णु प्रयाग पुल तक का सड़क मार्ग बेहद संवेदनशील है,**

**टीम एक्शन इंडिया**
**ज्योतिर्मठ**
ज्योतिर्मठ-बद्रीनाथ राष्ट्रीय राज मार्ग पर प्रथम प्रयाग विष्णु प्रयाग मे निर्मित झूला पुल कभी श्री बद्रीनाथ एवं श्री हेमकुण्ड साहिब-लोकपाल यात्रा के लिए संजीवनी साबित हुआ था, यह झूला पुल छः वर्ष पूर्व वर्ष 2021की रैणी-तपोवन जल प्रलय आपदा के



दौरान ही ध्वस्त हुआ था जो आज तक नहीं बन सका।
बद्रीनाथ व हेमकुण्ड साहिब यात्रा के आकस्मिक समय के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण इस झूला पुल के महत्व को आखिर क्यों नजरअंदाज किया जा रहा है।
2021 मे आपदा की भेंट चढ़े इस झूला पुल के निर्माण के लिए समय पर जिलाधिकारी से लेकर लोनिवि मंत्री एवं मुख्यमंत्री तक गुहार लगाई गई लेकिन नतीजा सिफर ही रहा। दरसअल जोशीमठ की तलहटी पर मारवाड़ी पुल से लेकर विष्णु प्रयाग पुल तक का सड़क मार्ग बेहद संवेदनशील है, यहाँ कभी सड़क ध्वस्त होती है तो कभी चट्टान टूटने से मार्ग अवरुद्ध हो जाता है।
वर्ष 2013 से 2017 के बीच ठीक यात्रा काल मे ही इसी एरिया मे एक बार सड़क वास आउट हुई थी तो दूसरी बार हाथी पहाड़ से टूटी विशालकाय चट्टान ने पूरी सड़क को ही जमींदोज कर दिया था, तब बद्रीनाथ एवं हेमकुण्ड साहिब मे फंसे हजारों श्रद्धालुओं को सेना व आईटीबीपी की मदद से विष्णुप्रयाग झूला पुल से पैदल मार्ग से जोशीमठ पहुंचाया गया। इस दौरान तो कई श्रद्धालुओं ने बद्रीनाथ की ओर फँसे अपने दुपहिया वाहनों को मजदूरों के जरिए पैदल मार्ग से जोशीमठ तक पहुँचाया। मारवाड़ी से विष्णु प्रयाग पुल के बीच राष्ट्रीय राज मार्ग की स्थिति आज भी कुछ ठीक नहीं है, अलकनंदा नदी के बहाव से कुछ स्थानों पर सड़क का हिस्से वास आउट हुए हैं, जिनकी मरम्मत का कार्य चल रहा है, तो हाथी पहाड़ के दरकने का भी भय बना रहता है, यदि पूर्व वर्षो की भांति हाथी पहाड़ एरिया मे सड़क अवरुद्ध हुई तो झूला पुल के अभाव मे यात्रियों को पैदल मार्ग से सुरक्षित पहुँचाने का त्वरित विकल्प भी नहीं है।
पूर्व वर्षों की घटनाओं का संज्ञान लेते हुए आखिर विष्णु प्रयाग झूला पुल निर्माण को लेकर क्यों हीलाहवाली हो रही है, यह समझ से परे है। यदि समय रहते झूला पुल का निर्माण नहीं हुआ तो यह हजारों श्रद्धालुओं के लिए भी परेशानी का सबब बन सकता है।

**न्यूज फ्लैश**

## ईंधन बचाओ अभियान को बढ़ावा,आवास से कार्यालय तक पैदल पहुंचें डीएम

**नैनीताल।**
**जिलाधिकारी** ललित मोहन रयाल ने ईंधन की बढ़ती खपत को लेकर अपने आवास से कार्यालय तक बुधवार को पैदल पहुंचकर ईंधन बचाओ अभियान को आगे बढ़ाते हुए अधिकारियों कर्मचारियों और आम जनता से अपील की,कि यदि संभव हो सके तो पब्लिक ट्रांसपोर्ट और अन्य ईंधन रहित विकल्पों पर निर्भर रहकर काम करें।उन्होंने कहा कि यदि जिन अधिकारियों के आवास और दफ्तर में दूरी कम है तो वह पदयात्रा भी कर सकते हैं।उन्होंने जनपद वासियों के साथ ही अधिकारियों,कर्मचारियों एवं सार्वजनिक प्रतिष्ठानों से अपील करते हुए कहा कि अधिक से अधिक लोग पब्लिक ट्रान्सपोर्ट का उपयोग करें।उन्होंने कहा कि वह अपने कार्यालय एवं प्रतिष्ठान तक जाने हेतु सार्वजनिक परिवहन का इस्तेमाल करें।साथ ही जिन लोगों के कार्यालय आवासीय परिसर के निकट हैं वे पैदल ही अपने प्रतिष्ठान में जाएं जिससे स्वास्थ्य भी बेहतर होगा और राष्ट्र के प्रति आपका सच्चा योगदान होगा।उन्होंने कहा कि सार्वजनिक परिवहन के इस्तेमाल से ईंधन की बचत होगी,प्रदूषण कम होगा तथा यातायात व्यवस्था भी सुचारू बनी रहेगी।

## कुमाऊ आयुक्त ने नियमित चेकिंग अभियान चलाए जाने और कानूनी कार्यवाही करने के निर्देश दिए

**नैनीताल।** नगर पालिका क्षेत्र में अनधिकृत प्राइवेट टैक्सी संचालन पर रोक लगाने हेतु कुमाऊँ आयुक्त दीपक रावत द्वारा जिलाधिकारी एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक को नियमित चेकिंग अभियान चलाए जाने और कानूनी कार्यवाही करने के निर्देश दिए हैं।आयुक्त/ सचिव मुख्यमंत्री दीपक रावत ने कहा कि संज्ञान में आया है कि नगर पालिका नैनीताल क्षेत्र में प्राईवेट वाहनों का उपयोग टैक्सी संचालन में किया जा रहा है जो गैर कानूनी है।उन्होंने कहा प्राइवेट वाहनों के द्वारा दुर्घटना होने पर यात्रियों को बीमा और मुआवजा की राशि अनुमन्य नही होगी।

## हेड़िया विद्यालय में शिक्षकों की अनुपस्थिति पर मुख्य विकास अधिकारी सख्त



**टीम एक्शन इंडिया**
**नैनीताल।** मुख्य विकास अधिकारी अरविन्द कुमार पाण्डेय ने बुधवार को धारी ब्लॉक एवं भीमताल ब्लॉक के दो विद्यालयों का औचक निरीक्षण किया।निरीक्षण के दौरान हेड़िया गांव के विद्यालय में गंभीर लापरवाही पाई गई।हेड़िया गांव के विद्यालय में कुल 13 बच्चे अध्ययनरत हैं,लेकिन पिछले 3 दिनों से एक भी शिक्षक उपस्थित नहीं है। दोनों नियमित शिक्षक अवकाश पर हैं। वैकल्पिक व्यवस्था के तहत शिक्षक हरीश चन्द्र पाठक को भेजा गया था, परंतु वे भी बिना सूचना दिए विद्यालय से अनुपस्थित पाए गए।मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि ह्ययह क्षेत्र जंगली जानवरों के आतंक से ग्रसित है। ऐसी स्थिति में बच्चों को असुरक्षित छोड़ना उनके जीवन से खिलवाड़ है,जिसे किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।ह्वसीडीओ ने तत्काल खंड शिक्षा अधिकारी से स्पष्टीकरण तलब कर पूरी रिपोर्ट जिलाधिकारी को आवश्यक अनुशासनात्मक कार्रवाई हेतु भेज दी है।मुख्य विकास अधिकारी को पदमपुरी इंटर कॉलेज में व्यवस्थाएं संतोषजनक पाई गई।दूसरा विद्यालय धारी ब्लॉक का संत सोमवारी महाराज राजकीय इंटर कॉलेज, पदमपुरी था।यहां कुल 306 छात्र-छात्राएं अध्ययनरत हैं।निरीक्षण के दौरान सभी शिक्षक उपस्थित मिले एवं व्यवस्थाएं संतोषजनक पाई गईं।मुख्य विकास अधिकारी ने यहां कक्षा 12 के बच्चों की क्लास भी ली।उन्होंने बच्चों से संवाद कर कड़ी मेहनत करने, बड़ा लक्ष्य निर्धारित करने एवं अनुशासित जीवन जीने की सीख दी।शिक्षकों को निर्देश दिए कि विद्यालय में शैक्षणिक गुणवत्ता बनाए रखें एवं बच्चों के सर्वांगीण विकास पर ध्यान दें।मुख्य विकास अधिकारी ने स्पष्ट किया कि *दुर्गम क्षेत्रों के विद्यालयों में शिक्षकों की उपस्थिति एवं बच्चों की सुरक्षा को लेकर कोई लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।
औचक निरीक्षण का सिलसिला आगे भी जारी रहेगा।

## सीबीएसई के 12वीं में बीआर मॉर्डन स्कूल का रहा दबदबा

**पौड़ी गढ़वाल, 13 मई (हि.स.)।**
बुधवार को सीबीएसई के 12वीं के परीक्षाफल घोषित हो गए। बोर्ड परीक्षा में एकबार फिर बीआर मॉर्डन स्कूल का दबदबा रहा। रिजल्ट जारी होते ही छात्र-छात्राओं में उत्साह का माहौल बना रहा। इस स्कूल की छात्रा वैदेही नेगी ने सर्वाधिक 94.6 फीसदी अंक हासिल कर शहर टॉप किया। अंशिका राणा ने 93.6 फीसदी अंक हासिल कर दूसरा स्थान पाया। स्कूल में विशेष रावत ने तीसरा स्थान हासिल किया। स्कूल के प्रधानाचार्य दामोदर प्रसाद मंमगाई ने बताया कि साइंस में 62 और कॉमर्स में 39 छात्र-छात्राओं ने परीक्षा पास की।

# किशोरी से छेड़छाड़ करने वाले को एक वर्ष की कैद

**हरिद्वार/टीम एक्शन इंडिया**
ट्यूशन के लिए से आते जाते समय किशोरी को तंग कर अश्लील हरकत करने के मामले में विशेष पॉक्सो व अपर जिला जज लक्ष्मण सिंह ने युवक वासु को दोषी करार दिया है। कोर्ट ने वासु को एक वर्ष की कैद व 10 हजार रुपये के अर्थदंड की सजा सुनाई है।
सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता आदेश चौहान ने बताया कि 23 जनवरी 2024 को कोतवाली नगर क्षेत्र में रहने वाली 15 वर्षीय पीड़ित लड़की रोजाना ट्यूशन पढ़ने जाती थी। कई दिनों



से इसी गली में रहने वाला युवक पीड़ित लड़की को तंग कर रहा था। घटना की शाम पांच बजे जब पीड़ित लड़की ट्यूशन जा रही थी, तो गली में रहने वाले युवक वासु ने पीड़ित लड़की को रोक लिया और उसके साथ अश्लील हरकतें करने लगा। किसी तरह पीड़ित लड़की वहां से भागी और अपने परिजनों को मोबाइल पर सूचना दी। जब तक परिजन मौके पर पहुंचे आरोपित वहां से भाग चुका था।

# सीबीआई ने उत्तराखंड के एलयूसी चिट फंड घोटाले में सरगना समेत पांच गिरफ्तार किए

**टीम एक्शन इंडिया**
**देहरादून**
केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने उत्तराखंड के एलयूसी चिट फंड घोटाले में सुशील गोखरू, राजेंद्र सिंह बिष्ट, तरुण कुमार मौर्य, गौरव रोहिल्ला और ममता भंडारी को देश के विभिन्न स्थानों से गिरफ्तार किया है। यह जानकारी केंद्रीय जांच ब्यूरो ने दी है।
उत्तराखंड उच्च न्यायालय ने वर्ष 2025 में मेसर्स लोनी अर्बन मल्टी स्टेट क्रेडिट एंड थ्रिफ्ट को-ऑपरेटिव सोसाइटी (एलयूसीसी) चिट फंड घोटाले से संबंधित सभी एफआईआर को सीबीआई को स्थानांतरित करने का आदेश पारित किया था, जिसके आधार पर सीबीआई ने 26 नवम्बर 2025 को आईपीसी, बीएनएस और उत्तराखंड जमाकर्ता हित संरक्षण अधिनियम और अनियमित जमा योजनाओं पर प्रतिबंध अधिनियम की विभिन्न धाराओं के तहत एलयूसीसी के विभिन्न पदाधिकारियों और अन्य के खिलाफ मामला दर्ज किया है।
अब तक की जांच से उत्तराखंड राज्य में जनता के साथ हुए बड़े पैमाने पर धोखाधड़ी का खुलासा हुआ है, जिसमें बड़ी संख्या में निवेशकों (लगभग 1 लाख से अधिक) को एलयूसी की विभिन्न अनियमित जमा योजनाओं में निवेश करने के लिए लुभाया गया। इन जमाकताओं द्वारा किए गए कुल निवेश/जमा की राशि लगभग 800 करोड़ रुपये होने का अनुमान है। इनका आंशिक भुगतान किया जा चुका है, लेकिन धोखाधड़ी की राशि 400 करोड़ रुपये से अधिक है।
इस मामले में जांच जारी है और तकनीकी निगरानी और सूत्रों से प्राप्त जानकारी के आधार पर आरोपितों का पता लगाने के लिए एक विशेष टीम का गठन किया गया है।

**उत्तर रेलवे**
**ई–निविदा सूचना**
भारत के राष्ट्रपति की ओर से प्रवर मण्डल अभियन्ता / मुख्यालय / मुरादाबाद द्वारा ई–टेन्डर निम्न टेन्डर संख्या के अन्तर्गत आमंत्रित किये जाते हैं। धरोहर राशि का भुगतान निविदादाता द्वारा केवल IREPS पोर्टल पर उपलब्ध नेट बैंकिंग, डेबिट कार्ड, क्रेडिट कार्ड आदि के माध्यम से ऑनलाइन भुगतान करना होगा। डिमाण्ड ड्राफ्ट, बैंकर चेक, डिपाजिट रसीद आदि स्वीकार्य नहीं होंगे। टेन्डर से संबंधित अन्य जानकारी वेबसाइट www.ireps.gov.in पर देखें।

| Tender No. Date | 54-DRM-MB-26-27 dt. 13.05.2026 | 55-DRM-MB-26-27 dt. 13.05.2026 |
|---|---|---|
| Name of Work | Construction of yard drains in the section of Sr. DEN/ HQ/MB. | New Construction of 30 beds RPF Female Barrack, with 01 room Subordinator officer including change room, mess store, GYM, Dining and Recreation room along with rooftop solar panel RPF Post Moradabad. |
| Tender Closing Date | 08.06.2026 | 08.06.2026 |
| Advertised Value (Rs.) | 2,29,04,078.15 | 2,85,50,854.68 |
| Earnest Money (Rs.) | 4,58,100.00 | 5,71,000.00 |
| Tender Cost (Rs.) | 0.00 | 0.00 |
| Bidding Start Date | 25.05.2026 | 25.05.2026 |
| Period of Completion | 06 Months | 06 Months |

पत्रांक: 75-W/2/3/WA/Publication दिनांक: 13.05.2026 1604/2026
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

**उत्तर रेलवे**
**निविदा सूचना**
स–वी–20–केट. स्टाल–मुरा.–मं.–2026 सी दिनांक : 13.05.2026
भारत के राष्ट्रपति की ओर से वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक उत्तर रेलवे मुरादाबाद द्वारा मंडल के द्वारा मंडल के शाहजहाँपुर, रुड़की, मुरादाबाद, देहरादून, हरिद्वार, हरदोई, ऋषिकेश, रायवाला तथा अमरोहा के ए1, ए एवं बी श्रेणी के स्टेशनों पर जनरल माइनर यूनिट (जी एम यू) के द्वारा खान–पान सेवा प्रावधान के अन्तर्गत खुली डबल पैकेट टेंडर प्रणाली के अन्तर्गत ठेका आवंटित करने हेतु निविदा E-Tendering (www.ireps.gov.in) के माध्यम से आमंत्रित की जाती है।

| Name and Category of Station | Platform No. | Location | Reserve Price per stall per Annum (Rs.) | Earnest Money per stall (Rs.) | Cost of Bid document (in Rs.) including GST@18% (in Rs.) | Prime Location | Date & Time Submission of Bid & Website |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| Shahjahanpur (SPN)"A" | PF No. 1 | Location-A Near Channel No. 150 LKO end. | 210222 | 109400 | 2950 | | निविदा दिनांक 12.05.26 को 15:00 बजे तक www.ireps.gov.in पर डाली जाएगी जो उसी दिन खोली जाएगी |
| | PF No. 2/3 | Location-B Near Channel No. 406 BE end. | 486566 | 253100 | 2950 | | |
| | PF No. 2/3 | Location-C Near Channel No. 306" | 764500 | 397600 | 2950 | Prime | |
| Moradabad (MB) "A" | PF No. 2/3 | Location-A LKO end outside covered shed towards GZB" | 1099999 | 572000 | 2950 | | |
| | PF No. 4/5 | Location-A Behind FOB towards LKO (Women) | 1128723 | 587000 | 2950 | | |
| | PF No. 4/5 | Location-D Behind FOB DLI end at start of the shed | 1403657 | 730000 | 5900 | Prime | |
| | PF No. 6/7 | Location-B Near OHE pole No. 1398/16A | 280450 | 145900 | 2950 | | |
| | | Location-C Near OHE pole No.1398/12, (Women) | 388851 | 202300 | 2950 | Prime | |
| | | Location-D Near Water Booth No. 39 | 452100 | 235100 | 2950 | Prime | |
| Dehradun (DDN)"A-1" | PF No. 1/2 | Location-C Near Column No. 9 (Women) | 352000 | 183100 | 2950 | Prime | |
| Haridwar (HW) "A-1" | PF No. 1 | Location-C In the shed near Pole no.13 | 595416 | 309700 | 2950 | Prime | |
| | | Location-D Opposite to RPF/GRP office | 1099999 | 572000 | 2950 | Prime | |
| | | Location-F Pole no. 14 of shed. | 595416 | 309700 | 2950 | Prime | |
| | PF No. 4/5 | Location-B 3 Mtr. From Water booth No. 01 MB end (Women) | 403380 | 209800 | 2950 | | |
| | | Location-E 5 Mtr. From Water booth No. 02, (Women) | 471855 | 245400 | 2950 | Prime | |
| Hardoi (HRI)"A" | PF No. 4/5 | Location-C Near FOB, (Women) | 261790 | 136200 | 2950 | Prime | निविदा दिनांक 12.05.26 को 15:00 बजे तक www.ireps.gov.in पर डाली जाएगी जो उसी दिन खोली जाएगी |
| Rishikesh (RKSH) "B" | PF No. 1 | Location-C Between Water booth no. 3 & 4 | 94380 | 49100 | 2950 | Prime | |
| Raiwala (RWL)"B" | PF No. 1 | Location-B Near pole No. 38/7 LRJ end, (Women) | 91520 | 47600 | 2950 | | |
| | | Location-C Between Station building & Water booth towards LRJ | 94380 | 49100 | 2950 | Prime | |
| | PF No. 2/3 | Location-C Between Pole no. 38/9A and water booth (Women) | 92950 | 48400 | 2950 | Prime | |
| Amroha (AMRO)"B" | PF No. 1 | Location-A Before old FOB MB end | 82940 | 43200 | 2950 | | |
| | PF No. 2/3 | Location-A After old FOB in covered shed | 81510 | 42400 | 2950 | | |

नोट: उपरोक्त स्थान में किसी भी विसंगति के मामले में, साइट प्लान में उल्लिखित स्थान अंतिम होगा। 1597/26
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# मिशन ड्रग फ्री देवभूमि अभियान के तहत काठगोदाम पुलिस व एसओजी की बड़ी कार्यवाही

**टीम एक्शन इंडिया**
**काठगोदाम**।मुख्यमंत्री के ह्ममिशन ड्रग फ्री देवभूमिह्व को साकार करने के उद्देश्य से वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक नैनीताल डॉ. मंजूनाथ टीसी द्वारा जनपद के समस्त थाना प्रभारियों को अपने-अपने थाना क्षेत्रों में प्रभावी निरोधात्मक कार्यवाही करते हुए नशे की तस्करी पर अंकुश लगाने एवं तस्करों के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही करने के सख्त निर्देश दिए गए हैं।इसी क्रम में मनोज कुमार कत्याल, पुलिस अधीक्षक हल्द्वानी एवं अमित कुमार, क्षेत्राधिकारी हल्द्वानी के पर्यवेक्षण तथा विमल कुमार मिश्रा, प्रभारी निरीक्षक काठगोदाम के नेतृत्व में थाना काठगोदाम पुलिस एवं एसओजी




टीम द्वारा संयुक्त चेकिंग अभियान चलाया गया।बुधवार को थाना काठगोदाम पुलिस एवं (एसओजी) की संयुक्त टीम द्वारा दमुवाढूंगा क्षेत्र में जगन्नाथ कॉलोनी स्थित विजन फ्यूचर कोचिंग के बगल वाली गली में चेकिंग के दौरान अभियुक्त इन्द्रजीत सिंह पुत्र स्व0 नारायण दास निवासी वार्ड नं0 13 हरिपुर कर्नल वार्ड, आवास विकास टेड़ी पुलिया काठगोदाम जनपद नैनीताल स्थायी पता ग्राम व पोस्ट सिमलिया तहसील मिलक जिला रामपुर उ0प्र0 उम्र 47 वर्ष को गिरफ्तार किया गया।अभियुक्त के कब्जे से कुल 2 किलो 14 ग्राम अवैध चरस बरामद हुई, जिसकी अनुमानित कीमत लगभग 4 लाख रुपये है।बरामदगी के आधार पर अभियुक्त के विरुद्ध थाना काठगोदाम में एफआईआर नं0 63/26 धारा 8/20 एनडीपीएस अधिनियम के अंतर्गत अभियोग पंजीकृत किया गया है।पूछताछ में अभियुक्त द्वारा बताया गया कि वह गमले बेचने का कार्य करता है तथा अन्य स्थानों पर खेती-बाड़ी का कार्य मिलने पर मजदूरी एवं खेती संबंधी कार्य भी करता है।
पूछताछ में यह भी प्रकाश में आया कि बरामद चरस अभियुक्त को उसके परिचित व्यक्ति द्वारा बिक्री हेतु दी गई थी, जिसके संबंध में आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।
वर्ष 2010 में थाना काठगोदाम में उसके विरुद्ध एफआईआर नं0 68/2010 धारा 17/18/22 एनडीपीएस एक्ट के अंतर्गत अभियोग पंजीकृत है।दो अन्य अन्य आपराधिक इतिहास की जानकारी प्राप्त की जा रही है।पुलिस टीम में उ0नि0 कुमकुम धानिक, थाना काठगोदाम,कानि टीका राम,कानि0 अशोक रावत (एसओजी)कानि0 भानु प्रताप (एसओजी) आदि मौजूद रहे।

# प्रदेश के इंजीनियरिंग संस्थानों को राष्ट्रीय स्तर की गुणवत्ता रैंकिंग दिलाने की तैयारी

तकनीकी शिक्षा में गुणवत्ता क्रांति की ओर बढ़ा उत्तर प्रदेश, योगी सरकार ने नैक आधारित सुधारों को दी नई रफ्तार, स्टेट क्वालिटी फ्रेमवर्क लागू, इंजीनियरिंग कॉलेजों में नैक, एनआईआरएफ और एनबीए मानकों को लेकर व्यापक अभियान, सरकारी और निजी तकनीकी संस्थानों में अकादमिक उत्कृष्टता व रोजगार क्षमता बढ़ाने पर फोकस

**गुणवत्ता**

एसआईआरएफ प्लेटफॉर्म, सेल्फ असेसमेंट और वर्कशॉप्स के जरिए गुणवत्ता सुधार की मजबूत रणनीति

**टीम एक्शन इंडिया**

**लखनऊः** उत्तर प्रदेश में तकनीकी शिक्षा को राष्ट्रीय स्तर पर प्रतिस्पर्धी और गुणवत्तापूर्ण बनाने की दिशा में योगी सरकार ने बड़ा कदम उठाया है। प्रदेश के इंजीनियरिंग कॉलेजों और तकनीकी विश्वविद्यालयों को नैक मानकों के अनुरूप तैयार करने के लिए व्यापक सुधार अभियान चलाया जा रहा है। सरकार का लक्ष्य केवल डिग्री आधारित शिक्षा तक सीमित नहीं है, बल्कि तकनीकी संस्थानों को अकादमिक उत्कृष्टता, रिसर्च, नवाचार और रोजगारपरक शिक्षा के केंद्र के रूप में विकसित करना है। तकनीकी शिक्षा विभाग द्वारा लागू किए गए स्टेट क्वालिटी फ्रेमवर्क (एसक्यूएफ) को इस दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल माना जा रहा है। इस फ्रेमवर्क के माध्यम से प्रदेश के इंजीनियरिंग कॉलेजों और विश्वविद्यालयों के लिए नैक, एनआईआरएफ (नेशनल इंस्टीट्यूशनल रैंकिंग फ्रेमवर्क) और एनबीए (नेशनल बोर्ड ऑफ एक्रीडिएशन) आधारित गुणवत्ता मानकों को व्यवस्थित रूप से लागू किया जा रहा है। इससे तकनीकी संस्थानों की रैंकिंग, शैक्षणिक गुणवत्ता और राष्ट्रीय स्तर पर प्रतिस्पर्धात्मक क्षमता में सुधार आने की उम्मीद है। प्रदेश में वर्तमान समय में 14 राजकीय इंजीनियरिंग कॉलेज, एचबीटीयू, एमएमएमयूटी और एकेटीयू जैसे प्रमुख तकनीकी विश्वविद्यालयों के साथ-साथ 771 निजी इंजीनियरिंग एवं फार्मेसी संस्थान संचालित हो रहे हैं। इतने बड़े नेटवर्क को एक समान गुणवत्ता ढांचे से जोड़ना योगी सरकार की तकनीकी शिक्षा सुधार नीति का महत्वपूर्ण हिस्सा माना जा रहा है। सरकार की रणनीति केवल नीतिगत घोषणाओं तक सीमित नहीं है, बल्कि संस्थानों को व्यावहारिक रूप से तैयार करने पर भी जोर दिया जा रहा है। इसी क्रम में कॉलेजों के लिए सेल्फ-असेसमेंट प्रोफॉर्मा तैयार किया गया है, ताकि संस्थान स्वयं अपनी शैक्षणिक और प्रशासनिक गुणवत्ता का मूल्यांकन कर सकें।





## डेटा आधारित मूल्यांकन और पारदर्शिता को बढ़ावा मिलेगा

इंजीनियरिंग कॉलेजों को एसआईआरएफ (स्टेट इंस्टीट्यूशनल रैंकिंग फ्रेमवर्क) प्लेटफॉर्म से जोड़ा जा रहा है, जिससे डेटा आधारित मूल्यांकन और पारदर्शिता को बढ़ावा मिलेगा। तकनीकी शिक्षा विभाग द्वारा प्रदेशभर में जागरूकता कार्यशालाएं आयोजित करने की भी तैयारी की गई है। इन कार्यशालाओं के जरिए संस्थानों को नैक की आवश्यकताओं, दस्तावेजीकरण, रिसर्च आउटपुट, फैकल्टी डेवलपमेंट और छात्र सुविधाओं से जुड़े मानकों की जानकारी दी जाएगी। इसके साथ ही कॉलेजों में उपलब्ध डेटा और नैक दिशा-निर्देशों के बीच अंतर का भी मूल्यांकन किया जाएगा, ताकि कमियों को समय रहते दूर किया जा सके। विभाग से जुड़े अधिकारियों के अनुसार योगी सरकार का यह प्रयास प्रदेश की तकनीकी शिक्षा व्यवस्था को नई दिशा देने वाला साबित हो सकता है। लंबे समय तक उत्तर प्रदेश के कई तकनीकी संस्थान केवल सीट भरने तक सीमित माने जाते थे, लेकिन अब सरकार उन्हें गुणवत्ता आधारित शिक्षा मॉडल की ओर ले जाने का प्रयास कर रही है। नई शिक्षा नीति के अनुरूप तकनीकी संस्थानों में रिसर्च, इनोवेशन, इंडस्ट्री कनेक्ट और स्किल डेवलपमेंट पर बढ़ते फोकस को भी इस पहल से मजबूती मिलने की संभावना है। सरकार का उद्देश्य ऐसे तकनीकी संस्थान विकसित करना है जो केवल डिग्री न दें, बल्कि छात्रों को उद्योगों की जरूरतों के अनुरूप तैयार करें। योगी सरकार की यह पहल एक ट्रिलियन डॉलर इकोनॉमीह्व के लक्ष्य से भी जुड़ी मानी जा रही है। बेहतर तकनीकी शिक्षा, कुशल मानव संसाधन और उद्योगों के लिए प्रशिक्षित युवाओं की उपलब्धता प्रदेश में निवेश और औद्योगिक विकास को नई गति दे सकती है।

## अपर्णा यादव के घर पहुंचे मुख्यमंत्री, प्रतीक यादव के निधन पर जताया शोक



**दुखद**

दिवंगत आत्मा को शांति एवं शोकाकुल परिजनों को अथाह दुःख सहन करने की शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना की

**लखनऊः** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ बुधवार को उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की उपाध्यक्ष अपर्णा यादव के घर पहुंचे। मुख्यमंत्री ने उनके पति प्रतीक यादव के निधन पर शोक प्रकट करते हुए पार्थिव शरीर को पुष्पांजलि दी। पूर्व मुख्यमंत्री मुलायम सिंह यादव के पुत्र एवं अपर्णा यादव के पति प्रतीक यादव का बुधवार सुबह आकस्मिक निधन हो गया था। मुख्यमंत्री ने अपर्णा यादव, उनके बच्चों व अन्य परिजनों को ढांढस भी बंधाया। उन्होंने ईश्वर से दिवंगत आत्मा को शांति एवं शोकाकुल परिजनों को अथाह दुःख सहन करने की शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना की। सीएम ने शोक संतप्त परिजनों के प्रति संवेदनाएं भी जताईं।

प्रतीक यादव का शव उनके आवास पर अंतिम दर्शन के लिए रखा गया है। इस मौके पर अखिलेश यादव मौजूद रहे और गमगीन नजर आए। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी ने भी पार्थिव शव के अंतिम दर्शन किए।

# मॉक ड्रिलः 6 जिलों में आज शाम सायरन बजते ही 15 मिनट के लिए बंद होंगी बत्तियां

**ब्लैकआउट**

किशनगंज, बेगूसराय, पूर्णिया, अररिया तथा कटिहार में हवाई हमला तथा ब्लैकआउट संबंधी मॉक ड्रिल का आयोजन होगा।




**टीम एक्शन इंडिया**

**पटना।** केंद्रीय गृह मंत्रालय के निर्देशानुसार 14 मई को पटना समेत राज्य के छह जिले किशनगंज, बेगूसराय, पूर्णिया, अररिया तथा कटिहार में हवाई हमला तथा ब्लैकआउट संबंधी मॉक ड्रिल का आयोजन होगा। राज्य स्तर पर नागरिक सुरक्षा निदेशालय मॉकड्रिल के लिए नोडल एजेंसी है। मॉकड्रिल को लेकर बुधवार को आपदा प्रबंधन विभाग में विभाग के प्रधान सचिव संतोष कुमार मल्ल तथा महानिदेशक, नागरिक सुरक्षा निदेशालय डॉ. परेश सक्सेना की अध्यक्षता में संबंधित जिलों के आपदा पदाधिकारियों के साथ वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से टेबल टॉप एक्सरसाइज का आयोजन किया गया। प्रधान सचिव संतोष कुमार मल्ल ने कहा कि किसी भी तरह की संभावित आपदा से बचाव एवं सुरक्षा के लिए नियमित मॉकड्रिल आवश्यक है। मॉकड्रिल से आमजन में आपदा प्रबंधन संबंधी जागरूकता का प्रसार होता है। आमजन से अपील करते हुए प्रधान सचिव ने कहा कि 14 मई की शाम 07:00 बजे से 07:15 के बीच होने वाले ब्लैकआउट के दौरान घबराएं नहीं।

# उत्तराखंड में दो दिन मौसम खराब रहने के आसार, कई जिलों में बारिश-ओलावृष्टि का अलर्ट

**टीम एक्शन इंडिया**

**देहरादून।** उत्तराखंड में अगले दो दिनों तक मौसम का मिजाज बिगड़ा रहने की संभावना है। मौसम विभाग ने 13 और 14 मई को राज्य के कई जिलों में बारिश, आकाशीय बिजली, ओलावृष्टि और तेज हवाओं को लेकर अलर्ट जारी किया है। वहीं 15 मई से अधिकांश मैदानी क्षेत्रों में मौसम शुष्क रहने के आसार हैं। भारत मौसम विज्ञान विभाग के मौसम विज्ञान केंद्र देहरादून के अनुसार 14 मई को पर्वतीय क्षेत्रों में हल्की से मध्यम बारिश और ऊंचाई वाले इलाकों में बर्फबारी हो सकती है, जबकि मैदानी जिलों में कहीं-कहीं हल्की बारिश की संभावना है। मौसम विभाग के अनुसार 13 मई को उत्तरकाशी, रुद्रप्रयाग, चमोली, बागेश्वर और पिथौरागढ़ जिलों में कहीं-कहीं तेज गर्जना के साथ आकाशीय बिजली चमकने, ओलावृष्टि तथा 40 से 50 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से झोंकेदार हवाएं चल सकती हैं। हवा की गति 60 किलोमीटर प्रति घंटा तक पहुंचने की संभावना जताई गई है।

इन जिलों में तेज से अति तीव्र बारिश के दौर भी देखने को मिल सकते हैं। विभाग ने राज्य के अन्य पर्वतीय जिलों में भी गर्जन और तेज हवाओं के साथ बारिश की संभावना जताई है। मौसम विभाग ने चेतावनी दी है कि खराब मौसम के दौरान भूस्खलन, चट्टान गिरने, सड़कों पर अवरोध, निचले इलाकों में जलभराव और उड़ान सेवाएं प्रभावित हो सकती हैं।

# धामी मंत्रिमंडल में पर्वतीय क्षेत्रों में स्वैच्छिक चकबंदी सहित कई प्रस्ताव मंजूर

**टीम एक्शन इंडिया**

**देहरादून।** धामी मंत्रिमंडल में पर्वतीय क्षेत्रों में स्वैच्छिक चकबंदी लागू करने, चिकित्सा शिक्षा, ऊर्जा, पर्यटन के तहत होमस्टे, सेवा नियमावलियों से जुड़े सहित कुल 19 महत्वपूर्ण प्रस्ताव मंजूर किए गए। बुधवार को सचिवालय में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की अध्यक्षता में मंत्रिमंडल की बैठक संपन्न हुई। बैठक के बाद सचिव शैलेश बगौली ने मीडिया को ब्रीफिंग की। उन्होंने बताया कि उत्तराखंड राज्य चकबंदी कर्मियों की सेवा नियमावली-2026 को मंजूरी दे दी गई है। पर्वतीय क्षेत्रों में स्वैच्छिक चकबंदी के लिए प्रत्येक जिले में 10 गांवों का लक्ष्य तय किया गया है। चकबंदी के लिए 75 प्रतिशत ग्रामीणों की सहमति आवश्यक होगी। पूरी



प्रक्रिया डिजिटल माध्यम से संचालित की जाएगी और आपत्तियों के निस्तारण की भी व्यवस्था रहेगी। सचिव बगौली ने बताया कि उत्तराखंड अल्पसंख्यक शिक्षा अधिनियम के तहत शैक्षिक नियमावली को मंजूरी दी गई। इसमें मान्यता, नवीनीकरण और मान्यता समाप्त करने की प्रक्रिया तय की गई है।यूपीसीएल, यूजेवीएनएल और पिटकुल में निदेशक चयन नियमावली में संशोधन कर 'निदेशक मंडल में नियुक्त, शब्द हटाया गया है। अब बाहरी व्यक्ति भी निदेशक पद के लिए पात्र होंगे। महिला स्पोर्ट्स कॉलेज लोहाघाट में 16 पदों को मंजूरी दी गई। यात्रा व्यवसाय पंजीकरण नियमावली में संशोधन करते हुए होम स्टे की सीमा छह कमरों से बढ़ाकर आठ कमरे कर दी गई।

# बिना एनओसी चल रहे पशुपालन कॉलेजों पर हाईकोर्ट सख्त

**टीम एक्शन इंडिया**

**जोधपुर।** राजस्थान हाईकोर्ट के जस्टिस मुकेश राजपुरोहित की बेंच ने बिना वैध अनापत्ति प्रमाणपत्र (एनओसी) के प्रवेश देने वाले निजी पशुपालन डिप्लोमा संस्थानों के खिलाफ सख्त रुख अपनाते हुए उनकी याचिकाएं खारिज कर दीं। हाईकोर्ट ने स्पष्ट किया कि राज्य सरकार की एनओसी के बिना कोई भी संस्थान प्रवेश प्रक्रिया में शामिल नहीं हो सकता और ऐसे संस्थानों का संचालन पूरी तरह अवैध माना जाएगा। सुनवाई के दौरान राजस्थान यूनिवर्सिटी ऑफ वेटनरी एंड एनिमल साइंसेज बीकानेर की ओर से अधिवक्ता अजय कुमार व्यास और जतिन सांखला ने कोर्ट को बताया कि संबंधित संस्थानों को दी गई संबद्धता केवल अस्थायी थी और यह राज्य सरकार से एनओसी प्राप्त करने की शर्त पर आधारित थी। इसके बावजूद संस्थान निर्धारित समय में आवश्यक अनुमति हासिल नहीं कर सके। कोर्ट ने कहा कि संस्थानों को कई अवसर दिए गए थे।

# हर घर पहुँचा जीवनदायी जलः जल जीवन मिशन बनी बदलाव की मिसाल

**परिवर्तन**

दूरस्थ ग्राम चिन्ताटोकामेटा में जल जीवन मिशन ने ग्रामीणों के जीवन में ऐतिहासिक परिवर्तन ला दिया



**टीम एक्शन इंडिया**

**रायपुरः भैरमगढ़** विकासखंड के दूरस्थ ग्राम चिन्ताटोकामेटा में जल जीवन मिशन ने ग्रामीणों के जीवन में ऐतिहासिक परिवर्तन ला दिया है। अब गांव के हर घर तक नल के माध्यम से स्वच्छ पेयजल की नियमित आपूर्ति हो रही है, जिससे वर्षों पुरानी पानी की समस्या का समाधान हो गया है। पहले गांव के लोग एकमात्र हैंडपंप और नदी पर निर्भर थे। पानी भरने के लिए महिलाओं और बच्चों को लंबी कतारों में घंटों इंतजार करना पड़ता था। कई बार दूर नदी से पानी लाना पड़ता था, जिससे समय और श्रम दोनों की बड़ी समस्या बनी रहती थी। जल जीवन मिशन के अंतर्गत गांव के 12 परिवारों को घरेलू नल कनेक्शन उपलब्ध कराए गए हैं। अब प्रत्येक घर तक स्वच्छ पेयजल पहुँचने से ग्रामीणों में खुशी का माहौल है। 19 मार्च 2026 को आयोजित जल उत्सव कार्यक्रम के दौरान ग्रामसभा के माध्यम से हर घर जल प्रमाणन भी किया गया। इस अवसर पर लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के अधिकारियों एवं ग्राम पंचायत प्रतिनिधियों ने ग्रामीणों को जल संरक्षण, जलकर तथा जल आपूर्ति प्रणाली के संचालन-संरक्षण की जानकारी दी।

ग्रामीणों ने बताया कि पहले पानी की व्यवस्था करना रोज की बड़ी चुनौती थी, लेकिन अब घर पर ही पर्याप्त मात्रा में साफ पानी मिलने से जीवन काफी आसान हो गया है। जल जीवन मिशन की यह सफलता केवल पेयजल उपलब्ध कराने तक सीमित नहीं है, बल्कि यह ग्रामीण सहभागिता, जागरूकता और विकास की नई मिसाल बनकर उभरी है

# शासन की योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुचाने का सशक्त माध्यम




**शिविर**

सुशासन तिहार 2026 के अंतर्गत कोरबा जिले के ग्राम पंचायत चोढा में बहुउद्देशीय शिविर का सफल आयोजन किया

**टीम एक्शन इंडिया**

**रायपुरः** सुशासन तिहार 2026 के अंतर्गत कोरबा जिले के ग्राम पंचायत चोढा में बहुउद्देशीय शिविर का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विधायक कटघोरा प्रेमचन्द्र पटेल द्वारा किया गया। विशेष अतिथि के रूप में अध्यक्ष जनपद पंचायत पाली पूर्णिमा शोभा सिंह जगत तथा जनपद सदस्य अंजली कौशल श्रीवास और गंगोत्री चन्द्रपाल मरार उपस्थित रहीं। कार्यक्रम की अध्यक्षता ग्राम पंचायत चोढा की सरपंच श्रीमती सुनीता करपे ने की। इसके साथ ही मुरली, बोईदा, अण्डीकछार, रामपुर, उतरदा और नेवसा पंचायतों के सरपंच भी कार्यक्रम में शामिल हुए। विभागों द्वारा नागरिकों को योजनाओं का लाभ प्रदान किया गया। कृषि विभाग द्वारा शाकाम्भरी योजना के अंतर्गत हितग्राही किताब घासीराम को डीजल पंप उपलब्ध कराया गया।

पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग द्वारा सात हितग्राहियों को राशन कार्ड वितरित किए गए। समाज कल्याण विभाग ने छह हितग्राहियों को पेंशन स्वीकृति आदेश और एक हितग्राही को श्रवण यंत्र प्रदान किया। राजस्व विभाग द्वारा छह हितग्राहियों को डिजिटल किसान किताब और चार हितग्राहियों को वन अधिकार पत्र की पर्ची प्रदान की गई। शिविर में कुल 576 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें से 153 का त्वरित निराकरण किया गया। क्लस्टर में सम्मिलित ग्राम पंचायतों में चोढा, मुरली, बोईदा, अण्डीकछार, रामपुर, सिरली, कसियाडीह, उतरदा और नेवसा शामिल रहे। मुख्य अतिथियों ने अपने उद्बोधन में कहा कि सुशासन तिहार के तहत आयोजित शिविरों से नागरिकों को एक ही स्थान पर सभी विभागों की सेवाएं और जानकारी आसानी से प्राप्त होती है।

शासन की योजनाएं अब केवल कागजों तक सीमित नहीं रहकर गांव-गांव पहुंचते हुए जरूरतमंद परिवारों के जीवन में वास्तविक बदलाव ला रही हैं

# सुशासन तिहारः प्रधानमंत्री आवास योजना से मिली सुरक्षित जीवन की नई शुरूआत

**टीम एक्शन इंडिया**

**रायपुरः** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में सुशासन तिहार 2026 प्रदेश में जनकल्याण, सुशासन और संवेदनशील प्रशासन का प्रभावी माध्यम बनकर उभर रहा है। शासन की योजनाएं अब केवल कागजों तक सीमित नहीं रहकर गांव-गांव पहुंचते हुए जरूरतमंद परिवारों के जीवन में वास्तविक बदलाव ला रही हैं। जनसमस्या निवारण शिविरों के माध्यम से आम नागरिकों की समस्याओं का त्वरित समाधान किया जा रहा है तथा पात्र हितग्राहियों को योजनाओं का लाभ सीधे उनके द्वार तक पहुंचाया जा रहा है। इसी क्रम में जनपद पंचायत कोरबा




अंतर्गत ग्राम चुइया निवासी विमला बाई के जीवन में भी सुशासन तिहार नई खुशियां लेकर आया है। प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के तहत पक्का आवास मिलने से उनका वर्षों पुराना सपना पूरा हो गया है। लंबे समय तक कच्चे मकान में जीवन यापन करने वाले इस परिवार को अब सुरक्षित और सुविधायुक्त आशियाना मिल गया है। पक्के घर ने न केवल उनके परिवार को सुरक्षा और सम्मान दिया है, बल्कि जीवन में आत्मविश्वास और सुकून भी बढ़ाया है। श्रीमती विमला बाई, पति श्री प्यारेलाल, एक साधारण गृहिणी हैं। उनका परिवार लंबे समय से आर्थिक अभावों के बीच कच्चे मकान में रह रहा था। बरसात के दिनों में घर की छत से पानी टपकता था, जिससे परिवार को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता था। वहीं गर्मी के मौसम में भी कच्चा मकान असुविधा का कारण बनता था। मौसम की मार और सीमित संसाधनों के बावजूद परिवार ने बेहतर जीवन का सपना संजोए रखा। उनके दो लड़के हैं और परिवार की जिम्मेदारियों के बीच पक्का मकान बनाना उनके लिए संभव नहीं हो पा रहा था। प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ मिलने के बाद उनका यह सपना साकार हुआ। लगभग दो से तीन माह पूर्व ही उनका आवास बनकर तैयार हो चुका है। शासन से मिली सहायता राशि एवं स्वयं की बचत से उन्होंने अपने नए घर का निर्माण कराया है। अब परिवार को किसी प्रकार की परेशानी का सामना नहीं करना पड़ रहा है और सभी सुरक्षित एवं संतोषपूर्ण वातावरण में जीवन यापन कर रहे हैं। आज आयोजित जनसमस्या निवारण शिविर, चुइया में श्रीमती विमला बाई को आवास की चाबी सौंपकर शुभकामनाएं दी गईं।

विमला बाई ने मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय एवं शासन-प्रशासन के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना ने उनके जैसे गरीब परिवारों को नया जीवन दिया है।

# संपादकीय

## लोकलुभावन राजनीति और राज्यों पर बढ़ता ऋण बोझ

**भारत** में राज्यों का लगातार बढ़ता ऋण-से-सकल घरेलू उत्पाद अनुपात आज केवल एक आर्थिक संकेतक नहीं, बल्कि देश की वित्तीय स्थिरता और सहकारी संघवाद के लिए गंभीर चेतावनी बन चुका है। पिछले कुछ वर्षों में अधिकांश राज्यों का सार्वजनिक ऋण तेजी से बढ़ा है। राजस्व घाटे, लोकलुभावन योजनाओं, कमजोर कर-संग्रह प्रणाली तथा बजट से बाहर लिए गए उधारों ने राज्यों की वित्तीय स्थिति को कमजोर किया है। भारतीय रिजर्व बैंक और वित्त आयोगों ने भी समय-समय पर इस बढ़ती ऋण प्रवृत्ति पर चिंता व्यक्त की है। यदि समय रहते सुधारात्मक कदम नहीं उठाए गए, तो भविष्य में यह संकट राज्यों की विकास क्षमता और संघीय संतुलन दोनों को प्रभावित कर सकता है। राज्यों के बढ़ते ऋण का सबसे बड़ा कारण लगातार बढ़ता राजस्व घाटा है। कई राज्य अपनी नियमित आय से वेतन, पेंशन, ब्याज भुगतान और सब्सिडी जैसे खर्चों को पूरा नहीं कर पा रहे हैं। परिणामस्वरूप उन्हें सामान्य प्रशासनिक गतिविधियों के लिए भी उधार लेना पड़ता है। यह स्थिति आर्थिक दृष्टि से अत्यंत अस्थिर मानी जाती है क्योंकि उधार का उपयोग उत्पादक निवेश के बजाय दैनिक खर्चों में होने लगता है। पंजाब, केरल और पश्चिम बंगाल जैसे राज्यों में ब्याज भुगतान और पेंशन व्यय लगातार बढ़ रहा है, जिससे विकासात्मक परियोजनाओं के लिए संसाधन सीमित होते जा रहे हैं। लोकलुभावन राजनीति ने भी इस वित्तीय संकट को गहरा किया है। चुनावी प्रतिस्पर्धा के दौर में मुफ्त बिजली, कृषि ऋण माफी, मुफ्त परिवहन, नकद सहायता और विभिन्न प्रकार की सब्सिडी योजनाओं का विस्तार हुआ है। यद्यपि सामाजिक कल्याण योजनाएँ लोकतांत्रिक शासन का आवश्यक हिस्सा हैं, लेकिन जब वे वित्तीय क्षमता से अधिक बढ़ जाती हैं, तब वे राजकोषीय अनुशासन को कमजोर कर देती हैं। अधिकांश मुफ्त योजनाएँ दीर्घकालिक आर्थिक उत्पादकता नहीं बढ़ातीं, जिससे भविष्य में राजस्व सृजन की क्षमता कम हो जाती है और ऋण का बोझ बढ़ता जाता है। वस्तु एवं सेवा कर व्यवस्था लागू होने के बाद राज्यों की वित्तीय स्वायत्तता भी सीमित हुई है। पहले राज्यों के पास मूल्य वर्धित कर और अन्य अप्रत्यक्ष करों के माध्यम से स्वतंत्र राजस्व स्रोत उपलब्ध थे, लेकिन अब वे काफी हद तक केंद्र के हस्तांतरण और वस्तु एवं सेवा कर क्षतिपूर्ति पर निर्भर हो गए हैं। कोरोना महामारी के दौरान वस्तु एवं सेवा कर क्षतिपूर्ति में देरी ने राज्यों की वित्तीय समस्याओं को और गंभीर बना दिया। इससे केंद्र और राज्यों के बीच वित्तीय मतभेद बढ़े, जिसने सहकारी संघवाद की भावना को प्रभावित किया। कमजोर कर आधार भी राज्यों की आर्थिक कमजोरी का एक महत्वपूर्ण कारण है। कई राज्यों में संपत्ति कर, उपयोगकर्ता शुल्क और स्थानीय निकाय कर प्रभावी ढंग से वसूले नहीं जाते। नगरपालिकाओं और पंचायतों की वित्तीय स्थिति कमजोर होने के कारण राज्यों पर अतिरिक्त दबाव पड़ता है।

**नई दिल्ली कार्यालय**
एक्शन बालाजी हाउस, बी-244, मजलिस पार्क, दिल्ली- 110033

**उत्तरी दिल्ली कार्यालय**
शक्ति कॉम्पलैक्स, 6/18, समयपुर इंडस्ट्रियल एरिया, दिल्ली- 110042

**चंडीगढ़ कार्यालय**
फर्स्ट फ्लोर, देश सेवक बिल्डिंग, सेक्टर- 29डी, चंडीगढ़

**पंजाब कार्यालय**
7/2, थर्ड फ्लोर, मोनिका, टावर, ईआर-146, पक्का बाग, मिलाप चौक, जालंधर

**करनाल कार्यालय**
224, सेक्टर 32पी, करनाल- 132001

**सोनीपत कार्यालय**
ऑफिस no. 11, ग्राउंड फ्लोर पवन मेगा मॉल सुभाष चौक सोनीपत

**शिमला कार्यालय**
किशोर भवन, जोधा निवास, डेजी बैंक एस्टेट, लोअर जाखू, शिमला- 171001

**ऊना कार्यालय**
कृष्णा टावर, सब्जी मंडी के सामने, ऊना-174303

**देहरादून कार्यालय**
7/1, बल्लूपुर रोड़, कृष्णा नगर चौक, देहरादून

# नीट परीक्षा की शुचिता पर सबसे बड़ा संकट



डॉ. रामानुज पाठक

> "पिछले कुछ वर्षों में देश की विभिन्न भर्ती और प्रवेश परीक्षाओं में प्रश्नपत्र लीक की घटनाओं ने जिस प्रकार भयावह रूप लिया है, उसने भारतीय परीक्षा प्रणाली की विश्वसनीयता पर गंभीर प्रश्नचि लगा दिया है।
> राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी अर्थात एनटीए की स्थापना वर्ष 2018 में इस उद्देश्य से की गई थी कि देश की प्रमुख प्रवेश परीक्षाओं को अधिक पारदर्शी, वैज्ञानिक और सुरक्षित बनाया जा सके। नीट, जेईई, यूजीसी-नेट जैसी राष्ट्रीय परीक्षाओं का संचालन इसी एजेंसी को सौंपा गया। परंतु विडंबना यह है कि एनटीए के गठन के बाद भी परीक्षा विवाद कम होने के बजाय बढ़ते गए"

**भारत** में प्रतियोगी परीक्षाएं केवल चयन की प्रक्रिया नहीं हैं, बल्कि करोड़ों युवाओं के सपनों, परिवारों के संघर्ष और सामाजिक परिवर्तन की सबसे महत्वपूर्ण धुरी हैं। गांवों और छोटे कस्बों से निकलने वाला विद्यार्थी वर्षों तक कठिन परिश्रम करता है, माता-पिता अपनी जमा पूंजी खर्च करते हैं, कई परिवार कर्ज लेते हैं और जीवन की बुनियादी आवश्यकताओं में कटौती कर बच्चों को कोचिंग तक पहुंचाते हैं, क्योंकि उन्हें विश्वास होता है कि परीक्षा निष्पक्ष होगी और सफलता का आधार केवल प्रतिभा तथा मेहनत होगी। किंतु जब बार-बार प्रश्नपत्र लीक होने, परीक्षा रद्द होने और धांधलियों की खबरें सामने आती हैं, तब यह विश्वास गहरे संकट में पड़ जाता है। पिछले कुछ वर्षों में देश की विभिन्न भर्ती और प्रवेश परीक्षाओं में प्रश्नपत्र लीक की घटनाओं ने जिस प्रकार भयावह रूप लिया है, उसने भारतीय परीक्षा प्रणाली की विश्वसनीयता पर गंभीर प्रश्नचि लगा दिया है।

राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी अर्थात एनटीए की स्थापना वर्ष 2018 में इस उद्देश्य से की गई थी कि देश की प्रमुख प्रवेश परीक्षाओं को अधिक पारदर्शी, वैज्ञानिक और सुरक्षित बनाया जा सके। नीट, जेईई, यूजीसी-नेट जैसी राष्ट्रीय परीक्षाओं का संचालन इसी एजेंसी को सौंपा गया। परंतु विडंबना यह है कि एनटीए के गठन के बाद भी परीक्षा विवाद कम होने के बजाय बढ़ते गए। विभिन्न मीडिया और सार्वजनिक रिपोर्टों के अनुसार पिछले लगभग डेढ़ दशक में देशभर में भर्ती तथा प्रवेश परीक्षाओं से जुड़े प्रश्नपत्र लीक के नब्बे से अधिक मामले सामने आ चुके हैं। इनमें चिकित्सा, इंजीनियरिंग, शिक्षक भर्ती, पुलिस भर्ती, पटवारी, रेलवे, एसएससी तथा राज्य लोक सेवा आयोगों की अनेक परीक्षाएं शामिल रही हैं। केवल वर्ष 2020 से 2025 के बीच ही लाखों अभ्यर्थी किसी न किसी परीक्षा रद्द होने या विवादित होने से प्रभावित हुए। वर्ष 2024 में नीट और यूजीसी-नेट विवाद ने पूरे देश को झकझोर दिया था, जबकि इससे पहले राजस्थान, बिहार, उत्तर प्रदेश, मध्यप्रदेश, हरियाणा और गुजरात सहित अनेक राज्यों में भर्ती परीक्षाओं के पर्चा लीक होने के मामले सामने आए। केवल राजस्थान में पिछले कुछ वर्षों में दर्जनों भर्ती परीक्षाएं विवादों और पेपर लीक के कारण प्रभावित हुईं। कई मामलों में सरकारों को परीक्षाएं रद्द करनी पड़ीं, हजारों गिरफ्तारियां हुईं और करोड़ों रुपये के अवैध लेन-देन का खुलासा भी हुआ। बिहार और गुजरात में पुलिस ने ऐसे गिरोह पकड़े जिनके तार कोचिंग संस्थानों, प्रिंटिंग प्रेस और परीक्षा केंद्रों तक जुड़े पाए गए। कई राज्यों ने कठोर कानून बनाए, जबकि केंद्र सरकार ने भी सार्वजनिक परीक्षा (अनुचित साधनों की रोकथाम) अधिनियम लागू किया, ताकि राष्ट्रीय स्तर की परीक्षाओं में धांधली रोकने के लिए कठोर कानूनी आधार तैयार हो सके।

नीट-यूजी-2026 विवाद ने इस संकट को और गंभीर बना दिया। लगभग तेईस लाख विद्यार्थियों ने यह परीक्षा दी थी। यदि इतनी विशाल परीक्षा में प्रश्नपत्र लीक की आशंका के कारण परीक्षा रद्द होती है, तो इसका सीधा प्रभाव करोड़ों लोगों पर पड़ता है। एक अनुमान के अनुसार भारत में मेडिकल प्रवेश परीक्षा की तैयारी पर औसतन एक विद्यार्थी प्रतिवर्ष एक से तीन लाख रुपये तक खर्च करता है, जबकि बड़े कोचिंग केंद्रों में यह राशि पांच लाख रुपये तक पहुंच जाती है। यदि लाखों विद्यार्थियों की परीक्षा दोबारा आयोजित होती है, तो इससे यात्रा, आवास, मानसिक तनाव और तैयारी का अतिरिक्त बोझ भी बढ़ता है। यह केवल आर्थिक हानि नहीं, बल्कि सामाजिक और मनोवैज्ञानिक संकट भी है। अनेक विद्यार्थी लगातार परीक्षा दबाव के कारण अवसाद और चिंता जैसी समस्याओं से गुजरते हैं। विभिन्न मानसिक स्वास्थ्य अध्ययनों में यह सामने आया है कि प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करने वाले बड़ी संख्या में विद्यार्थी गंभीर तनाव महसूस करते हैं। ऐसे में पर्चा लीक जैसी घटनाएं उनके आत्मविश्वास को और तोड़ देती हैं।

सबसे गंभीर प्रश्न यह है कि अत्याधुनिक सुरक्षा दावों के बावजूद प्रश्नपत्र आखिर लीक कैसे हो जाते हैं? एनटीए और अन्य संस्थाएं अक्सर जीपीएस ट्रैकिंग, एआइ आधारित सीसीटीवी निगरानी, बायोमेट्रिक सत्यापन और डिजिटल नियंत्रण कक्ष जैसे सुरक्षा उपायों का उल्लेख करती हैं। इसके बावजूद यदि प्रश्नपत्र परीक्षा पूर्व बाहर पहुंच रहा है, तो यह स्पष्ट संकेत है कि समस्या केवल तकनीकी नहीं, बल्कि संस्थागत और नैतिक भी है। वास्तव में प्रश्नपत्र लीक अब एक संगठित अपराध उद्योग का रूप ले चुका है। इसमें कोचिंग माफिया, साइबर अपराधी, दलाल नेटवर्क और कभी-कभी प्रशासनिक तंत्र के भ्रष्ट तत्व भी शामिल पाए जाते हैं। कई मामलों में लाखों से लेकर करोड़ों रुपये तक लेकर प्रश्नपत्र बेचने की जानकारी सामने आई है। इसका अर्थ है कि शिक्षा और रोजगार की व्यवस्था के आसपास एक समानांतर अवैध अर्थव्यवस्था विकसित हो चुकी है। इसके बावजूद प्रश्न यह है कि आखिर कमी कहां है? सबसे बड़ी कमजोरी पूरी परीक्षा प्रणाली का अत्यधिक केंद्रीकरण और मानवीय स्तर पर जवाबदेही का अभाव है। प्रश्नपत्र निर्माण से लेकर प्रिंटिंग, पैकेजिंग, परिवहन और परीक्षा केंद्र तक पहुंचाने की प्रक्रिया में अनेक स्तरों पर लोग जुड़े होते हैं। यदि इनमें से किसी एक स्तर पर भी भ्रष्टाचार या मिलीभगत हो जाए, तो पूरी गोपनीयता ध्वस्त हो सकती है। दूसरी बड़ी समस्या कोचिंग और परीक्षा माफिया का बढ़ता गठजोड़ है। प्रतियोगी परीक्षाओं के आसपास हजारों करोड़ रुपये का बाजार विकसित हो चुका है, जहां सफलता को ह्लबेचे जाने वाले उत्पादह्व की तरह देखा जाने लगा है। तीसरी कमी तकनीक पर अत्यधिक निर्भरता है। एआइ निगरानी, जीपीएस ट्रैकिंग और डिजिटल सुरक्षा के दावे तब कमजोर पड़ जाते हैं जब अंदरूनी लोग ही सिस्टम से समझौता कर लें। चौथी बड़ी समस्या जांच और न्यायिक प्रक्रिया की धीमी गति है। अधिकांश मामलों में कार्रवाई वर्षों तक चलती रहती है, जिससे अपराधियों में भय समाप्त हो जाता है।

इस संकट का सबसे खतरनाक प्रभाव युवाओं की मानसिकता पर पड़ रहा है। जब ईमानदारी से मेहनत करने वाला विद्यार्थी यह महसूस करने लगे कि सफलता का मार्ग परिश्रम नहीं बल्कि भ्रष्ट नेटवर्क तय कर रहा है, तब व्यवस्था के प्रति उसका विश्वास कमजोर पड़ने लगता है। यही अविश्वास धीरे-धीरे सामाजिक असंतोष में बदल सकता है। भारत जैसे युवा देश के लिए यह स्थिति अत्यंत चिंताजनक है, क्योंकि यहां हर वर्ष करोड़ों युवा रोजगार और उच्च शिक्षा की प्रतिस्पर्धा में शामिल होते हैं। यदि परीक्षा प्रणाली ही संदेह के घेरे में आ जाए, तो प्रतिभा आधारित सामाजिक संरचना कमजोर हो जाएगी। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए अब केवल औपचारिक जांच या परीक्षा रद्द करना पर्याप्त नहीं है। व्यापक और कठोर सुधारों की आवश्यकता है। सबसे पहले प्रश्नपत्र निर्माण और वितरण प्रणाली को पूर्णतः विकेंद्रीकृत और बहुस्तरीय सुरक्षा ढांचे में लाया जाना चाहिए। प्रश्नपत्रों को अंतिम समय पर डिजिटल एन्क्रिप्शन के माध्यम से परीक्षा केंद्रों तक पहुंचाने की व्यवस्था विकसित की जा सकती है, जिससे भौतिक परिवहन की आवश्यकता कम हो। कई विकसित देशों में कंप्यूटर आधारित परीक्षाओं में प्रश्नों का क्रम और सेट प्रत्येक विद्यार्थी के लिए अलग होता है।

## सपनों की उड़ान अकेले नहीं, परिवार के पंखों से ऊँची होती है

**कृति आरके जैन**

**टूटते** रिश्तों की खामोशी जब जीवन में फैलती है, तो हर दिशा सूनी और अर्थहीन लगने लगती है। इंसान जीता तो है, पर भीतर से खाली हो जाता है। 15 मई, अंतर्राष्ट्रीय परिवार दिवस, इसी सच को उजागर करता है कि परिवार ही वह अटूट आधार है, जो हमें स्थिरता देता है, कठिन समय में संभालता है और आगे बढ़ने की प्रेरणा बनता है। यह दिन केवल एक औपचारिक उत्सव नहीं, बल्कि मानव सभ्यता की जड़ों को मजबूत करने का आह्वान है। 1993 में संयुक्त राष्ट्र द्वारा इसकी घोषणा का उद्देश्य भी यही था–परिवार बिखरा, तो समाज का संतुलन डगमगा जाएगा। आज बढ़ती असमानताओं के दौर में यह दिवस हमें चेताता है कि परिवार ही वह सुदृढ़ कवच है, जो बच्चों के भविष्य को सुरक्षित रखता है। परिवार की संरचना सदियों से बदल रही है, लेकिन उसका मूल मर्म आज भी प्रेम, सहयोग और जिम्मेदारी ही है। 1980 के दशक से संयुक्त राष्ट्र ने पारिवारिक मुद्दों पर ध्यान दिया, जिसके चलते 1994 से यह दिवस मनाया जा रहा है।

यह दिन परिवारों को प्रभावित करने वाली सामाजिक, आर्थिक और जनसांख्यिकीय चुनौतियों की याद दिलाता है। आधुनिक युग में न्यूक्लियर परिवार बढ़े हैं, फिर भी संयुक्त परिवार की गर्मजोशी कई संस्कृतियों में बरकरार है। भारत में जहां 'परिवार' शब्द ही संस्कृति का पर्याय है, यह दिवस हमें सिखाता है कि परिवार सिर्फ रक्त के रिश्ते नहीं, बल्कि भावनात्मक बंधन है। 2026 की थीम परिवार, असमानताएँ और बाल कल्याण दर्शाती है कि सशक्त परिवार ही समानता और बच्चों के सुरक्षित भविष्य का मार्ग बनाते हैं। परिवार व्यक्ति के विकास की पहली पाठशाला है, जहाँ बच्चा भाषा के साथ संस्कार, नैतिकता और संघर्ष की क्षमता सीखता है। शोध बताते हैं कि मजबूत पारिवारिक सहारे वाले बच्चे चुनौतियों का सामना अधिक दृढ़ता से करते हैं। चंद्रयान-3 मिशन के दौरान वैज्ञानिकों के परिवारों ने लगातार समर्थन देकर लंबे कार्यदबाव में उनका मनोबल बनाए रखा–यह परिवार की अदृश्य शक्ति का उदाहरण है। परिवार आत्मविश्वास का आधार है, जो गिरने पर संभालता है और डर में हिम्मत देता है। इसके अभाव में बच्चे अकेलेपन और मानसिक तनाव से जूझ सकते हैं। इसलिए परिवार दिवस हर बच्चे के लिए इस सहारे की आवश्यकता याद दिलाता है। दौड़ती-भागती आधुनिक जिंदगी ने परिवारों के सामने कई नई चुनौतियाँ खड़ी कर दी हैं। शहरीकरण, काम का दबाव, सोशल मीडिया और आर्थिक असमानताएँ रिश्तों में दूरी बढ़ा रही हैं। कई माता-पिता रोजगार के कारण बच्चों से दूर रहते हैं, जिससे भावनात्मक जुड़ाव कमजोर होता है। बढ़ती विषमताएँ गरीब परिवारों को शिक्षा और स्वास्थ्य से वंचित कर देती हैं। फिर भी कुछ परिवार इन हालात में मजबूत बनकर उभरते हैं।

# विचार

## बंगाल में 'शुभ राज' के साथ सनातन का सूर्योदय

**पश्चिम** बंगाल में 69 वर्षों के अथक संघर्ष के बाद भारतीय जनता पार्टी की पूर्ण बहुमत वाली सरकार प्रथम सरकार शुभेंदु अधिकारी के नेतृत्व में कार्यभार ग्रहण करके काम पर लग गयी है। बंगाल में बीजेपी की विजय बहुत बड़ी व ऐतिहासिक है। बंगाल ही नहीं भारत के अन्य भागों में भी इस विजय का आनंद दिखाई वातावरण दे रहा है। इस विजय के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कर्नाटक, तेलंगना और गुजरात के दौरे में जो भीड़ उमड़ रही है उससे स्पष्ट रूप से जनसामान्य और भाजपा कायकताओं के उत्साह का अनुमान लगाया जा सकता है। बंगाल विधानसभा चुनावों मे हिंदू समाज ने पहली बार बांग्लादेशी घुसपैठ और मुस्लिम तुष्टिकरण की विकृत राजनीति के विरुद्ध एकजुट होकर मतदान किया और जिसका परिणाम आज पूरा भारत देख रहा है। बंगाल की जिस धरती पर 75 वर्ष पूर्व डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने जनसंघ की वैचारिक नींव रखी थी उसी बंगाल में पहली बार भाजपा 207 सीटों के साथ सत्ता के शिखर पर पंहुची और भगवा वस्त्रों में शुभेंदु अधिकारी ने मुख्यमंत्री पद की शपथ ली। बंगाल की कैबिनेट में अभी पांच मंत्रियों को ही शपथ दिलाई गई है, जिसमे बंगाल में भाजपा का संगठन खड़ा करने में अहम भूमिका निभाने वाले दिलीप घोष, फैशन डिजाइनर से बंगाल भाजपा की सबसे मुखर नेत्री बनी अग्निमित्रा पॉल जिन्होंने तृणमूल के खिलाफ आक्रामक मोर्चा संभाला, बांग्लादेश के हिंदू शरणार्थी मतुआ समुदाय के प्रमुख चेहरे अशोक कीर्तनिया जो उत्तर 24 परगना जिले के भारत -बांग्लादेश सीमा से सटे इलाको में भाजपा के जमीनी संगठनकर्ता के रूप मे अत्यंत सक्रिय रहे हैं, छात्र राजनीति से उभरे नेता निशीथ प्रामाणिक जो 2019 में भाजपा से जुड़े और जंगल महल के आदिवासी समुदाय के बड़े नेता खुदीराम टुडू शामिल हैं । अभी इस मंत्रिमंडल है का विस्तार होना बाकी है। बंगाल में शपथ ग्रहण समारोह के मंच पर एक भारत श्रेष्ठ भारत की संकल्पना के अनुरूप लघु भारत के भव्य दर्शन हो रहे थे तथा भविष्य की राजनीति के संकेत भी मिल रहे थे। स्वतंत्रता प्राप्ति के बाद से आज तक बंगाल में कांग्रेस, वामपंथ और तृणमूल की सरकारें रहीं जो तुष्टिकरण में आकंठ डूबी रहीं और हिंदुओ को दोयम दर्जे का नागरिक बना दिया । स्थितियां इतनी विकट हो गयी थीं कि बंगाल की धरती पर जय श्रीराम बोलने पर नफरत का कहर टूट पड़ता था।आज उसी बंगाल में जब जयश्रीराम के नारे गूंज रहे हैं तो बंगाल का हर सनातनी खुशी से सराबोर हो रहा है।बंगाल में भाजपा सरकार आने से पश्चिम बंगाल के हिन्दुओं को तुष्टिकरण की दमनकारी नीतियों और भय के माहौल से आजादी मिली है। यह विजय केवल सत्ता का परिवर्तन नहीं अपितु बंगाल के पुनरुत्थान का शंखनाद है। अब बंगाल सही मायने में सोनार बांग्ला बनने की ओर अग्रसर होगा।भाजपा नेताओं का कहना है कि मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी के नेतृत्व में पश्चिम बंगाल सांस्कृतिक, आध्यात्मिक व आर्थिक उत्थान के नए दौर मे प्रवेश करेगा। हार की कुंठा से ग्रसित तृणमूल व विरोधी दलों के नेता अभी भी एस आई आर, चुनाव आयोग और केंद्रीय सुरक्षाबलों वाले आरोप दोहरा रहे हैं जबकि वास्तविकता यह है कि भाजपा ने यह चुनाव लम्बे संघर्ष और अपने कार्यकताओं के बलिदान के बाद जीता है। तृणमूल के राज में वर्ष 2011 से 2025 के बीच भाजपा के 321 कार्यकर्ता मारे गए, उनके विरुद्ध हुई हिंसा में हजारों घर उजाड़ दी गए, भाजपा व संघ के किसी कार्यकर्ता को बम से उड़ाया गया किसी को पेड़ से लटकाया गया। 2021 में तो भाजपा कार्यकताओं के प्रति तृणमूल के लोगों ने क्रूरता की सभी सीमाएं लांघ दी थीं। नंदीग्राम से लेकर वीरभूम तक, कूच बिहार हो या वशीर हाट चुनाव के बाद बदले के नाम पर पूरे -पूरे गांव खाली करवा दिए गए थे। 2021 की चुनावी हिंसा में हाईकोर्ट ने सीबीआई जांच के आदेश दिए किंतु ममता सरकार उन सभी में अड़ंगा डालती रही।

आज संदेशखाली से आर जी कर कांड तक सभी पीड़ित परिवारों के मन में एक नया सबेरा आया है कि अब न्याय होकर रहेगा। बंगाल के हिंदू जनमानस को नयी सरकार पर भरोसा है इसलिए नई सरकार को भी अत्यंत तत्परता और सतर्कता के साथ संकल्प पत्र को पूरा करना होगा। नई सरकार ने अपनी पहली कैबिनेट की पहली बैठक में जो निर्णय लिए हैं उनसे उसकी गंभीरता तथा बंगाल की जनता के प्रति प्रतिबद्धता का पता चलता है।

**एक्शन इंडिया दैनिक**

**भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

आरएनआई: UTTHIN / 2009 / 31653

एक्शन इंडिया मल्टीमीडिया प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक रवि भारद्वाज द्वारा एक्शन इंडिया कार्यालय, 7/1, बल्लूपुर रोड, डॉ टीपी पटनायक के सामने, कृष्ण नगर चौक के पास, देहरादून, उत्तराखण्ड से प्रकाशित एवं मारुतिनंदन प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स, शक्ति कॉम्प्लेक्स, 6/18, समयपुर इंडस्ट्रियल एरिया, दिल्ली-110042 से मुद्रित।
संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज जी
समूह संपादक : रवि भारद्वाज ( 9999889104)
स्थानीय संपादक : हिमांशु अनिकेत ( 9837313943)
'एक्शन इंडिया' में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक केवल पीआरबी एक्ट के तहत ही उत्तरदायी। किसी भी विवाद का न्यायिक क्षेत्र दिल्ली ही होगा।
actionindiaddn@gmail.com

वैधानिक सूचना
पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अतः समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।

# आलेख

## परीक्षा नहीं, भविष्य लीक हुआ है

**अवनीश कुमार गुप्ता**

**भारत में** प्रतियोगी परीक्षाएँ अब केवल करियर का माध्यम नहीं रह गई हैं; वे करोड़ों परिवारों की आकांक्षाओं, सामाजिक गतिशीलता और आर्थिक भविष्य का केंद्र बन चुकी हैं। यही कारण है कि जब राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (नीट-यूजी) 2026 को कथित पेपर लीक और क्वेश्चन बैंक विवाद के बाद रद्द किया गया, तो यह केवल एक परीक्षा का स्थगन नहीं था। यह उस भरोसे पर आघात था, जिसके आधार पर लाखों छात्र वर्षों तक तैयारी करते हैं और परिवार अपनी जमा-पूंजी दांव पर लगाते हैं। देशभर से लगभग 24 लाख छात्रों ने इस परीक्षा में भाग लिया था। मेडिकल शिक्षा की सीमित सीटों और अत्यधिक प्रतिस्पर्धा के बीच यह परीक्षा देश की सबसे कठिन और निर्णायक परीक्षाओं में मानी जाती है।

लेकिन परीक्षा के कुछ ही दिनों बाद राजस्थान, उत्तराखंड और अन्य राज्यों से सामने आई रिपोर्टों ने पूरे तंत्र को कटघरे में खड़ा कर दिया। जांच एजेंसियों के अनुसार परीक्षा से पहले एक कथित क्वेश्चन बैंक छात्रों तक पहुंचा, जिसमें मौजूद बड़ी संख्या में प्रश्न वास्तविक परीक्षा से मेल खाते पाए गए।

राजस्थान पुलिस के विशेष अभियान समूह की जांच में सामने आया कि सीकर, जयपुर और झुंझुनूं जैसे कोचिंग केंद्रों में परीक्षा से पहले प्रश्न सामग्री प्रसारित हुई। मीडिया रिपोर्टों के अनुसार यह सामग्री व्हाट्सऐप और अन्य एन्क्रिप्टेड मैसेजिंग प्लेटफॉर्म के माध्यम से कई छात्रों तक पहुंची। कुछ रिपोर्टों में यह भी कहा गया कि कथित प्रश्न बैंक में 300 से अधिक प्रश्न थे, जिनमें से लगभग 150 प्रश्न हूबहू परीक्षा में दिखाई दिए। यदि यह तथ्य पूरी तरह सिद्ध होता है, तो यह केवल लापरवाही नहीं, बल्कि संगठित परीक्षा अपराध की श्रेणी में आता है। इस पूरे प्रकरण का सबसे चिंताजनक पक्ष यह नहीं कि पेपर लीक हुआ या नहीं; बल्कि यह है कि अब छात्रों और अभिभावकों का एक बड़ा वर्ग यह मानने लगा है कि प्रतियोगी परीक्षाओं में केवल मेहनत पर्याप्त नहीं रह गई। यही भावना किसी भी लोकतांत्रिक शिक्षा व्यवस्था के लिए सबसे बड़ा संकट है।

## सूखी आँखों का गीला दर्शन

**डॉ. सुरेश कुमार**

सेकंड क्लास के स्लीपर कोच में प्रवेश करते ही ऐसा लगता है मानो हम भारतीय रेल के डिब्बे में नहीं, बल्कि कलयुग के उस चिड़ियाघर में आ गए हैं जहाँ पिंजरे के अंदर और बाहर, दोनों तरफ जानवर ही रहते हैं। यहाँ की हवा में पसीने, अचार और गरीबी की एक ऐसी त्रिकोणीय गंध होती है जिसे सूंघते ही नासिका छिद्रों को मोक्ष प्राप्त हो जाता है। बर्थ पर बैठे यात्री ऐसे चौकन्ने रहते हैं मानो उन्होंने अटैची में कोहिनूर हीरा छिपा रखा हो, जबकि हकीकत में उसमें सिर्फ फटी हुई बनियानें और घर से लाया गया कड़ा पराठा होता है। तभी डिब्बे के दरवाजे पर एक ऐसा प्राणी प्रकट होता है जिसकी देह पर कपड़े कम और इतिहास के घाव ज्यादा होते हैं। वह खंजरी बजाता है और आवाज लगाता है–"ए बाबू! हमार पेट नाहीं, ई तौ कुआँ होय, जेमा जेत्ता डालौ सब कम लागै। दे दऽ माई, तोहार लड़का जुग-जुग जिए!" उसकी आवाज में वह मिठास है जो केवल उन लोगों के पास होती है जिन्होंने चीनी खरीदने की औकात बहुत पहले खो दी है। वह खंजरी ऐसे बजाता है जैसे ट्रेन के पहिए उसके ताल पर ही घूम रहे हों और यात्री अपनी जेबें ऐसे दबाते हैं मानो वह भिखारी नहीं, आयकर विभाग का कोई छापा मार दस्ता हो। थोड़ी देर में एक दूसरा कलाकार अवतरित होता है, जो पूरी तरह से भगवान के नाम पर डराता है। उसने गले में भगवानों की एक पूरी कैबिनेट लटका रखी है। वह अवधी और भोजपुरी के मिश्रण में श्राप और आशीर्वाद का ऐसा कॉकटेल परोसता है कि नास्तिक भी डर के मारे जेब में हाथ डाल देता है। "अरे साहेब, हमका का देखत हौ? हम तौ तोहरे पाप काटै आए अही। जे देई ओकरो भला, जे ना देई ओकरो बिटिया का बियाह न होई!" यह सुनते ही शादी के लायक बच्चों के मात-पिताओं के माथे पर पसीना आ जाता है।

वह एक अंधे भिखारी का हाथ पकड़े है, जो दरअसल इतना अंधा है कि वह सुंदर लड़कियों के सामने आते ही अपनी आँखों की पुतलियाँ कुछ ज्यादा ही तेजी से नचाने लगता है। उसकी लाठी की खटखटाहट ट्रेन के शोर को चुनौती देती है।

# सोनीपत नगर निगम चुनाव में भाजपा की प्रचंड जीत, राजीव जैन लगातार दूसरी बार बने मेयर

**विजयी जुलूस**

**- नवनिर्वाचित मेयर राजीव जैन ने निकाला विजयी जुलूस, लोगों ने किया स्वागत**



**टीम एक्शन इंडिया**
**सोनीपत ( संजीव कौशिक )**
सोनीपत नगर निगम चुनाव में मेयर पद पर भाजपा प्रत्याशी राजीव जैन ने एक बार फिर से बाजी मारते हुए कांग्रेस प्रत्याशी कमल दीवान को 23 हजार 247 वोटों के अंतर से पराजित कर शानदार जीत हासिल की है। उनके साथ ही सोनीपत नगर निगम के 22 में से 17 वार्डों में भाजपा के पार्षद प्रत्याशियों ने भी धमाकेदार जीत दर्ज की है। भाजपा कार्यकताओं ने नवनिर्वाचित मेयर राजीव जैन एवं विजयी पार्षदों के साथ शहर में विजय रैली निकाली। विजयी जुलूस में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ईंधन बचत की अपील का पूरा असर दिखा। राजीव जैन सादगी के साथ गाड़ी में सवार होकर निकले। इस बार गाड़ियों का काफिला भले न दिखा हो लेकिन उनके साथ कार्यकताओं की पूरी भीड़ डटी रही। इस दौरान भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मोहनलाल बड़ौली, पूर्व कैबिनेट मंत्री कविता जैन, विधायक निखिल मदान, जिलाध्यक्ष अशोक भारद्वाज, राजकुमार कटारिया, दिव्यांक जैन सहित भाजपा के सभी विजयी पार्षद प्रत्याशी, कार्यकर्ता व भारी संख्या में स्थानीय लोग मौजूद रहे।

जीत के बाद मतगणना केंद्र से बाहर आए राजीव जैन को लोगों ने कंधे पर उठा लिया। मतगणना केंद्र से निकलकर राजीव जैन पहले गोहाना रोड बाईपास पहुंचे, जहां से विजयी जुलूस पुरखास अड्डा स्थित उनके कार्यालय तक पहुंचा। इस दौरान स्थानीय लोगों ने पुष्पवर्षा एवं पगड़ी पहनाकर जगह-जगह पर उनका स्वागत किया। इस दौरान राजीव जैन ने कहा कि सोनीपत की जनता ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के सुशासन, पारदर्शिता और विकास की नीतियों पर मुहर लगाई है। इस शानदार जीत पर नवनिर्वाचित मेयर राजीव जैन ने सोनीपत नगर निगम क्षेत्र के सभी मतदाताओं का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि इस चुनाव में मतदाताओं ने जो उत्साह दिखाया है वह सराहनीय है। इस चुनाव में जनता ने उन्हें दिल खोलकर अपना प्यार और स्नेह दिया जिसके लिए वह हमेशा जनता के आभारी रहेंगे। राजीव जैन ने कहा कि जनता के आशीर्वाद से पार्टी हाईकमान ने उन पर भरोसा करके लगातार दूसरी बार मेयर पद के लिए चुनाव मैदान में उतारा था। शहर की सम्मानित जनता ने उन्हें हर कदम पर ताकत देने का काम किया। हर वार्ड से कार्यकताओं और आम जनता का जो प्यार और स्नेह मिला उसे वह कभी नहीं भूल पाएंगे और जनता के मत रूपी ऋण को वह सोनीपत का विकास करके चुकाएंगे। उन्होंने कहा कि जनता के आशीर्वाद से सोनीपत के 22 में से 17 वार्डों में भाजपा के पार्षद प्रत्याशियों ने भी शानदार जीत दर्ज की है। उन्होंने पांच वार्डों में दूसरे स्थान पर रहे भाजपा के पार्षद प्रत्याशियों का मनोबल बढ़ाते हुए कहा कि पार्टी उनके मान-सम्मान का पूरा ख्याल रखेगी। उनके साथ भी एक पार्षद की भांति ही व्यवहार किया जाएगा।

राजीव जैन ने कहा कि चुनाव के दौरान जिस तरह से पार्टी के सभी पदाधिकारियों और कार्यकताओं ने दिलो जान से दिन रात कड़ी मेहनत की उसी के परिणाम स्वरूप जनता ने भाजपा को अपना भारी समर्थन देकर मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के हाथों को मजबूत बनाने का काम किया है। उन्होंने कहा कि यह चुनाव सिर्फ चुनाव नहीं बल्कि सोनीपत के सुनहरे भविष्य और मान सम्मान का चुनाव था। इसमें जनता ने शहर के हित में ट्रिपल इंजन की सरकार बनाने लिए अपनी भागीदारी निभाई है। यह जीत सोनीपत शहर के आम जनता और सभी कार्यकताओं की जीत है। उन्होंने कहा कि जो संकल्प पत्र चुनाव में जनता के सामने रखा गया है, उन्हें पूरा करने के लिए कोई कसर नहीं छोड़ी जायेगी। सोनीपत निगम क्षेत्र का विकास जनता के सहयोग से और जन आकांक्षाओं के अनुरूप किया जाएगा।

# शाहबाद में शाहाबाद लाडवा रोड शुगर मिल के सामने गाड़ी से मिला मिला हैंड ग्रेनेड

**बरामद**

**पुलिस अधिकारियों के मुताबिक यह काफी खतरनाक विस्फोटक क्षमता वाला ग्रेनेड है।**



**टीम एक्शन इंडिया**
**शाहबाद (प्रदीप कुमार)**शुरूआती जांच में यह हैंड ग्रेनेड ह्लमेड इन चाइनाह्व बताया जा रहा है। पुलिस अधिकारियों के मुताबिक यह काफी खतरनाक विस्फोटक क्षमता वाला ग्रेनेड है। एक ब्लास्ट करने की थी तैयारी
यह कार्रवाई STF की पूछताछ के बाद हुई। STF ने दो दिन पहले तंगौर गांव के रहने वाले सूर्यप्रताप उर्फ राणा को पकड़ा था। पुलिस के अनुसार राणा का नाम गैंगस्टर गतिविधियों से भी जुड़ा बताया जा रहा है। गिरफ्तारी के समय उसके पास से एक पिस्तौल और 2 जिंदा राउंड बरामद किए गए थे। शाहाबाद में उस समय हड़कंप मच गया, जब शुगर मिल के पास खड़ी एक सकोडा कार से हैंड ग्रेनेड मिलने की सूचना मिली। सूचना मिलते ही पुलिस विभाग अलर्ट हो गया। मौके पर रळऋ स्थानीय पुलिस और बम निरोधक दस्ता पहुंच गया। पूरे इलाके को घेरकर सुरक्षा बढ़ा दी गई।
जानकारी के अनुसार, दो दिन पहले STF ने तंगौर गांव के रहने वाले सूर्यप्रताप को अवैध हथियार के मामले में पकड़ा था। उसके पास से एक पिस्तौल बरामद हुई थी। पूछताछ और रिमांड के दौरान उसने खुलासा किया कि उसके पास एक हैंड ग्रेनेड भी है। आरोपी ने बताया कि उसने यह ग्रेनेड शाहाबाद-लाडवा रोड स्थित अपने मोटर यार्ड में खड़ी सकोडा कार में छिपाकर रखा हुआ है। इसके बाद रळऋकी टीम तुरंत मौके पर पहुंची और कार की तलाशी ली। तलाशी के दौरान कार से हैंड ग्रेनेड बरामद हुआ। ग्रेनेड मिलने के बाद पुलिस ने आसपास के इलाके को खाली कराया और आम लोगों की आवाजाही रोक दी। बम निरोधक दस्ता ग्रेनेड को सुरक्षित तरीके से निष्क्रिय करने की प्रक्रिया में जुटा रहा। सुरक्षा एजेंसियां यह भी जांच कर रही हैं कि आरोपी के पास ग्रेनेड कहां से आया और इसका इस्तेमाल किस मकसद से किया जाना था। फिलहाल STF आरोपी से लगातार पूछताछ कर रही है।
पुलिस इस मामले को गंभीरता से

# सफाई कर्मचारियों की हड़ताल को दमकल कर्मियों का समर्थन, मांगें पूरी होने तक आंदोलन जारी



**टीम एक्शन इंडिया**
**शाहाबाद :(प्रदीप कुमार)**नगर पालिका शाहाबाद के सफाई कर्मचारी अपनी विभिन्न मांगों को लेकर लगातार हड़ताल पर बैठे हुए हैं। प्रदर्शनकारी कर्मचारियों को अब दमकल विभाग के कर्मचारियों का भी समर्थन मिल गया है। कर्मचारियों ने स्पष्ट कहा कि जब तक उनकी मांगें पूरी नहीं होतीं, तब तक धरना-प्रदर्शन और हड़ताल जारी रहेगी।
नगर पालिका कर्मचारी संघ के उप प्रधान राहुल ने बताया कि वह अपनी विभिन्न मांगों को लेकर प्रदर्शन कर रहे हैं जिसमें कच्चे कर्मचारियों को पक्का करने, वेतन में बढ़ोतरी जैसी कई जायज मांगे है,सरकार लगातार वादाखिलाफी करती आ रही है।जब तक हमारी मांगे पूरी नही होती तबतक हड़ताल जारी रहेगी।
सर्व कर्मचारी संघ के ब्लॉक प्रधान बलविंदर कुमार ने बताया कि दमकल विभाग के कर्मचारी पिछले लंबे समय से फरीदाबाद अग्निकांड में जान गंवाने वाले दो कर्मचारियों को शहीद का दर्जा देने, उनके परिवारों को आर्थिक सहायता प्रदान करने तथा एक्सग्रेशिया पॉलिसी के तहत परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी देने की मांग को लेकर आंदोलन कर रहे हैं।
उन्होंने कहा कि सरकार और प्रशासन के साथ कई दौर की बातचीत हो चुकी है, लेकिन अब तक कोई समाधान नहीं निकल पाया है। इसी के चलते कर्मचारियों में रोष बना हुआ है।
शाहाबाद नगर पालिका में चल रहे धरना-प्रदर्शन के दौरान कर्मचारियों ने सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए जल्द मांगें पूरी करने की मांग उठाई।
कर्मचारियों ने चेतावनी दी कि यदि उनकी मांगों पर शीघ्र निर्णय नहीं लिया गया तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा।

# पुलिस ने 90.93 ग्राम हेरोइन सहित दो को किया गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया**
**अवतार सिंह चुघ**
**यमुनानगर, 13 मई** ' एंटी नारकोटिक्स सेल की टीम ने दो विभिन्न स्थानों से 90.93 ग्राम हीरोइन (स्मैक) सहित दो आरोपियों को किया गिरफ्तार।

पुलिस प्रवक्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि एंटी नारकोटिक्स सेल की टीम ने दो विभिन्न स्थानों से 90.93 ग्राम हीरोइन (स्मैक) के साथ दो आरोपियों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। आरोपियों के खिलाफ के एनडीपीएस एक्ट के तहत केस दर्ज कर कोर्ट में पेश किया गया। जहां से उन्हें रिमांड पर लिया गया है।

इंचार्ज अनिल कुमार ने बताया कि उनकी टीम को गुप्त सूचना मिली कि एक युवक कार में सवार होकर प्रताप नगर अनाज मंडी के पास से नशा लेकर निकलेगा।

# बच्चों की मेहनत में ही छुपा है गुरुओं और मां बाप की खुशी का राज: देवेन्द्र सिंह राठी



**टीम एक्शन इंडिया**
**समालखा (संजय नरवाल)**
राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय चुलकाना की छात्राओं ने बारहवीं कक्षा में 100% परिणाम हासिल किया जिसमें कुल 61 छात्राओं ने बारहवीं की परीक्षा दी थी।सभी छात्राएं पास हुई 24 छात्राओं ने 80% से अधिक प्राप्त किया और चार छात्राओं ने 95% से अधिक अंक प्राप्त किए जिसमें छात्रा नेहा पुत्री पवन ने 500 में से 471अंक लेकर विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया इस अवसर पर विद्यालय के प्रिंसिपल श्री देवेंद्र सिंह राठी ने समस्त स्टाफ सदस्यों को व बच्चों को बहुत-बहुत बधाई दी।

## न्यूज फ्लैश

### फायर सेफ्टी मॉक ड्रिल के जरिए बच्चों ने सीखे सुरक्षा के गुर



**रादौर, 13 मई (कुलदीप सैनी)** : ग्लोब हेरिटेज इंटरनेशनल स्कूल में विद्यार्थियों एवं स्टाफ को आपातकालीन परिस्थितियों के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से फायर सेफ्टी मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया। इस दौरान आग लगने की स्थिति में बचाव एवं सुरक्षा संबंधी उपायों की व्यावहारिक जानकारी दी गई। मॉक ड्रिल के दौरान आपातकालीन सायरन बजाकर विद्यार्थियों को अनुशासित तरीके से सुरक्षित स्थानों तक पहुंचाया गया। स्कूल के उपप्रधानाचार्य अमित सिंघल ने विद्यार्थियों को आपदा के समय घबराने के बजाय शिक्षकों के निर्देशों का पालन करने की सलाह दी। ड्रिल में अग्निशमन यंत्रों के उपयोग तथा प्राथमिक सुरक्षा उपायों का प्रदर्शन भी किया गया। विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए स्वयं अग्निशमन यंत्र चलाकर आग बुझाने का अभ्यास किया। स्कूल की प्रधानाचार्या रीतू सिंगला ने कहा कि इस प्रकार की गतिविधियों का उद्देश्य बच्चों में सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाना और उन्हें हर परिस्थिति के लिए तैयार करना है। कार्यक्रम के अंत में विद्यार्थियों को फायर सेफ्टी एवं आपदा प्रबंधन से जुड़े आवश्यक निर्देश दिए गए।

### बंद पड़े मकान से हजारों रुपये की नगदी चोरी, केस दर्ज

**रादौर, 13 मई (कुलदीप सैनी)** : गांव घिलौर से बंद पड़े मकान से चोरों ने करीब तीस हजार रुपए की नगदी चुरा ली। पुलिस को दी शिकायत में महिला सुखविंद्र कौर ने बताया कि वह घर से बाहर गई हुई थी। वापिस लौटी तो उसने देखा कि घर में बने मंदिर से करीब तीस हजार रुपए की नगदी गायब है। उसने आसपास छानबीन की लेकिन कोई जानकारी नहीं मिली।

### उपले चोरी करने से रोकने पर की मारपीट, केस दर्ज

**रादौर, 13 मई (कुलदीप सैनी)** : गांव बुबका में उपले चोरी करने से रोकने पर तीन युवकों ने ग्रामीण की पिटाई कर दी। जिसके बाद तीनों मौके से फरार हो गए। पुलिस ने बुबका निवासी सुखदेव सिंह ने बताया कि गांव से बाहर रादौर रोड़ पर उसने अपना उपलो का बिटोड़ा लगाया हुआ है। रात्रि करीब आठ बजे उसने देखा कि तीन युवक वहां से उपले चोरी कर रहे है। जब उसने उन्हें ऐसा करने से रोका तो तीनों ने उसके साथ मारपीट करनी शुरू कर दी। उन्होंने अपने हाथ में पकड़े डंडे बिंडो से उसकी पिटाई की। जिसके बाद तीनों बिना नंबर की बाइक पर वहां से फरार हो गए।

### शिव विहार कॉलोनी से एक युवक लापता

**रादौर, 13 मई (कुलदीप सैनी)** : शिव विहार कालोनी से युवक लापता हो गया। पुलिस ने भाई की शिकायत पर केस दर्ज किया है। पुलिस को दी शिकायत में गांव खजूरी निवासी विनोद कुमार ने बताया कि उसका भाई विपिन एक टांग से थोड़ा लाचार है। रात्रि करीब आठ बजे वह घर से बाइक लेकर निकला था। लेकिन उसके बाद वह घर नहीं लौटा। देर रात तक भी जब वह नहीं आया तो उसने विपिन की तलाश शुरू की लेकिन उसका कोई सुराग नहीं लग पाया है।

# छात्रा धृति 97.6 प्रतिशत अंक हासिल कर बनी स्कूल टॉपर



**टीम एक्शन इंडिया**
**रादौर, 13 मई (कुलदीप सैनी)** : राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय चमरोड़ी का हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड द्वारा घोषित कक्षा 12वीं का परीक्षा परिणाम इस वर्ष भी शत-प्रतिशत रहा। विद्यालय के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए स्कूल का नाम रोशन किया। अंग्रेजी प्रवक्ता पवन रोहिला ने बताया कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी विद्यार्थियों ने मेहनत और लगन के साथ परीक्षा उत्तीर्ण कर शानदार परिणाम हासिल किया है। छात्रा धृति पुत्री विपिन कुमार ने 97.6 प्रतिशत अंक प्राप्त कर पूरे विद्यालय एवं अपने माता-पिता का नाम गौरवान्वित किया। इस अवसर पर विद्यालय की प्रिंसिपल इंदिरा देवी ने धृति को मिठाई खिलाकर बधाई दी तथा सभी विद्यार्थियों को उत्कृष्ट परिणाम के लिए शुभकामनाएं दीं। परीक्षा परिणाम में 49 विद्यार्थियों ने मेरिट सूची में स्थान प्राप्त किया, जबकि 69 विद्यार्थियों ने प्रथम श्रेणी में कक्षा 12वीं उत्तीर्ण की। इस अवसर पर विपिन कुमार, संत कुमार, निर्मल, दिनेश, सतीश, पवन रोहिला, जसविंदर, राजेंद्र, नीरज, राहुल, मीना, मीनू, रूबी, शीतल, रेखा, मोनिका, आयुषी, परवीन सहित समस्त स्टाफ ने विद्यार्थियों को बधाई दी।

# छावनी के सबसे पुराने इंद्रा पार्क का आखिर कब होगा सुधार

**बुरा हाल**

**अनिल विज करोड़ो खर्च करके इस पार्क पर अपना झुकाव जगजाहिर करते रहे**




**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**
**अम्बाला छावनीः** सरकार चाहे तो मिट्टी को सोना बना दे या सोने को मिट्टी ऐसा ही एक उदहारण अम्बाला छावनी मे देखने को मिल रहा है ' यहाँ बात कर रहे है यहाँ के सब से पुराने पार्क इंद्रा पार्क की जो शायद आज अपने नाम की वजह से बदहाली के आँसू बहा रहा है ' वही छावनी के ही दूसरे पार्क सुभाष पार्क जो जगह कभी तालाब हुआ करती थी मतलब बिलकुल मिट्टी थी फिर सरकार की मेहरबानी से इसे पार्क मे तब्दील कर दिया गया इस का नाम रखा गया सुभाष पार्क जिस पर समय समय से स्थानीय विधायक अनिल विज मेहरबान होते रहे और करोड़ो खर्च करके इस पार्क पर अपना झुकाव जगजाहिर करते रहे ' वही दूसरी और इंद्रा पार्क जो कि अम्बाला छावनी का सब से पुराना पार्क है आज उसका वजूद खत्म होने की कगार पर है यहाँ तक कि इस पार्क पर इसका नाम तक भी नहीं लिखा हुआ है ' स्थानीय निवासी इसका मुख्य कारण इस के नाम को मानते है ' ये बात किसी से छुपी हुई नहीं है कि भाजपा वालों को इंद्रा नाम से कितना प्रेम है ' अगर इस पार्क की बात करे तो आस पास की साथ लगती दर्जन के करीब कॉलोनीयों ने निवासी यहां सैर करने आते है
' जब सैर करने आए लोगों से बात की गयी तो उन्होंने बताया कि इस पार्क का बुरा हल है यहाँ पर 2-2 फुट घास हुई पड़ी है जिसे काटने वाला माली नहीं है ' वही जगह जगह कूड़े के ढेर लगे हुए है जिसे साफ करने शायद ही कोई सफाई कर्मचारी आता होगा और पूरे पार्क मे ना ही कोई कूड़ेदान है लोग कुछ भी खाते पीते है तो उस के रेपर और खाली बोतल इधर उधर बिखरी रहती है ' वही अगर सैर करने के लिए बने फुटपाथ की बात करे तो वह जगह जगह पर टूटा पड़ा है जिसकी कितने सालों से मुरम्मत तक नहीं हुई है ' यहाँ सैर पर आने वाले लोगों के लिए लगे वाटर कूलर के आस पास गंदगी के इतने ढेर लगे है कि पानी पीने का मन ही नहीं करता ' पार्क मे कोई सिक्योरिटी गार्ड तक नहीं है '
पार्क मे लोगों के बैठने के लिए लगे बैंच भी टूटे पड़े है ' बच्चों के खेलने के लिए लगे झूल्ले टूटे पड़े है जिससे बच्चे झूले नहीं झूल पाते ' वही आस पास के दुकानदारों से जब बात की गयी तो उन्होंने साफ कहा कि वह सरकार से मांग करते है कि इस पार्क का चाहे नाम बदल कर कुछ भी रख दो मगर इसका सुधार कर दो जिससे कि यहाँ सैर करने आने वालों को परेशानी ना हो '

# नगर निगम चुनाव परिणाम घोषित, मेयर पद पर अक्षिता सैनी की बड़ी जीत



**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**
**अम्बालाः** नगर निगम चुनाव के तहत मेयर पद व 20 वार्डो के पार्षद पदों के लिए हुए मतगणना की गिनती शान्तिपूर्वक सम्पन्न हो गई। जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त अजय सिंह तोमर व रिटर्निंग अधिकारी एवं अतिरिक्त उपायुक्त विराट ने सभी विजयी प्रत्याशियों को विजयी प्रमाण पत्र देकर उन्हें बधाई दी। मतगणना की तमाम प्रक्रिया सामान्य ऑब्जर्वर एवं मंडलायुक्त अम्बाला संजीव वर्मा की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त अजय सिंह तोमर ने बताया कि मेयर पद पर भारतीय जनता पार्टी की उम्मीदवार अक्षिता सैनी ने 52794 वोट हासिल करके विजय हासिल की है। जबकि उनकी प्रतिद्वंदी इंडियन नेशनल कांग्रेस पार्टी से कुलविन्द्र कौर सैनी ने 31436 वोट हासिल किए हैं। मेयर प्रत्याशी अक्षिता सैनी ने 21358 वोटों से जीत हासिल की है।
पार्षद पद के लिए वार्ड नम्बर 1 से भारतीय जनता पार्टी के विशाल राणा ने 2060 वोट हासिल कर जीत हासिल की है और उसके प्रतिद्वंदी इंडियन नेशनल कांग्रेस पार्टी के सतविन्द्र सिंह को 68 वोटों से हराने का काम किया है। वार्ड नम्बर 2 से भारतीय जनता पार्टी के वरखा सहोता ने 1998 वोट हासिल कर जीत हासिल की और उन्होंने अपने प्रतिद्वंदी इंडियन नेशनल कांग्रेस पार्टी से राजविन्द्र कौर को 551 वोटों से हराने का काम किया है। वार्ड नम्बर 3 से भारतीय जनता पार्टी के मनीष आनंद मन्नी ने 1788 वोट हासिल कर जीत हासिल की है और उन्होने अपने प्रतिद्वंदी आजाद उम्मीदवार साहिल को 597 वोटो से हराने का काम किया है।
इसी प्रकार वार्ड नम्बर 4 से भारतीय जनता पार्टी के वरिन्द्र नाथ ने 3253 वोट हासिल की जीत हासिल की है। उन्होंने अपने प्रतिद्वंदी इंडियन नेशल कांग्रेस पार्टी से अशोक सैनी को 362 वोटों से हराने का काम किया है। वार्ड नम्बर 5 से भारतीय जनता पार्टी के राजेश मेहता ने 3674 वोट हासिल कर जीत हासिल की है। उन्होने अपने प्रतिद्वंदी आजाद उम्मीदवार रविन्द्र गुप्ता को 1007 वोटों से हराने का काम किया है। इसी प्रकार वार्ड नम्बर छः से भारतीय जनता पार्टी से प्रत्याशी अर्चना छिब्बर ने 3275 वोट हासिल कर विजय हासिल की। उन्होंने अपने प्रतिद्वंदी इंडियन नेशनल कांग्रेस पार्टी की दिशा सहगल को 1982 वोटों से हराने का काम किया है। वार्ड नम्बर 7 से भारतीय जनता पार्टी से प्रत्याशी मोनिका मल ने 3104 वोट हासिल कर विजय हासिल की। उन्होने अपने प्रतिद्वंदी इंडियन कांग्रेस पार्टी से विक्रमजीत सिंह को 1490 वोटों से हराने का काम किया।
इसी प्रकार वार्ड नम्बर 8 से इंडियन नेशनल कांग्रेस पार्टी से गुरजीत कौर ने 3389 वोट हासिल कर विजय हासिल की है।

# राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बापा का 12वीं परीक्षा परिणाम रहा शत-प्रतिशत



**टीम एक्शन इंडिया**
**रादौर, 13 मई (कुलदीप सैनी) :** हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड, भिवानी द्वारा घोषित कक्षा 12वीं के परीक्षा परिणाम में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बापा ने शानदार प्रदर्शन करते हुए शत-प्रतिशत परिणाम हासिल किया है। विद्यालय के सभी 16 विद्यार्थी परीक्षा में सफल रहे, जिससे विद्यालय परिसर में खुशी का माहौल बना रहा। सफल विद्यार्थियों का फूल-मालाएं पहनाकर तथा ढोल-नगाड़ों के साथ स्वागत किया गया। विद्यालय के प्रधानाचार्य सुभाष चंद ने जानकारी देते हुए बताया कि इस वर्ष विद्यालय का परीक्षा परिणाम पूरी तरह शत-प्रतिशत रहा। उन्होंने इस उपलब्धि का श्रेय अध्यापकों की मेहनत, विद्यार्थियों की लगन और अनुशासन को दिया। परीक्षा परिणाम में विद्यालय के सात विद्यार्थियों ने मेरिट सूची में स्थान बनाया, जबकि नौ विद्यार्थियों ने प्रथम श्रेणी में सफलता प्राप्त की। छात्र मोहम्मद शमी ने 500 में से 450 अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान हासिल किया। छात्रा सोनम ने 440 अंक लेकर दूसरा तथा छात्रा रुखसार ने 432 अंक प्राप्त कर तीसरा स्थान प्राप्त किया। इस अवसर पर राकेश पांचाल, विवेक छाबड़ा, योगेश शर्मा, सुरेश वर्मा, रजनी देवी, राजिन्द्र मलिक, दीपचंद, सुशीला कुमारी, पूनम, रीना सहित अन्य उपस्थित रहे।

## न्यूज फ्लैश

### जनता ने विकास और सुशासन की राजनीति पर लगाई मुहर – रंजीत उप्पल

**पंचकूला मैनपाल**



नगर निगम चुनाव परिणाम घोषित होने के बाद भारतीय जनता पार्टी कार्यकताओं में उत्साह और खुशी का माहौल देखने को मिला। चुनावों में भाजपा प्रत्याशियों को जनता का भरपूर समर्थन प्राप्त हुआ, जिसे पार्टी की जनहितकारी नीतियों और विकास कार्यों पर जनता के विश्वास के रूप में देखा जा रहा है।

भाजपा वरिष्ठ नेता रंजीत ने सभी विजयी प्रत्याशियों को बधाई देते हुए कहा कि यह जीत पार्टी नेतृत्व के मार्गदर्शन, कार्यकताओं की मेहनत और जनता के आशीर्वाद का परिणाम है। उन्होंने कहा कि भाजपा हमेशा विकास, पारदर्शिता और जनसेवा की राजनीति को प्राथमिकता देती आई है।

उन्होंने कहा कि आने वाले समय में जनता की अपेक्षाओं के अनुरूप क्षेत्र में विकास कार्यों को और गति मिलेगी तथा आमजन की समस्याओं के समाधान के लिए निरंतर कार्य किया जाएगा।

रंजीत ने अपने संदेश में सभी मतदाताओं और पार्टी कार्यकताओं का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि भाजपा का प्रत्येक कार्यकर्ता जनता के विश्वास पर खरा उतरने के लिए पूरी निष्ठा से कार्य करता रहेगा।

### होंडा एनएक्स500 को ई-क्लच तकनीक से लैस किया गया

**करनाल।** होंडा मोटरसाइकिल एंड स्कूटर इंडिया (एचएमएसआई) ने आज अपनी मिड-साइज एडवेंचर टूरिंग मोटरसाइकिल एनएक्स500 में होंडा ई-क्लच तकनीक को शामिल करने की घोषणा की। यह ई-क्लच सिस्टम स्टार्ट करने, गियर बदलने और रुकने के दौरान क्लच के जुड़ाव को अत्यंत सटीक इलेक्ट्रॉनिक नियंत्रण के माध्यम से संचालित करता है, जिससे मैनुअल क्लच ऑपरेशन की आवश्यकता काफी कम हो जाती है। साथ ही, राइडर किसी भी समय इस सिस्टम को ओवरराइड भी कर सकता है। भारत की व्यस्त शहर सड़कों से लेकर लंबे हाईवे सफर तक राइड करने वाले राइडर्स के लिए यह फीचर लगातार क्लच ऑपरेशन से होने वाली थकान को कम करने में मदद करता है। होंडा ई-क्लच इस प्रक्रिया को स्वतः नियंत्रित करता है, जिससे राइडर सड़क पर अधिक ध्यान केंद्रित रख सकता है, जबकि एनएक्स500 के लिए प्रसिद्ध हैंड्स-ऑन राइडिंग अनुभव भी पूरी तरह बना रहता है।

इस घोषणा पर होंडा मोटरसाइकिल एंड स्कूटर इंडिया के प्रेसिडेंट एवं सीईओ श्री त्सुत्सुमु ओटानी ने कहाः ई-क्लच तकनीक से सुसज्जित होंडा एनएक्स500 भारत में शहरी और टूरिंग दोनों परिस्थितियों में आराम और नियंत्रण को और बेहतर बनाती है। यह राइडर की थकान को कम करते हुए भी उस रोमांचक और हैंड्स-ऑन राइडिंग अनुभव को बनाए रखती है, जिसके लिए होंडा मोटरसाइकिलें जानी जाती हैं।

# राई हल्के में आने वाले वार्ड 6, 7 और 8 में बीजेपी प्रत्याशियों की जीत पर उत्साह का माहौल : कृष्णा

## विधायक कृष्णा गहलावत ने मेयर प्रत्याशी राजीव जैन सहित अन्य विजेता पार्षदों को दी बधाई

**आशीर्वाद लिया**

- प्रधानमंत्री मोदी और मुख्यमंत्री सिंह सैनी की जनहितकारी नीतियों पर जनता की मुहर बताया



**टीम एक्शन इंडिया**

**राई।** सोनीपत नगर निगम चुनाव में भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए कई वार्डों में ऐतिहासिक जीत दर्ज की है। जीत से गदगद राई विधानसभा क्षेत्र की विधायक कृष्णा गहलावत ने भारतीय जनता पार्टी की मेयर प्रत्याशी राजीव जैन व अन्य विजेता पार्षदों को बधाई दी। विशेष रूप से वार्ड नंबर 6, 7 और 8 में बीजेपी प्रत्याशियों की जीत को लेकर क्षेत्र में उत्साह का माहौल बना हुआ है। चुनाव परिणाम आने के बाद विजयी प्रत्याशी निशा, मुनीराम ठोलेदार और कुणाल कौशिक सहित अन्य कार्यकर्ता विधायक कृष्णा गहलावत के कैंप कार्यालय पहुंचे और उनका आशीर्वाद लिया। इस दौरान समर्थकों ने मिठाइयां बांटकर और फूलमालाओं से स्वागत कर जीत का जश्न मनाया। विधायक कृष्णा गहलावत ने सभी विजयी प्रत्याशियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि अब उनकी जिम्मेदारी और बढ़ गई है तथा उन्हें जनता की अपेक्षाओं पर खरा उतरना होगा। उन्होंने जनता-जनार्दन, पार्टी कार्यकर्ताओं और समर्थकों का आभार व्यक्त करते हुए इसे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की जनहितकारी नीतियों पर जनता की मुहर बताया। सोनीपत नगर निगम में भारतीय जनता पार्टी ने मेयर सहित 22 में से 17 वार्डों में जीत हासिल की है। विशेष रूप से वार्ड नंबर 6, 7 और 8 में बीजेपी प्रत्याशियों की जीत को लेकर क्षेत्र में उत्साह का माहौल बना हुआ है। ये तीनों वार्ड विधायक कृष्णा गहलावत के विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत आते हैं, जहां स्वयं विधायक कृष्णा गहलावत, पार्टी समर्थकों और कार्यकताओं ने पूरी ताकत के साथ चुनाव प्रचार किया था। वार्ड नंबर 6 से बीजेपी समर्थित प्रत्याशी निशा ने शानदार जीत दर्ज की, जबकि वार्ड नंबर 7 से मुनीराम ठोलेदार और वार्ड नंबर 8 से कुणाल कौशिक ने भी भारी मतों से विजय हासिल कर पार्टी का परचम लहराया। विधायक कृष्णा गहलावत ने पार्षद निशा, मुनीराम ठेकेदार और कुणाल कौशिक को विशेष रूप से जीत की शुभकामनाएं दी। विधायक कृष्णा गहलावत ने कहा कि यह जीत भारतीय जनता पार्टी सरकार के विकास कार्यों, जनता के विश्वास और कार्यकताओं की अथक मेहनत का परिणाम है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार ने जिस पारदर्शिता और ईमानदारी के साथ विकास कार्य किए हैं, उसी का असर नगर निगम चुनावों में स्पष्ट रूप से देखने को मिला है। जनता ने विपक्ष के झूठे प्रचार को नकारते हुए बीजेपी की नीतियों और कार्यशैली पर भरोसा जताया है।

# गोल्डन हैरियर स्कूल में एनसीसी चयन प्रक्रिया आयोजित



**राई ।** गोल्डन हैरियर स्कूल में मंगलवार को बटालियन एनसीसी की ओर से चयन प्रक्रिया हुई। जिसमें विद्यालय के 25 विद्यार्थियों का एनसीसी के लिए चयन किया गया। चयन प्रक्रिया में विद्यार्थियों ने पूरे उत्साह के साथ भाग लिया और अनुशासन, शारीरिक क्षमता तथा आत्मविश्वास का प्रभावशाली प्रदर्शन किया। चयन प्रक्रिया के दौरान विद्यार्थियों ने विभिन्न शारीरिक गतिविधियों और परीक्षणों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। एनसीसी अधिकारियों ने छात्रों की फिटनेस, अनुशासन और नेतृत्व क्षमता का आकलन किया। चयनित विद्यार्थियों ने अपने प्रदर्शन से अधिकारियों को प्रभावित किया। विद्यालय में सीटीओ वर्षा कौशिक, सूबेदार दीपक दत्त शर्मा तथा हवलदार नरेश ने विद्यार्थियों को एनसीसी के महत्व और इसकी उपयोगिता के बारे में विस्तार से जानकारी देते हुए कहा कि एनसीसी विद्यार्थियों में अनुशासन, नेतृत्व क्षमता, टीम भावना और देशसेवा की भावना विकसित करने का सशक्त माध्यम है। विद्यालय की प्रधानाचार्या ज्योति दहिया ने चयनित विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

उन्होंने कहा कि एनसीसी छात्रों के व्यक्तित्व विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है और उन्हें आत्मविश्वासी एवं जिम्मेदार नागरिक बनने के लिए प्रेरित करती है। उन्होंने कहा कि विद्यालय विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए लगातार ऐसे कार्यक्रम आयोजित करता रहेगा।

# अजय मित्तल ने मेयर सहित 17 पार्षदों के जीत पर पंचकूला वासियों को दी बधाई

**पंचकूला/मैनपाल**


भाजपा जिला अध्यक्ष अजय मित्तल ने पंचकूला नगर निगम चुनाव में भाजपा को मिली प्रचंड जीत पर पंचकूला वासियों एवं जिला संगठन के कार्यकर्ताओं को बधाई देते हुए कहा कि यह जीत किसी एक व्यक्ति की नहीं, बल्कि भाजपा परिवार के समर्पित कार्यकर्ता के अथक परिश्रम, त्याग, तपस्या और संगठन के प्रति अटूट निष्ठा का परिणाम है। अजय मित्तल ने नवनिर्वाचित मेयर श्याम लाल बंसल सहित सभी वार्ड पार्षदों को शुभकामना देते हुए कहा कि सभी ने मिलकर पंचकूला को विश्वस्तरीय एवं आदर्श शहर बनाना है। उन्होंने कहा, पार्टी कार्यकर्ताओ ने दिन-रात कड़ी मेहनत कर भाजपा की विचारधारा को घर-घर तक पहुंचाने का काम किया, इसी का परिणाम है कि आज पंचकूला की जनता जनार्दन ने भाजपा को अपना भरपूर आशीर्वाद देते हुए मेयर पद सहित 17 वार्डों में ऐतिहासिक विजय दिलाई।



# एसपीएस इंटरनेशनल का 12वीं के परीक्षा परिणाम में परचम, 31 छात्रों ने पार किया 90% का आंकड़ा

**टीम एक्शन इंडिया**
**संतोष गर्ग**

**पलवल।** जिले के अग्रणी शिक्षण संस्थानों में शुमार एसपीएस इंटरनेशनल स्कूल ने सीबीएसई कक्षा 12वीं परीक्षा परिणाम में शानदार प्रदर्शन करते हुए सफलता का नया इतिहास रच दिया है। एचएसवीपी सेक्टर-2 स्थित विद्यालय का परिणाम इस वर्ष भी शत-प्रतिशत रहा, जबकि मेधावी विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट अंक हासिल कर विद्यालय और जिले का नाम रोशन किया।विद्यालय की छात्रा संजौली ने 96.4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर टॉप किया। वहीं यश्वी और स्नेहा ने 96.2 प्रतिशत अंक हासिल कर दूसरा स्थान साझा किया। नैंसी ने 95 प्रतिशत, दुष्यंत ने 94.4 प्रतिशत, अंशिका ने 94.2 प्रतिशत तथा यश्वनी ने 93.2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया।विद्यालय का परिणाम केवल टॉपर्स तक सीमित नहीं रहा, बल्कि सामूहिक उपलब्धियों ने भी सबका ध्यान आकर्षित किया। कुल 31 विद्यार्थियों ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए, जबकि 143 विद्यार्थियों ने डिस्टिंक्शन हासिल कर विद्यालय की शैक्षणिक गुणवत्ता को प्रमाणित किया। विषयवार प्रदर्शन में भी विद्यार्थियों ने रिकॉर्ड कायम किए। हिंदुस्तानी म्यूजिक वोकल और सूचना प्रौद्योगिकी में विद्यार्थियों ने शत-प्रतिशत अंक हासिल किए। इतिहास में 99 अंक, बिजनेस स्टडीज, राजनैतिक विज्ञान, हिंदी, अंग्रेजी एवं शारीरिक शिक्षा में 98 अंक, जीव विज्ञान में 97 अंक तथा गणित, भूगोल और रसायन विज्ञान में 96 अंक प्राप्त हुए। वहीं भौतिक विज्ञान में भी विद्यार्थियों ने 95 अंक हासिल कर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया।विद्यालय प्रबंधन के अनुसार यह उपलब्धि विद्यार्थियों की कड़ी मेहनत, शिक्षकों के समर्पण और अभिभावकों के सहयोग का परिणाम है। इस गौरवपूर्ण अवसर पर विद्यालय के चेयरमैन सुरेश भारद्वाज ने सभी विद्यार्थियों को बधाई देते हुए कहा कि अनुशासन, निरंतर अभ्यास और सकारात्मक सोच ही सफलता की असली पहचान है।




# सीबीएसई बोर्ड परीक्षा में स्वर्णप्रस्थ पब्लिक स्कूल का शानदार प्रदर्शन

**टीम एक्शन इंडिया**

**राईः** सीबीएसई बारहवीं बोर्ड का स्वर्णप्रस्थ पब्लिक स्कूल का परीक्षा परिणाम उत्कृष्ट रहा। विद्यालय के विद्यार्थियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए सफलता का परचम लहराया। परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहने से विद्यालय परिसर में खुशी का माहौल बना रहा। विद्यालय की छात्रा प्रभनूर बेदी ने 97.4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया। वहीं नमिता ने 96 प्रतिशत अंकों के साथ द्वितीय तथा पर्ल जिंदल ने 94.8 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान प्राप्त किया। विद्यार्थियों की इस उपलब्धि से अभिभावकों एवं शिक्षकों में उत्साह देखने को मिला। कार्यवाहक प्रधानाचार्य एस.पी. सिंह ने बताया कि विद्यालय प्रबंधन के अनुसार इस वर्ष परीक्षा परिणाम का सबसे विशेष पक्ष यह रहा कि सभी विद्यार्थियों ने सफलता प्राप्त की। साथ ही अकाउंट्स और मनोविज्ञान विषय में कुछ विद्यार्थियों ने पूर्णांक हासिल कर विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया। मुख्याध्यापिका मेघा कौशिक ने सफल विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों की मेहनत, शिक्षकों के मार्गदर्शन और अभिभावकों के सहयोग से यह शानदार परिणाम संभव हो पाया है।



**शानदार परिणाम**

- विद्यालय की छात्रा प्रभनूर बेदी ने 97 .4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया

# 96.4 अंकों के साथ किआ पोसवाल रही अव्वल, बृजेश ने 96.2 अंकों के साथ दूसरा स्थान प्राप्त किया

**टीम एक्शन इंडिया**
**संतोष गर्ग**

**पलवल।** श्री विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय सीनियर सेकेंडरी स्कूल का बारहवीं कक्षा का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा। किआ पोसवाल 96.4 अंक हासिल कर अव्वल रही, जबकि 96.2 अंकों के साथ बृजेश दूसरे स्थान पर रहा। भूमि ने 95.8 अंकों के साथ तीसरा स्थान प्राप्त किया। नवीन 94.8 अंकों के साथ चौथे और खुशबू 91.8 अंकों के साथ पांचवें स्थान पर रही। आठ विद्यार्थियों ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए। 32 विद्यार्थियों ने 75 फीसदी से अधिक अंक प्राप्त कर मेरिट पाई, जबकि 35 विद्यार्थी फर्स्ट डिवीजन के साथ पास हुए।

इस उपलब्धि पर विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रोफेसर दिनेश कुमार ने सभी विद्यार्थियों और उनके अभिभावकों को बधाई दी। साथ ही उन्होंने इस उपलब्धि के लिए प्राचार्य सतेंद्र सौरोत व सभी शिक्षकों की भी सराहना की। कुलसचिव प्रोफेसर ज्योति राणा ने भी इसे गौरवपूर्ण उपलब्धि बताया। प्राचार्य सतेंद्र सौरोत ने कहा कि यह विद्यार्थियों और शिक्षकों की मेहनत का परिणाम है। यह देश का पहला स्किल इनोवेटिव स्किल स्कूल है। विद्यार्थियों ने स्किल सब्जेक्ट और विज्ञान विषयों में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया।




# नगर पालिका सफाई व दमकल कर्मियों की हड़ताल जारी

**टीम एक्शन इंडिया**
**दिनेश नौताना**

**महेंद्रगढ़।** नगर पालिका कर्मचारी संघ के आह्वान पर नगर पालिका के सफाई कर्मचारी व दमकल कर्मी की हड़ताल मंगलवार को जारी रहीं। हड़ताल के चलते कामकाज पूरी तरह ठप रहा। हालांकि शहर की सफाई व्यवस्था डोर टू डोर कूड़ा कलेक्शन के कर्मचारियों ने कूडे प्वाइंट पर सफाई व्यवस्था संभाली हुई हैं। कर्मचारी नगर पालिका कार्यालय में धरने पर बैठकर सरकार के खिलाफ नारेबाजी की।

# भाजपा की जीत विकास और जनता के विश्वास की जीतः शेखर आंतिल

**टीम एक्शन इंडिया**

**राई ।** नगर निगम चुनाव में भारतीय जनता पार्टी की शानदार जीत पर भाजपा कार्यकर्ताओं और समर्थकों में उत्साह का माहौल है। भाजपा नेता एवं जाखौली मंडल अध्यक्ष शेखर आंतिल ने नगर निगम सोनीपत के नवनिर्वाचित मेयर राजीव जैन सहित विजयी भाजपा प्रत्याशियों को बधाई देते हुए इसे विकास और जनता के विश्वास की जीत बताया। उन्होंने वार्ड नंबर-7 से विजयी भाजपा प्रत्याशी लाला मुनीराम ठोलेदार तथा वार्ड नंबर-8 से विजयी प्रत्याशी कुनाल कौशिक को भी हार्दिक शुभकामनाएं दीं। शेखर आंतिल ने कहा कि नगर निगम चुनाव में जनता ने भाजपा की नीतियों, विकास कार्यों और मजबूत नेतृत्व पर भरोसा जताया है। उन्होंने कहा कि मेयर पद पर राजीव जैन की जीत यह साबित करती है कि लोग शहर के विकास और पारदर्शी व्यवस्था के पक्ष में हैं। उन्होंने कहा कि यह जीत केवल किसी एक प्रत्याशी की नहीं, बल्कि क्षेत्र की जनता के विश्वास, कार्यकर्ताओं की मेहनत और भाजपा की विकासवादी सोच की जीत है। इस दौरान भाजपा कार्यकर्ताओं ने एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर खुशी जताई और पार्टी नेतृत्व का आभार व्यक्त किया।



**उत्साह**

- नगर निगम चुनाव में भाजपा की शानदार जीत पर भाजपा कार्यकर्ताओं और समर्थकों में उत्साह

# निपुण हरियाणा मिशन के तहत क्लास रूम विजिट अवश्य करें : सीईओ

**संतोष गर्ग**

**पलवल।**

**जिला** परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी जितेंद्र कुमार ने उपायुक्त डा. हरीश कुमार वशिष्ठ के निदेर्शानुसार बुधवार को जिला सचिवालय स्थित सभागार में निपुण हरियाणा मिशन के तहत आयोजित जिला संचालन समिति बैठक में पीपीटी के माध्यम से समीक्षा करते हुए जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी, जिला शिक्षा अधिकारी सहित अन्य शिक्षकगणों को सख्त निर्देश दिए कि वे निपुण हरियाणा मिशन के तहत क्लास रूम की विजिट अवश्य करें और मॉनिटरिंग में बढ़ोतरी करें ताकि जिला में निपुण हरियाणा मिशन का सफल बनाया जा सके।



सीईओ जितेंद्र कुमार ने निपुण हरियाणा अभियान के तहत विद्यार्थियों की संख्यात्मक साक्षरता प्रतिशत में बढ़ोतरी करें ताकि बच्चों का सर्वांगीण विकास हो सके। उन्होंने विशेष अभियान चलाकर और बच्चों के माता-पिता और परिजनों समझाकर विद्यालयों से ड्रॉप आउट बच्चों को विद्यालयों तक लाकर शिक्षा की मुख्यधारा में लाने का भी आह्वान किया। जिला स्तरीय संचालन समिति व जिला के संबंधित अधिकारी जिला में इस अभियान को कामयाब बनाने के लिए कड़ी मेहनत करें और बच्चों को गुणवत्तापरक शिक्षा देने पर फोकस करें।

विद्यालयों में सप्लाई किए जा रहे पानी की करवाएं जांच : सीईओ

सीईओ जितेंद्र कुमार ने बैठक में जिन विद्यालयों में चार दीवारी नहीं बनी हुई है उनमें चार दीवारी बनवाने, नीति आयोग के मेनडेट के तहत 40 लड़कियों पर कम से कम एक शौचालय की सुविधा उपलब्ध करवाने, विद्यालयों में सप्लाई किए जा रहे पानी की सेंपलिंग करवाने, जिन विद्यालयों में पानी का कनेक्शन नहीं है वहां पानी कनेक्शन उपलब्ध करवाने सहित निपुण की बैठक विद्यालयों में आयोजित करवाने के निर्देश भी दिए। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि हरियाणा निपुण योजना के तहत निर्धारित लक्ष्यों को प्राप्त किया जाए।

एसडीएम की अध्यक्षता में आयोजित की जाए खंड स्तरीय समीक्षा बैठक : एसडीएम

एसडीएम पलवल भूपेंद्र ढ्ढूसह ने उपायुक्त डा. हरीश कुमार द्वारा दिए गए निदेर्शानुसार विद्यार्थियों को लेखन, पाठन और टेबल में निपुण बनाने के साथ-साथ प्रातः कालीन प्रार्थना सभा में प्रतिदिन अलग-अलग बच्चों से संविधान की प्रस्तावना वाचन करवाने, जीरो पीरियड शुरू करवाने, न्यूज पेपर रीडिंग व आज का विचार सहित अन्य गतिविधियां आयोजित करवाने, सी केटेगरी स्कूल की लिस्ट उपलब्ध करवाने के भी निर्देश दिए। उन्होंने खंड स्तरीय समीक्षा बैठक संबंधित एसडीएम की अध्यक्षता में आयोजित करवाने तथा बैठक से संबंधित एटीआर और मिनटस पीपीटी में शामिल करने के निर्देश भी दिए।

बैठक में एसडीएम हथीन हरिराम, सीएमजीजीए संजय कुमार सहित जिला एफएलएन समन्वयक, खंड शिक्षा अधिकारी एवं खंड संसाधक समन्वयक उपस्थित रहे।

# भारी मतों से मेयर पद पर विजयी हुए प्रत्याशी श्याम लाल बंसल ने अपनी जीत का श्रेय कार्यकर्त्ताओं तथा पंचकुला की जनता को दिया

**पंचकूला/मैनपाल**

भारतीय जनता पार्टी की टिकट पर भारी मतों से मेयर पद पर विजयी हुए प्रत्याशी श्याम लाल बंसल ने अपनी जीत का श्रेय भाजपा के समर्पित कार्यकत्ताओं तथा पंचकुला की जनता के उनके प्रति प्यार को दिया है. उन्होंने कहा है कि पंचकुला के मतदाताओं द्वारा उन्हें रिकॉर्ड मतों से विजयी बनाने के बाद उनकी जिम्मेवारी और ज्यादा बढ़ गयी है. श्याम लाल बंसल ने कहा है मेयर पद पर उनकी रिकॉर्ड जीत तथा भाजपा के 17 पार्षद प्रत्याशी जीतने के बाद साफ हो गया है कि हरियाणा की जनता केंद्र में नरेंद्र मोदी सरकार तथा हरियाणा में नायब सिंह सैनी की नीतियों से अभिभूत है तथा पंचकुला में जनता जनार्दन ने उनके ट्रिपल इंजन सरकार के नारे को स्वीकार करते हुये विकास के नाम पर मोहर लगाई है. श्याम लाल बंसल ने प्रदेश के मुख्यमंत्री नायब सैनी का भी आभार जताया है कि उन्होंने पंचकुला में उनके चुनाव प्रचार में न केवल लगातार चुनाव सभाएँ सम्बोधित की, बल्कि रुठे हुये भाजपा कार्यकताओं को भी मनाकर चुनाव प्रचार में लगाया. उन्होंने हरियाणा सरकार के मंत्री एवं पंचकुला नगर निगम चुनाव प्रभारी विपुल गोयल तथा सह प्रभारी कँवर पाल गुज्जर का भी आभार व्यक्त किया है।



## न्यूज फ्लैश

### पाँचवी कक्षा के छात्र ने फंदा लगाकर ली फांसी



**अवतार सिंह चुघ**
**यमुनानगर, 13 मई** यमुनानगर के गांधीनगर इलाके में रहने वाले पांचवी कक्षा के छात्र निखिल (13) ने घर पर फंदा लगाकर मंगलवार शाम को अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली ' सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची व शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराने के बाद शव परिजन को सौंप दिया ' पुलिस के अनुसार परिजन के बयान के आधार पर बीएनएसएस 194 के तहत कार्रवाई की गई '
मृतक निखिल के बड़े भाई ने बताया कि निखिल पिछले दो-तीन दिन से स्कूल नहीं जा रहा था और कल जब उसकी मां बाजार में दवाई लेने गई थी और घर वापस आई तो देखा कि निखिल का शव घर में छत पर लटका मिला और उसकी मौत हो चुकी थी ' मृतक की मां का कहना है कि निखिल दो-तीन दिन से स्कूल नहीं जा रहा था और उसको स्कूल जाने के लिए कहा था लेकिन कल कोई ऐसी बात नहीं हुई ' लेकिन कल शाम को जब वह दवाई लेने गई और आकर देखा तो निखिल का शव छत से लटका मिला '
वही गांधीनगर पुलिस थाने के जांच अधिकारी ने बताया कि सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराने के बाद शव परिजन को सौंप दिया और पुलिस के अनुसार बीएनएसएस 194 के तहत कार्रवाई की गई '

## निकाय चुनावों में भाजपा की ऐतिहासिक जीत जनता के विश्वास और कार्यकर्ताओं की मेहनत का परिणाम: मोहन लाल बड़ौली



**टीम एक्शन इंडिया**
**सोनीपत(संजीव कौशिक )** हरियाणा निकाय चुनावों में भारतीय जनता पार्टी की प्रचंड जीत पर भाजपा हरियाणा प्रदेश अध्यक्ष पंडित मोहन लाल बड़ौली ने प्रदेश की जनता, पार्टी कार्यकर्ताओं और विजयी प्रत्याशियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह जीत विकास, सुशासन और संगठन की मजबूती की जीत है। पंडित मोहनलाल बडौली ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में प्रदेश सरकार द्वारा किए गए जनहितकारी कार्यों, पारदर्शी प्रशासन और गरीब कल्याण की नीतियों पर जनता ने पूर्ण विश्वास जताया है। निकाय चुनाव परिणामों ने यह स्पष्ट कर दिया है कि हरियाणा की जनता विकास और राष्ट्रहित की राजनीति के साथ मजबूती से खड़ी है। उन्होंने कहा कि भाजपा कार्यकर्ताओं ने बूथ स्तर तक अथक मेहनत करते हुए सरकार की योजनाओं और उपलब्धियों को जन-जन तक पहुंचाने का कार्य किया। पार्टी की यह जीत हर कार्यकर्ता की मेहनत, समर्पण और जनता के आशीर्वाद का परिणाम है। प्रदेश अध्यक्ष बड़ौली ने कहा कि भाजपा सरकार ने बिना किसी भेदभाव के प्रदेश के हर वर्ग के विकास के लिए कार्य किया है। शहरों में आधारभूत ढांचे को मजबूत करने, स्वच्छता, पेयजल, सड़क और अन्य नागरिक सुविधाओं को बेहतर बनाने के लिए लगातार काम किया गया, जिसका सकारात्मक प्रभाव चुनाव परिणामों में दिखाई दिया है। श्री बड़ौली ने विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा कि जनता ने नकारात्मक राजनीति, भ्रम फैलाने और परिवारवाद की राजनीति को पूरी तरह खारिज कर दिया है। हरियाणा की जनता विकास, स्थिरता और सुशासन चाहती है और भाजपा इसी दिशा में लगातार कार्य कर रही है।
पंडित मोहन लाल बडौली ने सभी नवनिर्वाचित प्रतिनिधियों से जनता की अपेक्षाओं पर खरा उतरने और विकास कार्यों को प्राथमिकता देने का आह्वान किया। साथ ही उन्होंने कहा कि भाजपा आने वाले समय में भी जनसेवा और विकास के संकल्प के साथ प्रदेश को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने का कार्य करती रहेगी।

# सफाई कर्मचारियों का सम्मान, अधिकार और सुरक्षित भविष्य हमारी जिम्मेदारी: पराग गाबा

**चेतावनी**

कर्मचारियों की वर्षों पुरानी मांगों की अनदेखी तुरंत बंद की जाए और समाधान सुनिश्चित किया जाए।



**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल।** लघु सचिवालय के बाहर अपनी न्यायोचित मांगों को लेकर संघर्षरत सफाई कर्मचारियों के समर्थन में जिला कांग्रेस कमेटी (शहरी) के जिलाध्यक्ष पराग गाबा आंदोलन स्थल पर पहुंचे और कर्मचारियों के साथ एकजुटता व्यक्त करते हुए कहा कि कांग्रेस पार्टी हर मेहनतकश वर्ग की आवाज बनकर उनके सम्मान, अधिकारों और सुरक्षित भविष्य की लड़ाई में पूरी मजबूती से साथ खड़ी है।
पराग गाबा ने कहा कि सफाई कर्मचारी केवल शहर को स्वच्छ रखने वाले कर्मचारी नहीं, बल्कि समाज की मूलभूत व्यवस्था को मजबूत बनाए रखने वाले कर्मयोगी हैं। कोरोना जैसी वैश्विक महामारी के कठिन दौर में भी इन सफाई कर्मचारियों ने अपनी जान जोखिम में डालकर शहर को स्वच्छ, सुरक्षित और संरक्षित रखने में अतुलनीय योगदान दिया। जब पूरा समाज संकट से जूझ रहा था, तब सफाई कर्मचारियों ने निस्वार्थ सेवा, समर्पण और साहस का परिचय देकर मानवता की मिसाल पेश की।
उन्होंने कहा कि जो कर्मचारी दिन-रात कठिन परिस्थितियों में कार्य कर समाज को स्वच्छ और सुरक्षित वातावरण प्रदान करते हैं, यदि वही अपने स्थायी रोजगार, समय पर वेतन, ठेका प्रथा समाप्ति, ईएसआई, पीएफ, सुरक्षा उपकरण और सम्मानजनक व्यवहार जैसी बुनियादी मांगों के लिए संघर्ष करने को विवश हों, तो यह सरकार की संवेदनहीनता और प्रशासनिक विफलता का गंभीर उदाहरण है।
उन्होंने कहा कि सफाई कर्मचारियों की यह लड़ाई केवल सुविधाओं की नहीं, बल्कि सम्मान, सामाजिक न्याय, सुरक्षा और उनके परिवारों के बेहतर भविष्य की लड़ाई है। कांग्रेस पार्टी इस संघर्ष को केवल कर्मचारियों का मुद्दा नहीं, बल्कि हर मेहनतकश वर्ग के सम्मान और अधिकारों का प्रश्न मानती है।
पराग गाबा ने सरकार को चेतावनी देते हुए कहा कि कर्मचारियों की वर्षों पुरानी मांगों की अनदेखी तुरंत बंद की जाए और शीघ्र समाधान सुनिश्चित किया जाए। यदि कर्मचारियों की आवाज को दबाने का प्रयास किया गया, तो कांग्रेस पार्टी इस संघर्ष को और व्यापक जनांदोलन का रूप देने में पीछे नहीं हटेगी।

## महाराजा अग्रसेन पब्लिक स्कूल समालखा के छात्रों ने बारहवीं कक्षा के परिणाम में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया

**टीम एक्शन इंडिया**
**समालखा (संजय नरवाल)**केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (उइरए) द्वारा कक्षा बारहवीं का परीक्षा परिणाम 13 मई बुधवार को घोषित किया गया। जिसमें महाराजा अग्रसेन पब्लिक स्कूल के सभी संकायों का प्रदर्शन अत्यंत संतोषजनक एवं उत्साहवर्धक रहा। विद्यालय के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट अंक प्राप्त कर न केवल अपने अभिभावकों बल्कि विद्यालय का भी नाम गौरवान्वित किया।
कला संकाय में पहला स्थान आशी सिंगला ने 96.8%दूसरा स्थान परी ने 84.6% तीसरा स्थान साहिल कुमार ने 82.6% हासिल किए। वाणिज्य संकाय में पहला स्थान अनन्या गर्ग ने 94.2% दूसरा स्थान हर्ष मंगल ने 93.8% , तीसरा स्थान आदित्य ने 90.2% हासिल किया। विज्ञान संकाय में पहला स्थान ऋषित जैन ने 95% दूसरा स्थान लक्ष्य 92.2% तीसरा स्थान सार्थक अग्रवाल 91.8% मेडिकल संकाय में पहला स्थान वंशिका , दूसरा स्थान कामना और तीसरा स्थान अनमोल ने हासिल किया। विषयवार प्रदर्शन भी सराहनीय रहा।
विद्यालय प्रबंधन समिति के प्रधान शिव कुमार गर्ग, उप प्रधान गौतम गर्ग, मैनेजर धीरज मित्तल, सचिव प्रदीप मित्तल, कोषाध्यक्ष प्रदीप मित्तल तथा प्राचार्या अलका शर्मा और कोऑर्डिनेटर रजनी बरेजा ने इस सफलता का श्रेय विद्यार्थियों की कड़ी मेहनत, शिक्षकों के मार्गदर्शन एवं अभिभावकों के सहयोग को दिया है।
प्राचार्या अलका शर्मा ने सभी सफल विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। अंत में, यह कहा जा सकता है कि शत प्रतिशत परीक्षा परिणाम विद्यालय के लिए गर्व का विषय है।

## संजय गाँधी पब्लिक स्कूल लाडवा का बारहवीं का परिणाम रहा 100 प्रतिशत

**टीम एक्शन इंडिया**
**लाडवा, 13 मई (विजय कौशिक)** संजय गांधी मेमोरियल सीनियर सेकेंडरी पब्लिक स्कूल,धनोरा-लाडवा का कक्षा 12वीं का परीक्षा परिणाम अत्यंत शानदार रहा। विद्यालय के विद्यार्थियों ने विभिन्न संकायों में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर स्कूल का नाम रोशन किया। कॉमर्स संकाय में छात्र शिवम ने 96.4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान तथा विज्ञान संकाय में प्रथम गर्ग ने 94.8 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में दूसरा स्थान, कॉमर्स संकाय में परनीत ने 92.8 प्रतिशत अंक हासिल कर तृतीय स्थान प्राप्त किया।

## प्रशिक्षण महाअभियान भाजपा द्वारा चलाया जा रहा कार्यक्रम: गुर्जर

**महाअभियान**

सरकार की नीतियों से अवगत करवाना प्रशिक्षण महाअभियान का उद्देश्य



**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल।** पार्टी को संगठनात्मक दृष्टि से मजबूती प्रदान करने हेतु एवं 16 व 17 मई को करनाल में आयोजित किए जाने वाले प्रशिक्षण महाअभियान की तैयारियों को लेकर आज भाजपा जिला कार्यालय कर्ण कमल में भाजपा जिलाध्यक्ष प्रवीण लाठर की अध्यक्षता में भाजपा जिला पदाधिकारियों की बैठक सम्पन्न हुई।
इस अवसर पर सभी पदाधिकारियों को बैठक में मुख्य तौर पर मौजूद पानीपत जिला प्रभारी अशोक गुर्जर, जिलाध्यक्ष प्रवीण लाठर एवं करनाल जिला प्रभारी भारत भूषण जुआल का मार्गदर्शन मिला।
पानीपत जिला प्रभारी अशोक गुर्जर ने बताया कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान (2026) भारतीय जनता पार्टी द्वारा चलाया जा रहा एक व्यापक संगठनात्मक कार्यक्रम है, जिसका उद्देश्य कार्यकताओं को वैचारिक रूप से परिपक्व, अनुशासित और सांगठनिक रूप से सक्षम बनाना है। यह अभियान कार्यकताओं को पार्टी की विचारधारा (राष्ट्रवाद, अंत्योदय) और सरकार की नीतियों से अवगत कराकर उन्हें राष्ट्र पुनर्निर्माण के लिए तैयार करता है
उन्होंने बताया कि इस प्रशिक्षण शिविर से कार्यकताओं को वैचारिक स्पष्टता, संगठनात्मक कौशल और समर्पण की भावना से परिपूर्ण करना है, ताकि वे कर्मयोगी बन सकें। उन्होंने बताया कि इस महाअभियान के तहत प्रदेश, जिला और मंडल स्तर पर कार्यशालाओं और प्रशिक्षण वर्गों का आयोजन किया जा रहा है, ताकि कार्यकताओं को भाजपा की विचारधारा, अंत्योदय, राष्ट्र निर्माण और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में डबल इंजन सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी जा सके, जिससे प्रशिक्षित कार्यकर्ता समाज के अंतिम व्यक्ति तक पार्टी का संदेश पहुंचा सकें।

## हमला करके चोट मारने का आरोपी गिरफ्तार

**लाड़वा 13 मई (विजय कौशिक)** : जिला पुलिस ने हमला करके चोट मारने के आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक चन्द्र मोहन के कुशल मार्ग दर्शन में थाना लाडवा पुलिस टीम ने हमला करके चोट मारने के आरोप मे विकास वासी बपदा जिला कुरुक्षेत्र को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है।
जानकारी देते हुए पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि पुलिस को दिए अपने बयान में गीता कालोनी बपदा लाडवा वासी महिला ने बताया कि उसका पति खेती बाडी का काम करता है तथा उनके पास 2 ट्रैक्टर हैं। उन्होंने बताया कि 4 मार्च 2026 को उसका पति मनीष कुमार अपना ट्रैक्टर लेकर खेत से घास लेने के लिए घर से चला था। समय करीब 4.30 बजे शाम को जब उसका पति ट्रैक्टर को लेकर गली में विकास के मकान के सामने पहुंचा तो विकास की कार जो गली में खडी थी। जो ट्रैक्टर की टक्कर विकास की कार में लगी जो उसी बात को लेकर मेरे पति व विकास की आपस में कहा सुनी हो गई थी। इसी बात को लेकर विकास ने कांच की खिडकी,अनुज ने लोहे की रॉड, अंकुश ने लकडी के डण्डे व पंकज वासी यूपी ने हथियारों से उसके पति पर हमला कर दिया।

## संत निश्चल सिंह पब्लिक स्कूल का कक्षा 12वीं का परीक्षा परिणाम रहा शानदार



**टीम एक्शन इंडिया**
**लाड़वा 13, मई (विजय कौशिक)** : संत निश्चल सिंह पब्लिक स्कूल के सीबीएसई बोर्ड का कक्षा 12वीं का परीक्षा परिणाम इस वर्ष अत्यंत उत्कृष्ट रहा। विद्यालय की छात्रा सांची गोयल ने 97.6% अंक प्राप्त कर जिले में स्थान प्राप्त किया।
विद्यालय परिसर में खुशी एवं उत्साह का माहौल है। यह जानकारी विद्यालय की प्रिंसिपल अमरजीत कौर संधू ने दी। उन्होंने बताया कि इस वर्ष विद्यालय से कुल 154 विद्यार्थियों ने परीक्षा दी, जिनमें से 100 विद्यार्थियों ने मेरिट प्राप्त की। विद्यालय का कुल परीक्षा परिणाम 100% रहा, जो विद्यालय के लिए अत्यंत गौरवपूर्ण उपलब्धि है।
विद्यालय की तीनों स्ट्रीम – साइंस, कॉमर्स एवं आर्ट्स – के विद्यार्थियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए उत्कृष्ट परिणाम हासिल किए। कॉमर्स स्ट्रीम प्रथम स्थान सांची गोयल, 97.6%, द्वितीय स्थान जानवी बंसल, 97.2% ,तृतीय स्थान रिया एवं जानवी नारंग 96.2% रही।
आर्ट्स स्ट्रीम ,प्रथम स्थान लोहिनी, 96.8%, द्वितीय स्थान जसिका रानी 92.8% ,तृतीय स्थान दक्ष राठी 89.8% रहा।साइंस स्ट्रीम प्रथम स्थान मनन संधू 92.6%, द्वितीय स्थान लविश एवं नभप्रीत 92.2%,तृतीय स्थान जसमीत ने 91% ी साथ प्राप्त किया।
उत्तीर्ण विद्यालय के विद्यार्थियों ने विभिन्न विषयों में भी उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। अंग्रेजी विषय में जानवी नारंग ने 97 अंक प्राप्त किए।हिंदी विषय में लोहिनी ने 97 अंक प्राप्त किए। अकाउंटेंसी में सांची ने 100 अंक प्राप्त किए। बिजनेस स्टडीज में जानवी, सांची एवं जानवी नारंग ने 99 अंक प्राप्त किए। इकोनॉमिक्स विषय में जानवी बंसल ने 96 अंक प्राप्त किए।पेंटिंग विषय में 100 अंक प्राप्त किए गए। ए.आई. विषय में दीपांदर ने 98 अंक प्राप्त किए। हिस्ट्री विषय में लोहिनी ने 92 अंक प्राप्त किए।पॉलिटिकल साइंस में लोहिनी ने 96 अंक प्राप्त किए।मैथ्स में मनन संधू ने 95 अंक प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया।

## स्व. श्री लक्ष्मी नारायण तायल के आदर्श शिक्षा जगत एवं समाज के लिए सदैव प्रेरणास्त्रोत रहेंगे



**टीम एक्शन इंडिया**
**समालखा (संजय नरवाल)**एलएनटी कॉलेज ऑफ एजूकेशन, मछरौली, पानीपत में समाज सुधारक एवं प्रख्यात शिक्षाविद् स्वर्गीय श्री लक्ष्मी नारायण तायल की 23 वीं पुण्यतिथि श्रद्धा एवं सम्मान के साथ मनाई गई। इस अवसर पर कॉलेज प्रबंधन, प्राचार्य, स्टाफ सदस्यों एवं विद्यार्थियों ने उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की।
कॉलेज अध्यक्षा श्रीमती मीनाक्षी गुप्ता ने अपने भावभीनी संबोधन में कहा कि स्व. श्री लक्ष्मी नारायण तायल जी का जीवन शिक्षा, संस्कार एवं समाज सेवा के प्रति पूर्ण समर्पण का उदाहरण था। उनके आदर्श आज भी शिक्षा जगत को नई दिशा प्रदान कर रहे हैं तथा आने वाली पीढ़ियों को प्रेरित करते रहेंगे।
कॉलेज सचिव श्री सुशील गुप्ता ने भावपूर्ण याद करते हुए कहा कि स्वर्गीय श्री लक्ष्मी नारायण तायल जी ने अपना संपूर्ण जीवन शिक्षा ,संस्कार एवं समाज सेवा के लिए समर्पित किया। उनके दूरदर्शी विचारों एवं शिक्षा के प्रति समर्पण से प्रेरित होकर अनेक शिक्षण संस्थानों की स्थापना हुई, जो समाज में शिक्षा की ज्योति फैलाने का कार्य कर रहे हैं।
उन्होंने कहा कि एलएनटी कॉलेज ऑफ एजुकेशन भी उन्हीं के आदर्शों एवं शिक्षा के प्रति समर्पण का जीवन्त उदाहरण है। कॉलेज निरंतर विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्वक उच्च शिक्षा के साथ-साथ नैतिक मूल्यों एवं सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना से जोड़ने का कार्य कर रहा है।

## लोकतंत्र की हत्या पर उतरी भाजपा, जनता के जनादेश से खिलवाड़

**पंचकूला।**
नगर निगम चुनाव के नतीजे आते ही जश्न और विरोध आमने-सामने खड़े हो गए हैं। भाजपा प्रत्याशी शामलाल की जीत के साथ ही विपक्ष ने मोर्चा खोल दिया है और चुनाव प्रक्रिया को लेकर ऐसे आरोप लगाए हैं, जिन्होंने पूरे सिस्टम को कठघरे में खड़ा कर दिया है। कांग्रेस ने इस जीत को ह्लजनादेश नहीं, प्रबंधनह्व करार देते हुए भाजपा पर सीधा हमला बोला है।कांग्रेस प्रत्याशी सुधा भारद्वाज ने बेहद तीखे तेवर में कहा कि यह चुनाव निष्पक्ष नहीं बल्कि पूरी तरह ह्लमैनेज किया गया खेलह्व है।

## कुरुक्षेत्र पुलिस का नशा तस्करों पर शिकंजा, आरोपी गिरफ्तार




**टीम एक्शन इंडिया**
**लाडवा, 13 मई (विजय कौशिक)** कुरुक्षेत्र पुलिस ने नशीले पदार्थों की तस्करी पर शिकंजा कसते हुए नशीला पदार्थ सप्लाई करने के आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक श्री चन्द्र मोहन के कुशल मार्ग-दर्शन में एंटी नारकोटिक्स सैल की टीम ने नशीला पदार्थ सप्लाई करने के आरोपी दीपांशु वासी सहजादपुर जिला कुरुक्षेत्र को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की।
जानकारी देते हुए पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि 11 मई 2026 को एन्टी नारकोटिक सैल प्रभारी उप निरीक्षक सतविन्द्र सिंह के मार्गनिर्देश में सहायक उप निरीक्षक रणधीर सिंह, संजीव कुमार, मुख्य सिपाही मंदीप सिंह, विक्रम सिंह, सिपाही हिमांशु व गाड़ी चालक मुख्य सिपाही सुनील कुमार की टीम अपराध की तलाश में पीर मोड़ बाबैन रोड लाडवा पर मौजूद थी। पुलिस टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर राजेश कुमार वासी डाबर कालोनी लाडवा को आईजीएन कॉलेज लाडवा के पास नाकाबंदी करके कार नंबर एचआर-07-एस-6888 सहित काबू किया था। पुलिस टीम द्वारा आरोपी की तलाशी लेने पर आरोपी से 61 ग्राम अफीम बरामद हुई थी। आरोपी के खिलाफ थाना लाडवा में नशीला पदार्थ अधिनियम के तहत मामला दर्ज करके उप निरीक्षक सुरेन्द्र कुमार ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया था। 12 मई 26 को एंटी नारकोटिक्स सैल प्रभारी उप निरीक्षक सतविन्द्र सिंह के मार्ग निर्देश में उप निरीक्षक सुरेन्द्र कुमार, उप सहायक निरीक्षक रणधीर सिंह, संजेव्व, मुख्य सिपाही विक्रम, मंदीप व सिपाही हिमांशु की टीम ने मामले में आगामी कारवाई करते हुए नशीला पदार्थ सप्लाई करने के आरोपी दीपांशु वासी सहजादपुर जिला कुरुक्षेत्र को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी को माननीय अदालत में पेश करके अदालत के आदेश कारागार भेज दिया।

## निर्भीक पत्रकारिता से सोनीपत नगर निगम के मेयर तक : राजीव जैन का सफरनामा



**टीम एक्शन इंडिया**
**सोनीपत (संजीव कौशिक )** हरियाणा के सोनीपत में हुए नगर निगम चुनाव में लगातार दूसरी बार शानदार व ऐतिहासिक जीत हासिल करने वाले भाजपा के मेयर प्रत्याशी राजीव जैन सोनीपत में आम जनता के बीच सबसे लोकप्रिय नेता के तौर पर जाने जाते हैं। राजीव जैन मानते भी हैं कि आम जनता का यह प्यार-प्रेम और आशीर्वाद एक दिन की नहीं उनकी 40 सालों की कमाई है। भाजपा ने जनता पर मजबूत पकड़ होने की वजह से ही इन्हें लगातार दूसरी बार मेयर पद का प्रत्याशी बनाया था। पिछले साल भी मेयर पद के लिए हुए उपचुनाव में राजीव जैन को भाजपा ने अपना उम्मीदवार बनाया था। इस चुनाव में उन्होंने करीब 35 हजार वोटों से जीत हासिल की थी। इस बार भी ऐतिहासिक जीत हासिल कर लगातार दूसरी बार सोनीपत के मेयर बनने का गौरव हासिल किया है। उन्होंने भाजपा की दमदार जीत के लिए जहां सोनीपत की जनता के प्रति आभार जताया है, वहीं पार्टी हाई कमान का विशेष रूप से धन्यवाद किया है। राजीव जैन का जन्म 12 फरवरी, 1964 को हुआ था। उन्होंने राजनीति के अलावा पत्रकारिता जगत में भी 1986 से लेकर 1993 तक देश के जाने माने हिंदी दैनिक अखबारों में काम किया है। उन्होंने बीकॉम तक अपनी पढ़ाई की है। उनके राजनीतिक जीवन की नींव छात्र जीवन में ही पड़ गई थी। जब वे ग्रेजुएशन कर रहे थे तब उन्हें यूनियन सेक्रेटरी बनने का मौका मिला था। इसके बाद उन्होंने सक्रिय राजनीति में कदम रखा और 1985 में भ्रष्टाचार तथा बेरोजगारी के खिलाफ प्रदेश भर में 45 दिनों तक पदयात्रा कर जनजागरण अभियान चलाया। वे वर्ष 1994 में हरियाणा विकास पार्टी से जुड़े। उन्होंने पार्टी में प्रदेश प्रेस सचिव और बाद में प्रदेश महासचिव के तौर पर भी अपना योगदान दिया। 1996 से 1999 तक तात्कालीन मुख्यमंत्री बंसीलाल के मीडिया सलाहकार के रूप में भी जिम्मेदारी निभाई। वर्ष 2000 में उन्होंने हरियाणा विकास पार्टी के टिकट पर सोनीपत विधानसभा का चुनाव लड़ा और करीब 20 फीसदी मत हासिल कर पूर्व विधायक देवराज दीवान व बाबू देवीदास जैसे दिग्गजों की मौजूदगी में तीसरे स्थान पर रहे। वर्ष 2005 में निर्दलीय उम्मीदवार के रूप में उन्हें दूसरा स्थान मिला। इस चुनाव में उन्हें करीब 4 हजार मतों के अंतर से हार का सामना करना पड़ा। बावजूद इसके इस चुनाव ने राजीव जैन की राजनीति की दिशा तय कर दी। शहर वासियों की जुबान पर राजीव जैन का नाम चढ़ गया। जाति व धर्म से ऊपर उठकर लोगों ने उन्हें अपना नेता समझा। वर्ष 2007 में भाजपा में शामिल होने के बाद उन्होंने संगठन में कई महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां निभाईं। वे भाजपा के प्रदेश मीडिया प्रभारी, प्रदेश उपाध्यक्ष और विभिन्न संगठनात्मक पदों पर सक्रिय रहे। पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल के मीडिया सलाहकार के रूप में भी उन्होंने सेवाएं दीं। इससे पहले 2009 में उन्होंने भाजपा के टिकट पर अपनी पत्नी कविता जैन को चुनाव लड़वाया और जीत हासिल की। 2014 में भी उनकी पत्नी कविता जैन ने एक बार फिर से चुनाव जीता और मनोहरलाल के मत्रिमंडल में कैबिनेट मंत्री के रूप में शामिल हुईं। दोनों चुनाव में राजीव जैन की भूमिका निर्णायक रही। लेकिन 2019 के विधानसभा चुनाव में कविता जैन को हार का सामना करना पड़ा। इसके बावजूद राजीव जैन लगातार लोगों के बीच सक्रिय रहे और उनके सुख-दुख में सहभागी बने रहे। 2024 में वे स्वयं भी चुनाव लड़ना चाहते थे, बाद में इस बात को लेकर भी तैयार थे कि टिकट उनकी पत्नी कविता जैन को मिले, लेकिन इस बार पार्टी की तरफ से उन्हें निराशा हाथ लगी ।

## पांच बार के पार्षद और एक बार के चेयरमैन को दी सुरेंदर मदान ने पटखनी



**टीम एक्शन इंडिया**
**सोनीपतः** नगर निगम के चुनाव परिणाम से एक बार फिर भारतीय जनता पार्टी के प्रति लोगों का विश्वास खुल कर सामने आ गया है। इस दौरान वार्ड-3 के परिणाम में एक बड़ा रोचक तथ्य सामने आया है वो यह कि वार्ड 3 में कांग्रेस प्रत्याशी अनुज छाबड़ा, जो सोनीपत नगर परिषद के पांच बार प्रत्याशी और एक बार चेयरमैन रहे अशोक छाबड़ा के बेटे हैं और भाजपा प्रत्याशी सुरेंद्र मदान के बीच एक कांटे की टक्कर बताई जा रही थी। लेकिन सुरेंद्र मदान ने 1081 मतों के अंतर से जीत दर्ज करा लोगों के सभी कयासों को सिरे से खारिज कर दिया। इस अवसर पर सुरेंद्र मदान ने कहा कि उनके सर पर माननीय मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी जी, प्रदेश अध्यक्ष श्री मोहनलाल बड़ौली जी, विधायक श्री निखिल मदान जी, मेयर श्री राजीव जैन जी का हाथ है और इस आधार पर मैं स्पष्ट शब्दों में कहता हूं कि उनके वार्ड में न तो कांटे की टक्कर थी और मेरी सेवा के आधार पर मैं यह भी कह सकता हूं कि मेरे वार्ड में कोई एंटी इनकम्बैसी फैक्टर भी देखने को नहीं मिला।
सुरेंद्र मदान ने यह भी कहा कि वार्ड 3 मेरा अपना परिवार है और दूसरी पारी में अपनी सेवा के बल पर मैं वार्ड 3 के निवासियों के दिलों में स्थाई रूप से जगह बनाने का प्रयत्न करुंगा।

ACTION INDIA

# एक्शन इंडिया

Front Page - 2

एक्शन इंडिया ▸ देहरादून ▸ 14 मई 2026 ▸ पृष्ठ 08 ▸ आरएनआई: UTTHIN / 2009 / 31653

RKB GROUP
Rakesh Bhardwaj Group

## विधानसभा की सीढ़ियों पर नतमस्तक हुए मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी, लोकतंत्र के मंदिर को किया नमन

**टीम एक्शन इंडिया**
**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल के पहले भाजपा मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी ने बुधवार को विधानसभा भवन में प्रवेश करने से पहले उसकी सीढ़ियों पर नतमस्तक होकर लोकतंत्र के मंदिर को नमन किया। उनके इस कदम की तुलना प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के वर्ष 2014 में संसद भवन की सीढ़ियों पर माथा टेकने की ऐतिहासिक तस्वीर से की जा रही है। मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी बुधवार सुबह 11 बजे से पहले विधानसभा के 18वें कार्यकाल के पहले सत्र और नवनिर्वाचित विधायकों के शपथ ग्रहण समारोह में शामिल होने विधानसभा पहुंचे थे। विधानसभा परिसर में उन्हें औपचारिक गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। इससे पहले सोमवार को नवान्न में मुख्यमंत्री पद संभालने के दौरान भी उन्हें इसी तरह का राजकीय सम्मान दिया गया था। गार्ड ऑफ ऑनर से पहले मुख्यमंत्री ने अपने काफिले से उतरकर डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की। इसके बाद वह मुख्यमंत्री के लिए निर्धारित कक्ष में पहुंचे और वहां पूजा-अर्चना की। विधानसभा की कार्यवाही शुरू होने से पहले उन्होंने धार्मिक अनुष्ठान भी किया।

बुधवार को पश्चिम बंगाल विधानसभा के 18वें कार्यकाल का पहला सत्र शुरू हुआ, जिसमें हालिया चुनाव में निर्वाचित विधायक पहली बार सदन में



पहुंचे। कड़ी सुरक्षा व्यवस्था और औपचारिक प्रक्रियाओं के बीच शपथ ग्रहण कार्यक्रम शुरू हुआ, जो दो दिनों तक चलेगा। सुबह ठीक 11 बजकर दो मिनट पर मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी प्रोटेम स्पीकर तापस राय और मंत्री दिलीप घोष के साथ विधानसभा कक्ष में पहुंचे। इसके दो मिनट बाद, 11 बजकर चार मिनट पर उन्होंने विधायक के रूप में शपथ ली। मुख्यमंत्री के बाद मंत्रिमंडल के अन्य सदस्यों ने भी शपथ ली। इनमें अशोक कीर्तनिया, खुदीराम टुडू, निशीथ प्रमाणिक और अग्निमित्रा पाल शामिल रहे।

विधानसभा के पहले दिन एक और राजनीतिक रूप से महत्वपूर्ण दृश्य देखने को मिला, जब तृणमूल कांग्रेस के कई विधायक मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी के कक्ष में उनसे मुलाकात करने पहुंचे। इसे राजनीतिक शिष्टाचार और बदलते राजनीतिक माहौल के संकेत के रूप में देखा जा रहा है। मुख्यमंत्री से मिलने वालों में हरिहरपाड़ा से विधायक नियामत शेख, रघुनाथगंज से अखरुज्जमान और सूती से इमानी विश्वास शामिल थे। राजनीतिक हलकों में इन मुलाकातों को लेकर चर्चा तेज हो गई है।

हालांकि पूरे दिन शपथ ग्रहण और राजनीतिक गतिविधियां जारी रहीं, लेकिन विधानसभा की सीढ़ियों पर मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी का नतमस्तक होना ही दिन की सबसे चर्चित और प्रतीकात्मक तस्वीर बनकर उभरा।

## विवि के समग्र विकास को लेकर एक प्रभावी एसओपी तैयार करे सीएसए प्रशासन: राज्यपाल

**टीम एक्शन इंडिया**
**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की राज्यपाल एवं राज्य विश्वविद्यालयों की कुलाधिपति आनंदीबेन पटेल की अध्यक्षता में बुधवार को जन भवन के गांधी सभागार में चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय (सीएसए), कानपुर की समीक्षा बैठक हुई। बैठक में विश्वविद्यालय की शैक्षणिक, प्रशासनिक, वित्तीय, शोध, छात्र कल्याण तथा कृषि प्रसार गतिविधियों की विस्तृत समीक्षा की गई। राज्यपाल ने विश्वविद्यालय प्रशासन को निर्देशित किया कि विश्वविद्यालय के समग्र विकास हेतु एक प्रभावी एसओपी तैयार कर विकास कार्यों को समयबद्ध एवं व्यवस्थित रूप से सुनिश्चित किया जाए। प्रत्येक कार्य की स्पष्ट कार्ययोजना हो तथा उसकी नियमित मॉनिटरिंग की जाए। विश्वविद्यालय में लंबित पेंशन एवं जीपीएफ संबंधी समस्याओं, जर्जर भवनों, अधूरे



निर्माण कार्यों तथा अन्य प्रशासनिक एवं वित्तीय समस्याओं पर गंभीर चिंता व्यक्त करते हुए राज्यपाल ने इन विषयों पर पृथक उच्चस्तरीय बैठक आयोजित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि उक्त बैठक में संबंधित विभागों के अधिकारी एवं मंत्रीगण उपस्थित रहें तथा विश्वविद्यालय से संबंधित सभी समस्याओं के समाधान एवं निराकरण पर गंभीरतापूर्वक चर्चा की जाए। उन्होंने निर्देशित किया कि सभी लंबित कार्यों को शीघ्र पूर्ण कराने की दिशा में ठोस कार्यवाही की जाए। राज्यपाल ने कहा कि कृषि विश्वविद्यालय द्वारा विकसित कृषि यंत्रों एवं तकनीकों का लाभ किसानों तक बड़े स्तर पर पहुंचना चाहिए। इसके लिए उन्होंने निर्देश दिया कि विश्वविद्यालय बड़ी कंपनियों के साथ एमओयू कर कृषि यंत्रों का बड़े पैमाने पर निर्माण सुनिश्चित करे, जिससे किसानों एवं महिलाओं को इसका व्यापक लाभ प्राप्त हो सके। राज्यपाल ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा देशहित में ईंधन की खपत कम करने, अनावश्यक विदेश यात्राओं से

**कार्ययोजना**

**प्रत्येक कार्य की स्पष्ट कार्ययोजना हो तथा उसकी नियमित मॉनिटरिंग की जाए: आनंदीबेन पटेल**

बचने, वर्क फ्रॉम होम को बढ़ावा देने, साइकिल एवं पैदल चलने की आदत विकसित करने, ऊर्जा एवं संसाधनों के संयमित उपयोग, आयातित वस्तुओं पर निर्भरता कम करने तथा अनावश्यक सोने की खरीदारी से बचते हुए बचत एवं आत्मनिर्भरता को प्रोत्साहित करने संबंधी दिए गए संदेशों का उल्लेख करते हुए विश्वविद्यालय को इस राष्ट्रीय अभियान में सक्रिय सहभागिता करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं कर्मचारियों के बीच जनजागरूकता अभियान चलाए तथा स्वस्थ, अनुशासित एवं राष्ट्रहितकारी जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित करे। भविष्य में इसके अत्यंत सकारात्मक परिणाम सामने आएंगे। यदि लोग साइकिल अथवा पैदल चलने की आदत अपनाते हैं तो इससे स्वास्थ्य में सुधार होगा तथा देशहित में भी महत्वपूर्ण योगदान मिलेगा। विश्वविद्यालय में बीएमआई मशीन स्थापित करने के निर्देश दिए, जिससे विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं कर्मचारियों के स्वास्थ्य की नियमित जांच हो सके। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री जी द्वारा तेल के उपयोग में कमी, बच्चों में मोटापा कम करने तथा स्वस्थ जीवनशैली अपनाने पर दिए गए संदेशों पर विश्वविद्यालय में चर्चा होनी चाहिए तथा इस दिशा में ठोस कार्य किए जाने चाहिए। उन्होंने मोटे अनाज (मिलेट्स) से बने पौष्टिक व्यंजनों को बढ़ावा देने तथा उनका बड़े स्तर पर उत्पादन एवं प्रसंस्करण किए जाने के निर्देश दिए।

## हिमंत बिस्व सरमा 2.0 सरकार : 26 मई को सदन में पेश होगा यूसीसी बिल

**कार्यभार**

**मुख्यमंत्री ने कहा कि उनकी सरकार ने आज से आधिकारिक रूप से कार्यभार संभाल लिया है**



**टीम एक्शन इंडिया**
**गुवाहाटी।** मुख्यमंत्री डॉ. हिमंत बिस्व सरमा के नेतृत्व वाली नई सरकार की पहली कैबिनेट बैठक बुधवार को सम्पन्न हुई। बैठक में कई महत्वपूर्ण नीतिगत निर्णय लिए गये। बैठक के बाद आयोजित संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि उनकी सरकार ने आज से आधिकारिक रूप से कार्यभार संभाल लिया है तथा मंत्रियों के विभागों की घोषणा शीघ्र की जाएगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि कैबिनेट ने 26 मई को सदन में समान नागरिक संहिता (यूसीसी) प्रस्तुत करने का निर्णय लिया है। हालांकि, जनजातीय समुदायों तथा सभी प्रकार की धार्मिक परंपराओं और रीति-रिवाजों को यूसीसी के दायरे से बाहर रखा जाएगा। प्रस्तावित यूसीसी में मुख्य रूप से विवाह की न्यूनतम आयु, संपत्ति अधिकार, लिव-इन रिलेशनशिप तथा बहुविवाह जैसे विषय शामिल होंगे। मुख्यमंत्री ने जानकारी दी कि असम विधानसभा का सत्र 21, 22, 25 और 26 मई को आयोजित होगा। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) का संकल्प पत्र ही नई सरकार के संचालन का आधार बनेगा। सरकार ने दो लाख सरकारी नौकरियों के लक्ष्य को लेकर मुख्य सचिव की अध्यक्षता में एक टास्क फोर्स गठित करने का निर्णय लिया है। मुख्य सचिव सभी विभागों के साथ चर्चा कर अगले पांच वर्षों में युवाओं को सरकारी रोजगार उपलब्ध कराने की रूपरेखा पर रिपोर्ट प्रस्तुत करेंगे।

कैबिनेट ने महान गायक एवं सांस्कृतिक पुरोधा डॉ. भूपेन हजारिका की जयंती समारोह के समापन कार्यक्रम को आगामी 8 सितंबर को नई दिल्ली में आयोजित करने का निर्णय लिया। साथ ही, कलाक्षेत्र में डॉ. भूपेन हजारिका का संग्रहालय स्थापित किया जाएगा, जिस पर 32 करोड़ खर्च होंगे।

## स्वदेशी उन्नत गोवंश से समृद्ध उत्तर प्रदेश बना रही योगी



**टीम एक्शन इंडिया**
**लखनऊ।** योगी आदित्यनाथ सरकार स्वदेशी उन्नत गोवंश से समृद्ध उत्तर प्रदेश का निर्माण कर रही है। दुग्ध विकास विभाग स्वर्णिम दुग्धामृत संवाद समागम का आयोजन कर निवेशकों, लाभार्थियों, पशुपालकों, दुग्ध उत्पादकों व उद्यमियों आदि से संवाद स्थापित कर रहा है। इसी क्रम में 14 मई को आगरा के आरबीएस कॉलेज के राव कृष्णपाल सिंह ऑडिटोरियम में आगरा व अलीगढ़ मंडल के पशुपालकों, दुग्ध उत्पादकों व उद्यमियों से संवाद होगा। यह कॉन्क्लेव यूपी में डेयरी क्षेत्र के भविष्य को नई दिशा देने का अभियान है। समागम का शुभारंभ पशुधन, दुग्ध विकास व राजनैतिक पेंशन मंत्री धर्मपाल सिंह करेंगे। समागम का उद्देश्य दुग्ध विकास विभाग के 50 वर्ष पूरे होने पर ग्रामीण अर्थव्यवस्था और डेयरी क्षेत्र

**संवाद**

**निवेशकों, लाभार्थियों, पशुपालकों, दुग्ध उत्पादकों व उद्यमियों आदि से संवाद स्थापित कर रहा है**

को बढ़ावा देना है।

'स्वदेशी उन्नत गोवंश, समृद्ध निवेश, सुरक्षित भविष्य-खुशहाल उत्तर प्रदेश' थीम पर आधारित इस आयोजन में आगरा- अलीगढ़ मंडल के किसान, पशुपालक, निवेशक आदि एक मंच पर जुटेंगे। समागम में स्वदेशी गायों की उन्नत प्रजातियों, गोपालन से जुड़े क्षेत्रों में निवेश के अवसरों, किसानों-गोपालकों के सुरक्षित भविष्य और इस क्षेत्र में किए जा रहे प्रयासों से उत्तर प्रदेश की अर्थव्यवस्था को मिलने वाले बल पर विस्तार से विचार-विमर्श किया जाएगा।

## सामूहिक विवाह बना सामाजिक बदलाव का उत्सव: मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय

**टीम एक्शन इंडिया**
**रायपुर :** छत्तीसगढ़ में इन दिनों जब भी सामूहिक विवाह समारोहों में शहनाइयां गूंजती हैं, तो वह केवल दो लोगों के वैवाहिक बंधन में बंधने का अवसर नहीं होता, बल्कि समाज में समानता, सम्मान और संवेदनशील शासन व्यवस्था का जीवंत उत्सव बन जाता है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और महिला एवं बाल विकास मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े के नेतृत्व में यह योजना प्रदेश में सामाजिक बदलाव की नई इबारत लिख रही है। हजारों परिवारों के चेहरों पर मुस्कान लाने वाली यह पहल वास्तव में बेटियों के साथ सुशासन का आशीर्वाद बनकर उभरी है। मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में संचालित मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना ने हजारों गरीब परिवारों की चिंताओं को कम करते हुए बेटियों के सपनों को नई पहचान दी है। यह योजना आज प्रदेश में सामाजिक समरसता, महिला सम्मान और जनकल्याण का ऐसा मॉडल बन चुकी है, जिसने यह साबित किया है कि शासन की योजनाएं यदि संवेदनशील सोच के साथ लागू हों, तो वे सीधे लोगों के जीवन में खुशियां ला सकती हैं।

**एक योजना, जिसने बदली हजारों परिवारों की स्थिति***



गरीब और जरूरतमंद परिवारों के लिए बेटियों का विवाह अक्सर आर्थिक चिंता का बड़ा कारण बन जाता है। कई बार परिवार कर्ज लेने को मजबूर होते हैं, तो कई बार सामाजिक दबाव और फिजूलखर्ची उन्हें मानसिक रूप से कमजोर कर देती है। इन्हीं परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए राज्य सरकार ने मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना की शुरूआत की गई। योजना का उद्देश्य केवल आर्थिक सहायता देना नहीं, बल्कि विवाह को गरिमामय, सादगीपूर्ण

**सुशासन**

**परिवारों के चेहरों पर मुस्कान लाने वाली यह पहल वास्तव में बेटियों के साथ सुशासन का आशीर्वाद बनकर उभरी**

और सामाजिक सहयोग का माध्यम बनाना है। यह योजना सामूहिक विवाहों को बढ़ावा देकर दहेज जैसी कुरीतियों पर भी प्रभावी रोक लगाने का काम कर रही है। राज्य शासन ने योजना को और अधिक मानवीय स्वरूप देते हुए विधवा, अनाथ और निराश्रित कन्याओं को भी इसमें शामिल किया है, इससे यह योजना सामाजिक सुरक्षा और संवेदनशीलता की मिसाल बन गई है।

**50 हजार रुपये की सहायता, सम्मान के साथ नई शुरूआत***

मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना के अंतर्गत गरीबी रेखा से नीचे जीवनयापन करने वाले परिवारों तथा मुख्यमंत्री खाद्यान्न सहायता योजना के कार्डधारी परिवारों की 18 वर्ष से अधिक आयु की अधिकतम दो कन्याओं को लाभ प्रदान किया जाता है। प्रत्येक कन्या विवाह हेतु शासन द्वारा अधिकतम 50 हजार रुपये तक सहायता दी जाती है।

## नेशनल हाईवे 30 पर दर्दनाक हादसा, ट्रक की टक्कर से युवक की

**टीम एक्शन इंडिया**
**जबलपुर।** मध्य प्रदेश के जबलपुर जिले के सीहोरा थाना क्षेत्र अंतर्गत नेशनल हाईवे-30 पर ग्राम धनगवां के पास बुधवार हुए सड़क हादसे में बाइक सवार युवक की मौत हो गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घायल युवक को उपचार के लिए सिहोरा के शासकीय सिविल अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने परीक्षण के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार उदय उपाध्याय पुत्र प्रदीप उपाध्याय (32) निवासी ग्राम कोंडिया बुधवार सुबह अपनी बाइक से दवाइयां लेने जबलपुर जा रहा था। जैसे ही वह नेशनल हाईवे-30 स्थित धनगवां के पास पहुंचा, तभी ट्रक ने बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। हादसा इतना भीषण था कि युवक की मौके पर ही मौत हो गई।

घटना के बाद मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। सूचना पर पहुंची सिहोरा पुलिस ने मर्ग कायम कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया है। वहीं दुर्घटनाग्रस्त ट्रक को जब्त कर सिहोरा थाने में खड़ा कराया गया है। पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है।

## कारकेड में वाहनों की संख्या कम करने का निर्णय लिया

**बढ़ावा**

**सरकारी तथा निजी दफ्तरों में वर्क फ्रॉम होम की संस्कृति को बढ़ावा देने की सलाह दी गई है**

**टीम एक्शन इंडिया**
**पटना।** प्रधानमंत्री की अपील पर मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने डीजल, पेट्रोल की बचत के लिए वाहनों के कम से कम उपयोग करने की अपील बुधवार को लोगों से की है। इसे लेकर कई महत्वपूर्ण निर्णय लिये गये हैं। मुख्यमंत्री ने



अपनी कारकेड में वाहनों की संख्या कम अथवा न्यूनतम करने का निर्णय लिया है। साथ ही मंत्री गण, निगम बोर्ड के अध्यक्ष गण एवं सदस्य गण, सभी पदाधिकारी गण एवं जनप्रतिनिधि गण से बिना अतिरिक्त वाहन के सार्वजनिक कार्यक्रमों में आने की अपील की गई है। मुख्यमंत्री ने राज्य की जनता से मेट्रो, बस, ऑटो अथवा अन्य पब्लिक ट्रांसपोर्ट के प्रयोग पर जोर देने का आग्रह किया है। राज्य सरकार के सभी विभागों को सभी प्रकार के कॉन्फ्रेंस अथवा सरकारी बैठकों को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से व्यवस्था सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया है। प्रदेश के सरकारी दफ्तरों में संचालित होने वाले कैंटीन में पाम ऑयल के कम से कम प्रयोग का निर्देश दिया गया है। सरकारी तथा निजी दफ्तरों में वर्क फ्रॉम होम की संस्कृति को बढ़ावा देने की सलाह दी गई है। सप्ताह में एक दिन सभी लोगों से 'नो व्हीकल डे' के आयोजन का आग्रह किया गया है।

## सुशासन तिहार: सुशासन शिविर में दिव्यांगजनों को मिला आत्मनिर्भरता का सहारा

**टीम एक्शन इंडिया**
**रायपुर :** सुशासन तिहार के सकारात्मक परिणाम अब दूरस्थ वनांचलों तक स्पष्ट रूप से दिखाई देने लगे हैं। प्रशासन की सक्रियता और संवेदनशीलता न केवल लोगों की समस्याओं का त्वरित समाधान कर रही है, बल्कि उनके जीवन में आत्मनिर्भरता और सम्मान भी लौटा रही है। विशेषकर दिव्यांगजनों और जरूरतमंद हितग्राहियों के लिए राहत का माध्यम बनते जा रहे हैं। शिविरों में तत्काल आवेदन पर दिव्यांगजनों को ट्रायसाइकिल तथा पात्र हितग्राहियों को पेंशन स्वीकृति मिलने से उनके हौसलों को नई मजबूती मिल रही है। कबीरधाम जिले के बोड़ला



विकासखंड अंतर्गत सुदूर ग्राम झलमला में आयोजित सुशासन शिविर में 05 दिव्यांगजनों को ट्रायसाइकिल एवं 04 हितग्राहियों को नवीन पेंशन स्वीकृति प्रमाण पत्र वितरित किए गए।

ट्रायसाइकिल प्राप्त करने वाले हितग्राहियों में श्रीमती समरीन बाई मरकाम, श्री गणेश मरकाम, श्री फागुराम, श्रीमती रमली बाई एवं श्री अमृत लाल शामिल हैं। वहीं श्रीमती चंद्रकला यादव, प्रभु, कामभो एवं अमर लाल को पेंशन स्वीकृति प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। इन दिव्यांगजनों को पहले आवागमन के लिए बैसाखियों का सहारा लेना पड़ता था। दैनिक आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए

**समाधान**

**सक्रियता और संवेदनशीलता न केवल लोगों की समस्याओं का त्वरित समाधान कर रही है**

वे परिवार पर निर्भर थे, जिससे उनके आत्मसम्मान पर भी प्रभाव पड़ता था। दूरस्थ वनांचल क्षेत्र होने के कारण आवाजाही में भी उन्हें अनेक कठिनाइयों का सामना करना पड़ता था।

सुशासन तिहार शिविर में हितग्राहियों ने ट्रायसाइकिल और पेंशन के लिए आवेदन दिया था। प्रशासन ने इन आवेदनों पर तुरंत कार्रवाई करते हुए जनपद पंचायत और समाज कल्याण विभाग के सहयोग से शिविर स्थल पर ही ट्रायसाइकिल और पेंशन स्वीकृति प्रमाण पत्र वितरित किए।

ट्रायसाइकिल मिलने से अब दिव्यांगजन आसानी से आ-जा सकेंगे और अपने जरूरी काम स्वयं कर पाएंगे। वहीं पेंशन स्वीकृत होने से हितग्राहियों को आर्थिक सहारा मिलेगा, जिससे उनका जीवन अधिक सुरक्षित और सम्मानजनक बनेगा।

हितग्राहियों ने मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के प्रति आभार जताते हुए कहा कि सुशासन तिहार के माध्यम से उनकी लंबे समय से चली आ रही समस्याओं का त्वरित समाधान हुआ है।

## मुख्यमंत्री ने अपने सुरक्षा काफिले में वाहनों की संख्या घटाई, मंत्रियों-अधिकारियों को भी दिए सख्त निर्देश

**टीम एक्शन इंडिया**
**जयपुर।** राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने पेट्रोल-डीजल की बचत, सरकारी खर्चों में कटौती और पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से एक महत्वपूर्ण और प्रतीकात्मक कदम उठाया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा ईंधन बचत और संसाधनों के संयमित उपयोग की अपील के बाद मुख्यमंत्री ने अपने स्वयं के सुरक्षा काफिले (कारकेड) में वाहनों की संख्या में भारी कमी कर दी है। बुधवार सुबह मुख्यमंत्री जब दिल्ली दौरे के लिए सांगानेर एयरपोर्ट रवाना हुए, तब



उनका काफिला सामान्य दिनों की तुलना में काफी छोटा नजर आया। जहां पहले मुख्यमंत्री के साथ एंबुलेंस, फायर ब्रिगेड और सुरक्षा वाहनों सहित लगभग 14 से 16 गाड़ियां चलती थीं, वहीं अब केवल 5 आवश्यक वाहन ही काफिले में शामिल रहे। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने स्पष्ट किया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा संसाधनों की बचत और जिम्मेदार प्रशासन को लेकर जारी दिशा-निर्देशों का पालन प्रदेश सरकार गंभीरता से करेगी। उन्होंने कहा कि केवल आवश्यक वाहनों का ही उपयोग किया जाएगा।